WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 246 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

एक देश एक चुनाव विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया गया। इसी के साथ विपक्ष ने इस विधेयक के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने इस विधेयक को संविधान विरोधी करार दे दिया। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने तो इस विधेयक को अल्पसंख्यकों के खिलाफ बता दिया। यदि इन विपक्षी नेताओं के कुतर्क को मान ले तो सवाल यह उठता है कि आजादी के बाद से 1967 तक देश में एक देश एक चुनाव क्यूं लागू था? क्या दो दशकों तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने वाले लोकतंत्र विरोधी थे?

विकास की गंगा ऐसी बही : स्वास्थ्य मंत्री के क्षेत्र में बीमार पंडो को 5 किमी खाट पर ढोना पड़ा

- मनेंद्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरभोका स्थित आश्रित ग्राम नवाडीह का मामला

के इलाज हेतु खाट में लगभग 5 किमी का सफर तय कर चिरमिरी पहुँचना पड़ा

यशवंत रजवाड़े

एमसीबी /नवप्रदेश। एमसीबी जिला अंतर्गत आने वाले मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री की विकास की गंगा ऐसी की ग्राम पंचायत सरभोका स्थित आश्रित ग्राम नवाडीह निवासी बुधराम पंडो को गंभीर बीमारी के इलाज हेतु खाट में लगभग 5 किमी का सफर तय कर चिरमिरी पहुँचना पड़ा जबकि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जिले के साथ साथ प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है ? ऐसे में ये तस्वीरें विकास को लेकर मुंह चिढ़ाती नजर आ रही वही जिले के जिम्मेदार इस मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आये । जबकि भाजपा जहां क्षेत्र के विकास के

कसीदे गढ़ रहे हैं वहीं कांग्रेस विकास को केवल खोखला बताने के आरोप लगा रही हैं। इन सबके बीच विकास के दावों की पोल खोलता एक वाकया एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरभोका स्थित आश्रित ग्राम नवाडीह का सामने आया है। जहा मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के सरभोका ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नवाडीह में सड़क के अभाव में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले आदिवासी पंडो परिवार की बीमार पंडो को खाट पर लेकर परिजनों को लगभग पांच किमी तक चिरमिरी इलाज हेतु आना पड़ा तब कही जाकर इलाज की सुविधा मिल सकी जब कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो कांग्रेश शासन के पांच वर्ष में नही हुआ अब इन एक वर्ष ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरू घासीदास जयंती की दी बधाई

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्यपाल ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास जी की 18 दिसंबर को जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम साय ने कहा है कि बाबा गुरू घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। बाबा जी ने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। उन्होंने लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। सीएम साय ने कहा कि गुरू घासीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं।

वरिष्ठ आईएएस सुबोध सिंह की होगी वापसी

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ आईएएस और 1997 बैच के अधिकारी सुबोध सिंह की प्रदेश वापसी होगी। वे नए साल में छत्तीसगढ़ लौटेंगे। केंद्रीय लोक कार्मिक विभाग यानी डीओपीटी ने उनकी वापसी के लिए अनापत्ति दे दी है।आईएएस सुबोध सिंह को वापस भेजने राज्य सरकार ने आग्रह पत्र भेजा था। पांच साल पहले सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे, जहां वे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में पदस्थ रहे। वर्तमान में केंद्रीय इस्पात मंत्रालय में पदस्थ हैं। उनके लौटने से राज्य प्रशासन को प्रमुख सचिव स्तर का एक और अधिकारी मिल जाएगा। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से रिचा शर्मा, सोनमणि बोरा, रोहित यादव, अमित कटारिया आदि लौट आए हैं। इनमें से कटारिया को जिम्मेदारी देने पर मंथन चल रहा है।

यह तानाशाही की शुरुआतः आंबेडकर

मुंबई (ए.)। देश भर में एक देश एक चुनाव के मुद्दे को लेकर सियासी गर्माहट सातवें आसमान पर है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी तकरार भी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रही है। इसी बीच बुधवार को प्रस्तावित एक देश एक चुनाव के बारे में वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने चिंता जताते हुए इसे तानाशाह की शुरुआत करार दिया। उन्होंने कहा कि यदि यह विधेयक पास हो गया, तो यह भारत में राजनीतिक दलों के खत्म होने की शुरुआत हो सकती है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए आंबेडकर ने कहा कि अगर यह विधेयक पारित होता है, तो इस देश का भविष्य खतरे में होगा। राजनीतिक दलों का अंत शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही विपक्ष के इस आरोप पर कि यह विधेयक संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचाएगा, आंबेडकर ने कहा संघीय ढांचा पहले ही खत्म हो चुका है। जीएसटी के कारण राज्य अब केंद्र पर आर्थिक रूप से निर्भर हैं और उनकी अर्थव्यवस्थाएं खत्म हो गई हैं।

तोपाभ्यास के दौरान विस्फोट, दो शहीद

बीकानेर (ए.)। बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया है। यहां बम फटने से दो सैनिक शहीद हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल सैनिक को हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ के हॉस्पिटल भेजा गया है। लूणकरणसर सीओ नरेंद्र पूनिया ने बताया कि तोप में गोला, लोड करते वक्त फट गया। इससे एक हवलदार और एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतक सैनिकों में से एक दौसा (राजस्थान) और दूसरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। एक कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ भेजा गया है।

लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

अमित शाह पर अम्बेडकर का अपमान करने का आरोप, जमकर हंगामा

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने गृह मंत्री अमित शाह पर डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को जमकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।पीठासीन अधिकारी पी सी मोहन ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आकर नारे लगाने लगे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए और सदस्यों से हंगामा नहीं करने तथा अपनी सीटों पर जाने का आग्रह किया, लेकिन सदस्यों ने उनकी एक नहीं सुनी और हंगामा करते रहे।

राज्यसभा में तीखी नोक झोक तथा आरोप प्रत्यारोप

नयी दिल्ली (वार्ता)। डा भीमराव अंबेडकर की विरासत को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के सदस्यों के बीच बुधवार को राज्यसभा में तीखी नोक झोक तथा आरोप प्रत्यारोप लगाये गये जिसके कारण हुए हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले सुबह भी इसी मुद्दे पर हंगामे के कारण कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी थी। कार्यवाही बाधित ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

अमित के खिलाफ विपक्ष का संसद भवन में प्रदर्शन

इंडिया समूह के नेताओं ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि शाह ने राज्यसभा में मंगलवार को संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबा साहब का अपमान किया और विपक्षी दल इस अपमान को स्वीकार नहीं करेंगे। विपक्षी नेताओं ने कहा कि इसके लिए शाह माफी मांगे। विपक्षी दलों के इस विरोध-प्रदर्शन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

गृह मंत्री के वक्तव्य को लेकर हंगामा

इससे पहले सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री के वक्तव्य को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ओम बिड़ला ने प्रश्नकाल शुरू किया तो विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रश्नकाल चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है। जब बाबा साहब जिंदा थे, तब उनका तिरस्कार किया और अपने कार्यालय में उनकी तस्वीर लगाने से मना कर दिया था। बाबा साहब का अपमान करने वाले लोग आज उनके सम्मान की बात कर रहे हैं।

जहां गड़बड़ी मिल रही है, वहां कठोर कार्रवाई की जा रही

रायपुर /नवप्रदेश। विपक्ष लगातार सरकार को धान खरीदी के मुद्दे पर घेरने की कोशिश कर रही हैं। इस पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुद्दाविहीन हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। राइस मिलर्स लगातार धान उठा रहे हैं. 55 लाख मिट्रिक टन से अधिक धान खरीदी हो चुकी है. तेज गति से धान का उठाव हो रहा है. कांग्रेस की आदत रही है, जब अच्छा काम होता है तो उनके पेट में दर्द शुरु हो जाता है। सख्त कार्रवाई जारी वहीं प्रदेश में नल जल योजना में गड़बड़ी मामले को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस का हल्ला बोल रैली निकालकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

राजधानी रायपुर में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ हल्ला बोल प्रदर्शन किया है। पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में अंबेडकर चौक से राजभवन तक कांग्रेस ने प्रदर्शन रैली निकाली।

मणिपुर में अशांति, कारोबारी गौतम अडानी पर अमेरिका मे एफआईआर, आदिवासी बच्चों को गोली लगने के मामलों को लेकर ये प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात कर कांग्रेसी ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आदिवासी बच्चों को गोली लगने के मामले में हम लोग शुरू से कहते थे बस्तर में ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

डिप्टी कलेक्टर की कार ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मौत

बालोद/नवप्रदेश । बालोद जिले में आज हुए एक भीषण सड़क हादसे में डिप्टी कलेक्टर की कार ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।जिस कार से यह घटना हुई है, वह कार बीजापुर में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके का है। मिली जानकारी के मुताबिक बालोद जिले के डौन्डी थाना क्षेत्र के ग्राम अवारी निवासी डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके का ड्राइवर उनके माता पिता का इलाज करा कर राजनांदगांव से वापस घर लौट रहा था। तभी अवारी नाला के पास विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार को कार ने जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे इस सड़क हादसे में भानुप्रतापपुर के ग्राम बोगर निवासी युवक अलख राम उम्र 30 की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची डौन्डी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्डम के लिए शव भेज दिया है। ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

अनवर ढेबर के करीबी मेमन के घर ईडी की दबिश...

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ के गरियाबंद और मैनपुर इलाके में बड़े छापे की है। यह कार्रवाई शराब सिंडिकेट और आर्थिक लेन-देन में गड़बड़ियों के आरोपों के तहत की गई है। छापे की खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

मैनपुर में कारोबारी इकबाल मेमन के घर छापा : मैनपुर में सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने कारोबारी इकबाल मेमन के घर छापा मारा। बताया जा रहा है कि इकबाल मेमन रायपुर के शराब सिंडिकेट मामले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर का करीबी रिश्तेदार है। टीम 10 से अधिक वाहनों के साथ पहुंची थी और घंटों से पूछताछ जारी है। जाड़ापदर के ग्रामीणों की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। ग्रामीणों ने इकबाल मेमन पर शराब सिंडिकेट के पैसे से संपत्ति खरीदने का आरोप लगाया था। जांच में सामने आया है कि पिछले ▫ शेष पृष्ठ 6 पर

गरियाबंद में चावल कारोबारी के घर दबिश

वहीं ईडी की एक अन्य टीम ने गरियाबंद के सुभाष चौक स्थित चावल कारोबारी हसन रजा मेमन के घर दबिश दी। हसन रजा पर चावल व्यापार के नाम पर वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी का आरोप है। जांच में यह भी सामने आया है कि हसन रजा, रायपुर के बड़े चावल कारोबारी रफीक मेमन के संपर्क में है। रफीक मेमन के रायपुर स्थित आवास पर भी आज ईडी की कार्रवाई हुई है। गरियाबंद में ईडी की टीम बाइक पर सवार होकर पहुंची और घंटों से पूछताछ कर रही है।

कश्मीर से कंधमाल तक भीषण ठंड, बर्फीली हवाओं से हरियाणा, राजस्थान समेत मैदानी इलाकों का पारा गिरा

नई दिल्ली। गुजरते दिसंबर के साथ ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पहाड़ से लेकर उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत के मैदानी इलाकों में पारा लगातार गिर रहा है और शीतलहर से लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। हिमाचल प्रदेश में शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

कश्मीर में शीतलहर की स्थिति गंभीर हो गई है। सोमवार की रात श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 5.3 डिग्री दर्ज किया गया है। श्रीनगर के साथ ही कश्मीर घाटी के कई शहरों में जल आपूर्ति योजनाएं और जल स्रोत जम गए हैं, लेकिन गुलमर्ग में तापमान गिरने और बर्फ की चादर बिछने से

कश्मीर में शीतलहर की स्थिति गंभीर

सैलानियों के चेहरे खिल गए हैं। लोग जमकर स्कीइंग का लुत्फ उठा रहे हैं। हिमाचल के 12 जिलों में से चार जिलों में निचले पहाड़ी इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में अगले दो दिनों तक भीषण शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की गई है। लाहौल-स्पीति जिले के ताबो में सोमवार की रात माइनस 6.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया। शिमला और कुफ्री में भी 10 डिग्री से कम तापमान बना हुआ है।

राजस्थान के कई क्षेत्रों में गलन बढ़ी

राजस्थान के कई क्षेत्रों में रात का पारा कई डिग्री नीचे तक गिर जा रहा है। सोमवार की रात करौली में सबसे कम 1.3 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। फ्तेहपुर, सांगरिया, सीकर, चूरू, अलवर, गंगानगर और पिलानी भी पांच डिग्री से नीचे ही पारा रहा।

ओडिशा के 13 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे

ओडिशा के 13 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम दर्ज किया गया है। न्यूनतम 4.7 डिग्री तापमान के साथ कंधमाल जिले का उदयगिरी सबसे ठंडा रहा।

झारखंड में पारा 2.5 डिग्री तक पहुंचा

झारखंड में न्यूनतम पारा 2.5 डिग्री पहुंच गया है। रांची समेत 8 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग ने बुधवार से पारे में 3-5 डिग्री तक की वृद्धि का अनुमान जताया है।

कश्मीर में रिकॉर्ड 2.20 करोड़ पर्यटक पहुंचे

कश्मीर देश-विदेश के पर्यटकों को खूब भा रहा है। जम्मू में भी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। हर तिथि के साथ यहां अतिथि बढ़े हैं। इस वर्ष रिकॉर्ड 2.20 करोड़ लोगों ने जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। नए जम्मू-कश्मीर के इस कीर्तिमान में बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षा, शांति बहाली और पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास कारागार साबित हुए। 370 हटने के बाद एक वर्ष तक पर्यटकों की संख्या थम सी गई थी। 2020 में प्रदेश में 1,650 विदेशी समेत 34 लाख पर्यटक पहुंचे। चार वर्ष पहले विदेशी पर्यटकों की संख्या दो हजार से भी नीचे थी, जो अब 64 हजार पार हो गई है। पर्यटन विभाग की आयुक्त सचिव यशा मुदग्ल ने कहा, विभाग ने पर्यटकों को बेहतर माहौल दिया है।जिससे उनकी कश्मीर की तरफरुचि बढ़ी है।

हवाई और सड़क संपर्क में सुधार

नई सड़कों के निर्माण, श्रीनगर-लेह राजमार्ग सहित मौजूदा राजमार्गों में सुधार से पर्यटकों के लिए यात्रा आसान हो गई है। श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की क्षमता का विस्तार हुआ है। इससे अधिक उड़ानें संभव हो पाई हैं। दिल्ली, मुंबई और बंग्लुरु जैसे प्रमुख शहरों से सीधी उड़ानों ने यात्रा को सुविधाजनक बना दिया है।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल के खिलाफ प्रदर्शन मामले में चार एसएफआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरल में सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी केरल विश्वविद्यालय सीनेट परिसर में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में की गई। कैंटोनमेंट पुलिस ने बताया कि उन्हें मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसएफआई के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। उनमें से चार की गिरफ्तारी की गई और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। मामला गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, बिना अनुमति के मार्च निकालने आदि के लिए दर्ज किया गया है।

चार साल बाद उमर खालिद को मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सात दिन की अंतरिम जमानत दी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद को 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दो शर्तों पर अंतरिम जमानत दी है। पहली है कि उमर खालिद सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से ही मिल सकेगा। वहीं दूसरी तरफ वह अपने घर या उन जगहों पर रहेगा जहां शादी हो रही है। बता दें कि साल 2022 के अक्तूबर महीने में उमर खालिद को जमानत देने से कोर्ट ने मना कर दिया था।

एक पार्टी ने डॉ. आंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी-एसटी समुदायों को अपमानित करने गंदी चाल चली

'संसद में कांग्रेस का काला इतिहास उजागर, इसलिए नाटकबाजी में जुटे', शाह को मिला पीएम का साथ

नई दिल्ली। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर विपक्ष के हमलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार किया है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमले करते हुए कहा कि कांग्रेस आंबेडकर का अपमान छिपा नहीं सकती। बाबासाहेब के लिए हमारा सम्मान सर्वोपरि है।

उन्होंने 'एक्स' एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा, 'अगर कांग्रेस और उसका बेकार हो चुका तंत्र यह सोचता है कि उनके दुर्भावनापूर्ण झूठ उनके कई सालों के कुकर्मों खासकर डॉ. आंबेडकर के प्रति उनके अपमान को छिपा सकते हैं, तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ. आंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी-एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है।'पीएम मोदी ने आगे लिखा, 'डॉ. आंबेडकर के प्रति कांग्रेस के पापों की सूची में शामिल हैं- उन्हें एक बार नहीं, बल्कि दो बार चुनावों में हराना। पंडित नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाया। उन्हें भारत रत्न देने से इनकार करना। संसद के सेंट्रल हॉल में उनकी तस्वीर को गौरवपूर्ण स्थान न देना।' पीएम मोदी ने लिखा, 'संसद में गृह मंत्री ने डॉ. आंबेडकर का अपमान करने और एससी-एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। कांग्रेस इससे स्पष्ट रूप से आहत और स्तब्ध हैं। यही कारण है कि वे अब नाटकबाजी कर रहे हैं। दुख की बात है। लोग सच्चाई जानते हैं।'

'एससी और एसटी के लिए कांग्रेस ने कुछ नहीं किया'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे जितनी कोशिश कर ले, वे इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि एससी-एसटी समुदायों के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उनके शासन में ही हुए हैं। वे सालों तक सत्ता में रहे, लेकिन एससी और एसटी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ भी ठोस नहीं किया।

सरकार के काम गिनाए

उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की वजह से ही हम आज जो हैं, वह हैं। हमारी सरकार ने पिछले एक दशक में बाबासाहेब के सपने को पूरा करने के लिए अथक प्रयास किया है। कोई भी क्षेत्र लें- चाहे वह 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकालना हो, एससी-एसटी अधिनियम को मजबूत करना हो, हमारी सरकार के प्रमुख कार्यक्रम जैसे स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और बहुत कुछ... इनमें से प्रत्येक ने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के जीवन को छुआ है।

'जब डॉ. अंबेडकर की बात आती है, तो हमारा सम्मान और श्रद्धा सर्वोपरि'

पीएम मोदी ने कहा, 'हमने दिल्ली में 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया है, जहां डॉ. आंबेडकर ने अपने अंतिम वर्ष बिताए थे। लंदन में जिस घर में वे रहते थे, उसे भी सरकार ने अधिग्रहित कर लिया है। जब डॉ. अंबेडकर की बात आती है, तो हमारा सम्मान और श्रद्धा सर्वोपरि है।'

अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी

इसरो ने HLVM3 को अंतिम रूप देना शुरू किया

बंगलूरू । भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल इसरो ने अपने महत्वकांक्षी गगनयान मिशन की लॉन्चिंग की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में एचएलवीएम3 की असेंबली शुरू कर दी गई है। गगनयान मिशन को साल 2025 में लॉन्च किया जाना है। यह तैयारियां ऐसे समय हो रही हैं, जब इसरो के एलवीएम3-एक्स मिशन को 10 साल पूरे हो गए हैं। साल 2014 में एलवीएम-एक्स मिशन को लॉन्च किया गया था और अब ये एचएलवीएम-3, उसी एलवीएम-एक्स का उन्नत रूप है।

एलवीएम मिशन के जरिए इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने का परीक्षण किया गया, जिसमें मिशन की सफ्लतापूर्वक लॉन्चिंग और क्रू मॉड्यूल की रिकवरी शामिल थी। एलवीएम के जरिए 3,775 किलोग्राम क्रू मॉड्यूल को अंतरिक्ष में 126 किलोमीटर ऊंचाई पर ले जाया गया। 2014 का मिशन बंगाल की खाड़ी में सफ्लतापूर्वक उतरा था। गगनयान मिशन में तीन अंतरिक्षयात्रियों को तीन दिन के मिशन के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और फ्रि उन्हें भारतीय समुद्री जल में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचीं

साल 2019 में गगनयान मिशन को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिली। अब एचएलवीएम3 को इंसानों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें अंतरिक्षयात्रियों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। यह 53 मीटर लंबा तीन चरणीय यान है, जिसका कुल वजन 640 टन है और यह 10 टन के वजन को पृथ्वी की निचली कक्षा में ले जाने में सक्षम है। साथ ही इसमें क्रू एस्केप सिस्टम भी इंटीग्रेट किया गया है, जिसकी मदद से अंतरिक्षयात्री स्पेस में यान से बाहर निकल सकेंगे।

बीजेपी की जातिवादी, दलित विरोधी मानसिकता उजागर, शाह पर ममता और उद्धव का करारा हमला

नई दिल्ली। संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से संविधान के गौरवशाली 75 वर्ष पर चर्चा के दौरान आंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के बाद तमाम विपक्षी दल भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। इसमें नया नाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जुड़ा है। जिन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तरफ से राज्यसभा में बीआर आंबेडकर के बारे में की गई टिप्पणी भाजपा की 'जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता' को दर्शाती है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने उनकी टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए दावा किया कि यह उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए अंबेडकर की ओर देखते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा- 'मुखौटा उतर गया है! जब संसद संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों पर विचार कर रही है, गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करके कलंकित करने का विकल्प चुना,

वह भी लोकतंत्र के मंदिर में।'

संसद में अमित शाह से बिना शर्त माफी मांगे- टीएमसी

वहीं टीएमसी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'ऐसे समय में जब संसद भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रही है, गृह मंत्री अमित शाह ने अपने राज्यसभा भाषण में बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान करने की हिम्मत दिखाई।' इसमें आरोप लगाया गया, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह जुबान की फ्सिलन नहीं थी; यह दलित समुदाय के प्रति भाजपा की गहरी अवमानना में निहित एक जानबूझकर किया गया, घिनौना हमला था। यह उस पार्टी का असली चेहरा है जो जाति वर्चस्व, सामाजिक विभाजन और घृणा पर पनपती है।' टीएमसी ने संसद में अमित शाह से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

आंबेडकर पर शाह की टिप्पणी भाजपा के अहंकार को दर्शाती है- उद्धव

इधर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पर टिप्पणी भाजपा के 'अहंकार' को दर्शाती है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. आंबेडकर सहित महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा और आरएसएस के समर्थन के बिना शाह डॉ. आंबेडकर के बारे में टिप्पणी करने की हिम्मत नहीं कर सकते थे।

मणिपुर को दहलाने की साजिश नाकाम

इंफाल। भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त अभियान में उग्रवादियों द्वारा मणिपुर को दहलाने की साजिश को नाकाम कर दिया है। एक संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में आईईडी बरामद की है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक विशेष खुफ्यिा जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने मणिपुर के इंफ्ल पूर्व जिले के मापीथेल रिज क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। 21.5 किलोग्राम वजनी पांच आईईडी बरामद किए। इस अभियान में विस्फ्रेटक पहचानने वाले कुत्ते 'एवा' और सेना की बम निष्क्रियकरण दस्ते ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत को जीवित रहना चाहिए, बढ़ना चाहिए: मोहन भागवत

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को भारत की जीवनशैली को दुनिया के सामने पेश करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की यह प्रमुख जिम्मेदारी है कि वह अपनी शानदार जीवनशैली को दुनिया के सामने पेश करे, ताकि अन्य लोग भी सुख और समृद्धि प्राप्त कर सकें।

बता दें कि पुणे के पास पिंपरी चिंचवाड़ के औद्योगिक क्षेत्र में मोरया गोसावी संजीवन समाधि समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने भारतीय लोकाचार पर भी बात की। जहां उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का सार सबकी भलाई में निहित है।

भारत को जीवित रहना चाहिए- भागवत

भागवत ने आगे कहा कि भारत को जीवित

रहना चाहिए, बढ़ना चाहिए और दुनिया को अपनी जीवनशैली दिखानी चाहिए ताकि अन्य लोग भी इसे अपनाकर सुख और समृद्धि पा सकें।

भारतीय संस्कृति की परंपरा का जिक्र

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि विश्व व्यवस्था को संतुलित और धैर्यपूर्ण बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। भारतीय संस्कृति में हमेशा प्रकृति से जुड़ने की परंपरा रही है, जिसे आज के समय में वापस देना कहा जा सकता है। हमारे धर्म का आधार इस सिद्धांत पर है। भागवत ने यह भी बताया कि हमारे पूर्वजों ने संतुलन और शांति का पालन करते हुए सभी के लिए समृद्धि और प्रगति की दिशा में कार्य किया।

भगवान गणेश का दिया उदाहरण

इसके साथ ही भागवत ने भगवान गणेश का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान गणेश समावेशिता और संतुलन के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उनके बड़े पेट को सहिष्णुता और उनके बड़े कानों को सभी की बात सुनने की क्षमता का प्रतीक बताया। साथ ही उनकी लंबी सूंड हर परिस्थिति को समझने और उस पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता का प्रतीक है।

उत्तर कोरिया में फिर से खुला भारतीय दूतावास

प्योंगयांग। भारत की सरकार का फोकस एक्ट ईस्ट नीति है और इस नीति के तहत भारत की सरकार चुपचाप दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। इस नीति के साथ ही कोरियाई प्रायद्वीप में भी भारत की नजर है। दक्षिण कोरिया के साथ भारत के संबंध अच्छे रहे हैं, लेकिन उत्तर कोरिया के साथ भारत के संबंध थोड़े ढके-छिपे ही रहे हैं। बीते कई वर्षों से उत्तर कोरिया में भारत का दूतावास भी बंद पड़ा था, लेकिन अब ऐसा लगता है कि भारत की

कूटनीति में बड़ा बदलाव आया है और भारत ने प्योंगयांग के साथ अपने रिश्तों को मजबूती देने की कोशिश शुरू कर दी है।

जुलाई 2021 में भारत ने उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में अपना दूतावास बंद कर दिया था और अपने राजदूत समेत पूरे स्टाफ को वापस दिल्ली बुला लिया था। इसकी वजह भारत ने कोरोना महामारी को बताया था। हालांकि कोरोना महामारी के बाद भी प्योंगयांग में भारत ने अपना राजदूत नहीं भेजा। अब अचानक इस महीने की शुरुआत में भारत ने उत्तर कोरिया में अपने दूतावास का कामकाज फ्रि से शुरू करने का फैसला किया है। फ्लिहाल एक तकनीकी और राजनयिक कर्मचारियों की एक टीम को उत्तर कोरिया भेजा गया है। भारतीय दूतावास करीब साढ़े तीन साल से बंद है। उत्तर कोरिया की सरकार जासूसी के लिए बदनाम भी है, ऐसे में पहले तकनीकी टीम दूतावास की जांच कर रही है। हालांकि अभी किसी राजदूत की नियुक्ति में थोड़ा समय लग सकता है। उत्तर कोरिया का प्रभाव हाल के वर्षों में काफी बढ़ा है। इसकी वजह है उत्तर कोरिया का परमाणु शक्ति संपन्न होना और साथ ही उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइलों और लंबी दूरी की मिसाइलों का सफ्ल परीक्षण किया है। ऐसे में सामरिक तौर पर उत्तर कोरिया की अहमियत चार वर्ष पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है।

यूपी की राजनीति... विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास कानून व्यवस्था व किसानों के मुद्दे उठाए

यूपी विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसी गिरफ्तार, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हुए बेहोश

लखनऊ। यूपी विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ कूच की तैयारी में लगे कांग्रेस नेताओं को बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ही रोक लिया गया और वरिष्ठ नेताओं को नजर बंद कर दिया गया। वहीं, लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और ईको गार्डेन में जाकर छोड़ दिया। वहीं, जिन नेताओं ने भी विधान भवन पहुंचने का प्रयास किया पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। घेराव करने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। धक्कामुक्की के दौरान वो कुछ देर के लिए बेहोश हो गए।

कांग्रेस विधायक व यूपी विधानसभा में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया और प्रदेश की कानून व्यवस्था व किसानों के मुद्दे उठाए। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने विधानसभा में कार्रवाई के दौरान भी सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं को जिलों से प्रदर्शन के

लिए लखनऊ नहीं आने दिया जा रहा है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि किसी भी अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन काम कर रहा है।

इसके पहले बुधवार सुबह जैसे ही कांग्रेसी नेताओं का लखनऊ पहुंचना शुरू हुआ। उन्हें रोकने के लिए जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और जगह-जगह बैरीकेडिंग कर दी गई। लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों की तैनाती कर दी गई। कांग्रेस कार्यालय के बाहर मौजूद नेताओं की गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी गई। इसके पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए नुकीली बैरीकेडिंग की गई है। ये 'भाले' हमारे कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट पहुंचाएंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है। ये सरकार हमारे कार्यकर्ताओं को मारना चाहती है। गाजीपुर बॉर्डर पर हमारे कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है लेकिन हम इस सबके बाद भी विधानसभा में प्रवेश करेंगे। इस बीच पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, निवर्तमान प्रदेश महासचिव संगठन अनिल यादव, दिनेश सिंह सहित दो दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेताओं को नोटिस भेजा है। इन नेताओं के घर पर शाम से ही पुलिस का पहरा लगा दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी को देखते हुए विधान सभा घेराव का कार्यक्रम तय किया गया है। विभिन्न जिलों से हजारों कार्यकर्ता लखनऊ पहुंच चुके हैं। वे पुलिस प्रशासन के इस दमनकारी रवैया से पीछे नहीं हटेंगे।

विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की गिरफ्तारी शुरू, भारी पुलिस बल तैनात

पुलिस की ओर से भेजे नोटिस में कहा गया है कि विधानसभा का तृतीय सत्र चल रहा है। इसमें घेराव से कानून व्यवस्था व विशिष्ट लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये गम्भीर खतरा पैदा हो सकता है। इसलिए निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता प्रभावी है। ऐसे में कोई घेराव, धरना व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जाता है तो आपके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नोटिस के साथ ही कांग्रेस नेताओं और प्रदेश मुख्यालय पर बैरिकेडिंग कर दी गई है।

मकान मालिक-किराएदार विवाद पर हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

एसडीएम का बेदखली आदेश खारिज, मामला दोबारा न्यायाधिकरण में पेश करने की

बिलासपुर/नवप्रदेश। मकान मालिक व किराएदार के बीच किराया विवाद को लेकर ट्रिब्यूनल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने कहा है कि प्रक्रियागत दोष और अनियमितताएं, जिनका समाधान संभव है, को मूल अधिकारों को पराजित करने या अन्याय का कारण बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। डिवीजन बेंच ने ट्रिब्यूनल को निर्देशित किया है कि मामला वापस प्राधिकरण को भेजे।

याचिकाकर्ता व प्रमुख पक्षकार को प्राधिकरण के समक्ष नए से सिरे से अभ्यावेदन पेश करने का निर्देश दिया है। अभ्यावेदन पर गुणदोष के आधार पर प्राधिकरण फैसला सुनाएगा।

हाईकोर्ट ने दिशा निर्देशों के साथ डिवीजन बेंच ने याचिका का निपटारा कर दिया। भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत मकान मालिक कृष्ण कुमार कहार व अन्य ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से छत्तीसगढ़ किराया नियंत्रण न्यायाधिकरण, रायपुर द्वारा पारित आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। याचिका में कहा है कि न्यायाधिकरण ने किरायेदार दशोदा बाई धीवर की अपील को स्वीकार कर लिया है और किराया नियंत्रण प्राधिकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा पारित 12-12-2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। जिसके द्वारा प्राधिकरण ने प्रतिवादी को बेदखल करने के संबंध में आदेश पारित किया है और याचिकाकर्ताओं को किराए के बकाया के रूप में 28,000/- रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ किराया नियंत्रण अधिनियम, 2011 (इसके बाद से अधिनियम, 2011) के तहत प्राधिकरण/एसडीएम राजस्व चांपा के समक्ष प्रतिवादियों को बेदखल करने के लिए एक आवेदन पेश किया था। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह तर्क दिया गया कि विवादित भूमि खसरा नंबर 1507/29 क्षेत्रफल 0.10 जिसमें एक घर है, याचिकाकर्ताओं कृष्ण कुमार कहार व शोभना कुमारी ने राम प्रसाद विश्राम से खरीदा था।

एसडीएम के आदेश को न्यायाधिकरण ने किया खारिज

मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधिकरण ने एसडीएम के आदेश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एसडीएम द्वारा अधिनियम, 2011 के तहत उल्लिखित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन में कार्यवाही की गई। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि अधिनियम, 2011 की धारा 10 में किराया नियंत्रक और किराया नियंत्रण न्यायाधिकरण द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताया गया है। उपर्युक्त प्रावधान के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों का निर्वहन करने के उद्देश्य से किराया नियंत्रक और किराया नियंत्रण न्यायाधिकरण के पास वही शक्तियां हैं जो किसी मुकदमे या अपील की सुनवाई करते समय सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत सिविल न्यायालय में निहित हैं। रिकॉर्ड से यह भी स्पष्ट है कि प्राधिकरण ने अधिनियम, 2011 की धारा 10 के तहत उल्लिखित प्रक्रिया का पालन नहीं किया है और इसलिए न्यायाधिकरण ने सही ढंग से माना है कि प्राधिकरण प्रदान की गई प्रक्रिया का पालन करने में विफल रहा है।

डिवीजन बेंच की महत्वपूर्ण टिप्पणी

यह सामान्य कानून है कि प्रक्रियागत दोष अनियमितता के दायरे में आ सकता है और उसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन इसे उचित अवसर दिए बिना याचिकाकर्ता को प्राप्त मूल अधिकार को नष्ट करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। डिवीजन बेंच ने कहा है कि मामले के उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान मामले के तथ्यों पर कानून के सुस्थापित सिद्धांतों को लागू करते हुए, रिट याचिका का निपटारा इस निर्देश के साथ किया जाता है कि याचिकाकर्ता किराया नियंत्रण प्राधिकरण के समक्ष अधिनियम, 2011 के अंतर्गत एक नया आवेदन दायर करेगा तथा उस पर कानून के अनुसार तथा उसके गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा तथा निर्णय लिया जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है और किराया नियंत्रण प्राधिकरण इस आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी को मामले के गुण-दोष पर राय के रूप में न मानते हुए, उस पर निर्णय लेगा।

■ न्यूज गैलरी

युवती से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। किराना दुकान में सामान लेने के बहाने युवती से बातचीत की फिर मौके का फायदा उठाकर युवती के साथ बलात्कार की। शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बिलासपुर पुलिस महिला एवं बच्चों संबंधी अपराधों में आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी की आज से 10 दिन पूर्व निहाल मेरे गांव के रिश्तेदार के यहां आया था और उसी दिन मेरे दुकान में सिगरेट लेने आया था और मुझसे मेरा नंबर मांगा तो मैं नहीं दी निहाल मेरी दुकान के सामने लिखे घर के मोबाइल नंबर को ले लिया और मुझे फोन करने लगा इसी दौरान निहाल दो दिन गांव में रह कर चला गया फिर 03 दिन बाद 10 दिसंबर को दोपहर धरमलाल उर्फ निहाल सूर्यवंशी और देवराज वर्मा मेरे घर आए और दुकान से सिगरेट खरीदे और दुकान के बाहर सिगरेट पीने लगे मैं दुकान को बंद कर पानी लेने अपने घर गई उसी वक्त मेरे घर में कोई नहीं था, धरमलाल उर्फ निहाल सूर्यवंशी एवं देवराज वर्मा दोनों पीछा करते हुए मेरे घर आ गए और मुझे डरा धमका कर जबरदस्ती दोनों ने बलात्कार किया।

सीबीआई अफसर बन बोला- तुम्हारे अकाउंट से हुआ है एक करोड़ का लेनदेन

साइबर ठगों ने युवक को डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े तीन हजार ठगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में साइबर ठगों ने एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर तीन हजार 500 रुपए की ठगी कर ली। इससे पहले ठग ने उसे सीबीआई अफसर बनकर कॉल किया और बताया कि उसके अकाउंट की जांच में एक करोड़ के लेनदेन की जानकारी मिली है। इस दौरान ठगों ने उसे उसके कमरे में कैद रहने की हिदायत भी दी। हालांकि, युवक ने जब अपने परिचितों को कॉल किया, तब उसे ठगी का पता चल गया। युवक ने मामले की शिकायत केंद्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर की है। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। सुयश दुबे व्यापारी है। बीते सोमवार की सुबह वो किसी काम से बाजार गया था। तभी उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वालों ने बताया कि वो सीबीआई का अफसर है और उसके नाम पर दो बैंक एकाउंट है। जिसके माध्यम से करोड़ों रुपए का लेनदेन किया गया है। इसके अलावा अवैध गतिविधियों में भी बैंक एकाउंट का इस्तेमाल किया गया है। सीबीआई इसकी जांच कर रही है। इस दौरान कथित सीबीआई अफसर ने उसे गिरफ्तारी का डर दिखाया। जालसाजों ने सुयश को धमकाते हुए इस बात को गोपनीय रखने की हिदायत दी। जिसके बाद उससे बैंक डिटेल मांगा। इस दौरान ठगों ने उससे पैसे ट्रांसफर करने के लिए बोला। पैसे नहीं देने पर टीम भेजकर उसे गिरफ्तार करने की धमकी दी गई। ठग की बातों को सुनकर वो डर गया। उसने अपने अकाउंड से तीन हजार 500 रुपए ट्रांसफर किया। कथित सीबीआई अफसर के कहने पर उसने अपने यूपीआइ का स्क्रीनशाट भेज दिया। जिसके बाद वो सीधे अपने घर पहुंचा। तब ठग ने उसे डिजिटल अरेस्ट करने की बात कहते हुए अलग एक कमरे में रहने की चेतावनी दी।

समय रहते पता चल गया नहीं तो अकाउंट हो जाता खाली

दरअसल, सुयश ने अपने पिता के कहने पर परिचितों को इसकी जानकारी दी, जिससे उसे ठगी का पता चल गया। इससे पहले डर में वह ठग की बातों को मान रहा था। इसी का फायदा उठाते हुए ठग गिरोह के सदस्यों ने उससे पैसे मांगे। जिस पर उसने तत्काल अपने बैंक खाते से उनके बताए खाते में रुपए ट्रांसफर कर दिया। हालांकि, कुछ ही देर बाद उसे साइबर ठगी की जानकारी मिल गई। जिसके बाद उसने ना सिर्फ काल का जवाब देना बंद कर दिया। बल्कि उनकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर भी की। इसके चलते उसके पैसे बच गए। समय रहते उसे साइबर ठगों का पता चल गया, नहीं तो उसका बैंक अकाउंट खाली हो जाता।

दो सटोरिए को पुलिस ने पकड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले मे ''ऑपरेशन प्रहार'' अभियान के तहत् सटोरियो को पकड़ने के आदेश परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनुज कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) अक्षय प्रमोद सबद्रा भापुसे के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी तोरवा निरीक्षक राहुल तिवारी एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम गठित कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी क्रम मे मजबूत मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर अनिल गंगवानी पिता इंद्रजीत गंगवानी उम्र 37 साल पता संतोषी मंदिर शंभू पान ठेला के पास थाना तोरवा बिलासपुर छत्तीसगढ़ को सट्टा खिलाते पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर आरोपी दिनेश टेकवानी के लिए सट्टा लिखकर 20000 रुपए प्रति माह में काम करने की बात स्वीकार किया जिसके आधार पर दिनेश टेकवानी पिता लक्ष्मणदास टेकवानी उम्र 59 साल पता पत्रकार कॉलोनी रिंगरोड 02 थाना सिविल लाइन बिलासपुर को घेराबंदी कर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की मदद से पकड़ा गया । आरोपी अनिल गंगवानी के कब्जे से एक लैपटॉप ,5 मोबाइल , नगदी रकम 8400 रुपए , सट्टा लिखने का नोटबुक , सट्टा पट्टी 05 नग तथा दिनेश टेकवानी के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल जप्त किया गया है।

रबी फसलों का बीमा 31 तक, किसान लाभ उठाएं

■ **कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा ''फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ'' के माध्यम से किसानों के बीच अधिक से अधिक फसल बीमा को लेकर जागरूकता लाने तथा अऋणी किसानों को फसल बीमा आवरण में शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में कलेक्टर ने समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों तथा आत्मा योजनांतर्गत कार्यरत मैदानी अमलों एवं कृषक मित्रों को लक्ष्य प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया। जिसके परिपालन में उप संचालक कृषि बिलासपुर द्वारा यह बतलाया गया कि उक्तानुसार प्रत्येक मैदानी अधिकारियों/कर्मचारियों को 50-50 अऋणी कृषकों को प्रोत्साहित कर फसल बीमा आवरण में शामिल करवाने हेतु लक्ष्य प्रदाय किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में एचडीएफसी अर्गो जनरल इन्श्योरेंश कम्पनी द्वारा मौसम वर्ष रबी 2024-25 हेतु संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी तहसीलों के 165 ग्रामों को अधिसूचित किया गया है तथा चना फसल, अलसी, राई-सरसों, गेहूँ सिंचित और गेहूँ असिंचित फसल को जिले में अधिसूचित किया गया है। जिले में रबी फसलों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना कृषि विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।

अऋणी किसान लाभ से वंचित न हो

बैठक में कहा गया कि यह भी प्रावधान है कि बैंक/वित्तीय संस्थान/लोक सेवा केन्द्र, कृषक-प्रीमियम की राशि एकत्रित कर उचित माध्यम से समय सीमा में संबंधित बीमा कम्पनी को प्रदाय करें ताकि कोई भी इच्छुक अऋणी कृषक फसल बीमा के लाभ से वंचित न हो। प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75 प्रतिशत क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति। केवल चना फसल के लिए लागू है, स्थानीय आपदाएं जैसे-ओलावृष्टि, जलप्लावन, बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली से व्यक्तिगत आधार पर अभिचिन्हित स्थानीय कृत जोखिमों से होने वाले क्षति से सुरक्षा प्रदान करेगा।

खरसिया समपार वार्षिक मरम्मत कार्य के लिए रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-झाराडीह स्टेशनों के मध्य किमी. 620/21-23 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 313 (खरसिया फाटक) को 21 दिसम्बर को रात 10 बजे से 22 दिसम्बर को सुबह 10 बजे तक, वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु स?क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन 21, 22 को

■ **युवक युवती परिचय सम्मेलन सहित समाज की कुरीतियों पर होगी चर्चा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। नवयुवक कान्यकुब्ज ब्राम्हण विकास समिति के तत्वावधान में 21 दिसंबर दिन शनिवार को अखिल भारतीय स्तर पर समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के कान्यकुब्ज ब्राम्हण शामिल होंगे। प्रेस क्लब में नवयुवक कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास समिति बिलासपुर के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन में समाज एवं राष्ट्रहित के विभिन्न सारगर्भित विषयों पर चर्चा की जायेगी। सम्मेलन में विद्वतजनों के विचारों से उत्पन्न विषकर्ष से ब्राम्हण समाज एवं राष्ट्र को भी नई प्रेरणा प्राप्त होगी। समिति की महिला अध्यक्ष आरती पांडेय,पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद शुक्ला,शिवा मिश्रा,अनिल तिवारी,प्रभात मिश्रा ने सामाजिक संगठन के तमाम कार्यों की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों, बुराईयों, आडंबरों जिनमें खर्चीली शादी, मृत्युभोज, प्री-वेडिंग शूट, ईवेंट, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी जैसे विषयों के अलावा सामाजिक एवं राष्ट्रीय समस्याओं पर सम्मेलन में गहन चर्चा की जायेगी। इस पर किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचकर राष्ट्रीय चेतना जागृत करने का प्रयास किया जायेगा।

हाईकोर्ट ने चेक बाउंस मामले में जारीकर्ता को दिया दोषी करार

हाईकोर्ट ने 6 माह के अंदर 6 लाख भुगतान करने का आदेश दिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने चेक बाउंस के मामले में चेकजारीकर्ता को 19 साल बाद दोषी करार किया है। सिविल न्यायालय ने उसे दोषमुक्त किया था। हाईकोर्ट ने सिविल न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए चेकजारीकर्ता को 6 माह के अंदर 6 लाख रूपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। भुगतान नहीं करने पर उसे कठोर कारावास की सजा भुगतना होगा।

रायपुर निवासी अपीलकर्ता मो. गुलाम मोहम्मद ने बैजनाथ पारा स्थित अपनी तीन दुकान बचने कटोरा तालाब निवासी मो. युसूफ से 28 लाख में सौदा पक्का किया। सौदा में 10 लाख रूपये पहले देने एवं शेष रकम 6-6 लाख रूपये तीन किश्त में भुगतान करने दोनों के मध्य समझौता हुआ था। पंजीकृत बिक्री विलेख निष्पादित होने पर 6 अगस्त 2005 को 10 लाख का भुगतान किया गया। शेष राशि तीन बराबर किस्तों में भुगतान करने का वादा किया। खरीदार ने पहली किश्त के रूप में केवल छह लाख रुपये की राशि का चेक जारी किया और शेष राशि बारह लाख रुपये दो किश्तों में भुगतान करने का वादा किया। 21. सितंबर 2005 को, अपीलकर्ता ने उपरोक्त चेक जमा किया और ''भुगतान रोक'' के कारण उसे अस्वीकृत कर दिया गया और, 24 नवंबर 2005 को, अपीलकर्ता बिक्रेता ने खरीदार का आश्वासन मिलने पर फिर से चेक प्रस्तुत किया और जो फिर अस्वीकृत हुआ। इसकी बैंक ने चेक बाउंस का बिक्रेता को लिखित सूचना दी। चेक बाउंस होने पर बिक्रेता गुलाम मोहम्मद ने कानूनी नोटिस भेजने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के समक्ष खरीदार के खिलाफ परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत शिकायत कर मामला पेश किया। मजिस्ट्रेट ने 24 दिसंबर 2009 को मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर, प्रतिवादी को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अपराध से बरी कर दिया।

बिल्हा में कृषक विश्राम गृह का कौशिक ने किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। उपमंडी प्रांगण बिल्हा में कृषक विश्राम गृह लागत 66.38 लाख रूपये, एवं कंवार्ड शेड निर्माण लागत 65.67 लाख रूपये के निर्माण कर का भूमि पूजन आज मुख्य अतिथि धरम लाल कौशिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा एवं भूपेंद सावन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा विधिवत किया गया। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिसका लाभ किसान भाइयों को प्राप्त होगा।

सम्मेलन

5वीं अखिल भारतीय जीआरपी प्रमुखों के सम्मेलन में यात्री शिकायतों के समाधान पर जोर

रेलवे सुरक्षा को बेहतर बनाने मानव संसाधन बढ़ाने सहयोग पर विचार

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समन्वित, रेलवे मंत्रालय के तहत आयोजित 5वीं अखिल भारतीय जीआरपी प्रमुखों की सम्मेलन आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा नेताओं ने यात्री सुरक्षा, अपराध निवारण रणनीतियों और रेलवे सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक मानव संसाधन आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन की शुरुआत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार के उद्घाटन भाषण से हुई, जिन्होंने राज्य पुलिस बलों और आरपीएफ के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया, ताकि देशभर के लाखों रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, विशेष रूप से यात्री शिकायतों और मामलों के पंजीकरण पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने रेलवे में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ के प्रयासों की सराहना की, जिसमे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन एएएचआई और मेरी सहेली जैसी पहल शामिल है। अपने स्वागत भाषण में, डीजी-आरपीएफ मनोज यादव ने सुरक्षा बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि उभरती चुनौतियों का सामना किया जा सके और विशेष रूप से बढ़ते यात्री अपराधों को संभालने मे मदद मिल सके। चर्चाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रेलवे मदद पोर्टल पर पंजीकृत यात्री शिकायतों और वास्तविक मामलों के पंजीकरण का तुलनात्मक विश्लेषण था, जो यह दर्शाता है कि रेलवे में होने वाले प्रमुख अपराधों से निपटने के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता है। नए आपराधिक कानूनों को लागू करने पर भी जोर दिया गया, जिसमें जीरो फायर्स के कुशल संचालन और राज्यों के बीच अपराध रिपोर्टिंग, प्रमाण प्रबंधन और प्रभावी जांच के लिए ई-फायर सिस्टम को एकीकृत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

सहयोगात्मक भावना की सराहना

अपने समापन भाषण में डीजी-आरपीएफ ने सम्मेलन की सहयोगात्मक भावना की सराहना की, और कहा, इस सम्मेलन ने रेलवे सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प की पुष्टि की है। मानव संसाधन की चुनौतियों का समाधान, हमारे प्रणालियों का आधुनिकीकरण और अपराध प्रतिक्रिया तंत्र को बेहतर बनाकर, हम लाखों यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक कदम उठा रहे हैं। राज्य जीआरपी की भूमिका और भारतीय रेलवे के साथ उनका साझेदारी इस यात्रा में महत्वपूर्ण है और हमें मिलकर रेलवे सुरक्षा के लिए नए मानक स्थापित करने चाहिए। सम्मेलन एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समाप्त हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने क्रियाशील समाधानों पर सहमति जताई।

सुविचार

अच्छे लोगों की इज्जत कभी कम नहीं होती। सोना सौ टुकड़े हो जाए फिर भी उसकी कीमत कम नहीं होती। - अज्ञात

एक देश एक चुनाव की राह आसान नहीं

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भारी हंगामों के बीच सरकार ने बहुप्रतिक्षित एक देश एक चुनाव विधेयक लोकसभा में पेश कर दिया जिस पर मतदान के दौरान विपक्ष ने हंमागा किया लेकिन बहुमत से यह प्रस्ताव सदन में स्वीकृत हो गया केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह विधेयक पेश किया जिस पर प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस सहित आईएनडीआईए में शामिल सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई और इस विधेयक का जमकर विरोध किया। कांग्रेस पार्टी की ओर से इस विधेयक पर चर्चा के दौरान सांसद मनीष तिवारी ने एक देश एक चुनाव विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया। वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेन्द्र यादव ने तो इस विधेयक को अल्पसंख्यकों और दलितों के खिलाफ बताया। अन्य विपक्षी नेतओं ने भी इसमें मीन मेख निकाले और इसे संविधान तथा संघवाद के विरूद्ध बताया। इस विधेयक के पक्ष में 269 मत पड़े। वहीं इसके विरोध में 198 वोट पड़े। सदन में पारित होने के बाद इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समीति के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ। इस विधेयक पर सरकार का पक्ष रखते हुए केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल ने विपक्ष की आशंकाओं को दूर करने के लिए यह तर्क दिया कि यह विधेयक संविधान सम्मत है और इससे किसी भी रूप में राज्यों की शक्तियां कम नहीं होंगी। इस विधेयक से संविधान के मूल ढांचे में भी किसी तरह की कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। इसके बावजूद विपक्ष ने एक देश एक चुनाव विधेयक का भारी विरोध किया। विपक्ष का यह विरोध समझ से परे है। आजादी के बाद 1967 तक देश में लोकसभा और देश के सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराये जाते थे। दो दशकों तक देश में एक देश एक चुनाव होते रहे है ऐसी स्थिति में इस विधेयक को संविधान विरोधी कैसे कहा जा सकता है। यदि यह संविधान के खिलाफ है तो क्या देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक सब क्या संविधान विरोधी थे। जाहिर है यह विधेयक संविधान सम्मत है। किन्तु इसका विरोध सिर्फ इसलिए किया जा रहा है कि विपक्षी पार्टियों को अगले होने वाले चुनावों में अपनी हार का खतरा नजर आ रहा है। यदि एक देश एक चुनाव विधेयक पारित होकर कानून का रूप ले लेगा तो लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने पर चुनाव में होने वाले हजारों करोड़ रूपये कि बचत होगी और बार बार चुनाव होने के कारण लगने वाली आचार संहिता की वजह से जो विकास कार्य रूकते हैं वे भी अब अवरोध नहीं बनेंगे। जिससे देश का तेजी से विकास होगा और ऐसा हुआ तो विपक्ष के लिए एनडीए को हरा पाना और भी ज्यादा मुश्किल हो जायेगा। यही वजह है कि विपक्ष इस विधेयक की खिलाफत कर रहा है। वैसे भी एक देश एक चुनाव विधेयक की राह आसान नहीं है। इस विधेयक के लिए संसद में सरकार के पास दो तिहाई बहुमत होना चाहिए जो लोकसभा में नहीं है। जिस तरह पूरा विपक्ष इस विधेयक के विरोध में उठ खड़ा हुआ है उसे देखते हुए सरकार के लिए कुछ विपक्षी पार्टियों का समर्थन जुटाना कठिन होगा। देखना होगा कि सरकार एक देश एक चुनाव विधेयक के पक्ष में दो तिहाई बहुमत जुटाने में कितनी सफल हो पाती है।

नक्सलियों को गृह मंत्री अमित शाह की चेतावनी

छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर में नक्सलियों के गढ़ में जाकर एक बार फिर उन्हें दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ दे। अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी और दो साल के भीतर छत्तीगसगढ़ को नक्सलियो के आतंक से मुक्त करा दिया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में भी गये और वहां एक गांव में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। और उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार विकास विरोधी नक्सलियों के सफाये के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिये। गृह मंत्री अमित शाह बस्तर में तैनात सुरक्षाबल के जवानों से भी मिले और उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने छत्तीगसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी आश्वस्त किया कि नक्सली समस्या के समाधान के लिए केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ को आगे भी हर संभव मदद मुहैया कराती रहेगी। गौरतलब है कि जब से छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है। बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। साय सरकार के एक साल के कार्यकाल के दौरान मुठभेड़ में ढाई सौ से ज्यादा नक्सली मारे गये है जिनमें कई इनामी नक्सली भी शामिल है। यही नहीं बल्कि आठ सौ से ज्यादा नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। इस बीच सुरक्षाबलों ने भी नक्सलियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। पहली बार सुरक्षाबल के जवानों ने सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र अबूझमाड़ में दस्तक दी है और बस्तर के घने जंगलो के बीच बनाये गये नक्सलियों के प्रशिक्षण शिविरों को ध्वस्त करने का काम शुरू किया गया है अब वहां फारवेड आपरेटिंग देश बनाये जा रहे हैं जहां सुरक्षाबल के जवान तैनात है।अब तक बस्तर में ऐसे 280 बेस बन चुके है। नतीजतन अब बस्तर से नक्सलियों के पैर उखड़ने लगे है। केन्द्र और राज्य सरकार के समवेश प्रयासों से बस्तर में नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान जिस तरह तेज हो रहा है उसे देखते हुए जल्द ही छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा मुक्त होने की उम्मीद बंधी है।

राजीव खंडेलवाल

शायद यह प्रस्तावित संशोधन जरूर संविधान की मूल अवधारणा को (अवधि कम करने के कारण) चोट पहुंचा सकता है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय की राय भी ली जा सकती है।

उपसंहार।

वास्तव में यदि राजनीतिक दल व जनता यह चाहती है कि सवैधानिक प्रावधानों के अनुसार चुनाव 5 साल में एक बार एक साथ हो, और यह क्रम आगे भी निरंतर चलता रहे। तब फिर दल बदल को पूर्णतः प्रतिबंधित कर और बीच में सरकार किसी भी मुद्दे के गिरने पर शेष अवधि के लिए "अल्पमत सरकार" को कार्य करते हुये देना होगा। अथवा पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत द्वारा वर्ष 2015 में सरकार को एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव के संबंध में दिया गया यह सुझाव महत्वपूर्ण हो सकता है कि अविश्वास प्रस्ताव की जगह "रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव" का प्रावधान करना होगा। वैसे यदि देश में पूर्ण रूप से न सही तो 90 प्रतिशत सभी राज्यों के चुनाव लोकसभा के साथ एक साथ हो, तब भी वह देश की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए एक नेशन एक इलेक्शन ही कहलायेगा। ठीक उसी प्रकार जैसे एक देश एक टैक्स की नीति के तहत जीएसटी वर्तमान में विभिन्न टैक्स दरों के साथ लागू है।

एक साथ चुनाव कराने वाले के पक्षधर विश्व के कई देश अमेरिका, कनाडा, स्लोवेनिया, अल्बानिया, पोलैंड इत्यादि देश में एक साथ चुनाव कराये का उदाहरण दे रहे है तक फिर इन्हीं देशों का बैलेट पेपर से चुनाव कराये जाने को क्यों नहीं अनुसरण कर रहे है? इसका जवाब नहीं मिल पायेगा। सुविधा के अनुसार मुद्दों को चुनने की राजनीति प्रत्येक पक्ष करता है।

एक देश एक चुनाव!

बुनियादी ढांचे में परिवर्तन या बुनियादी ढांचे की पुनर्स्थापना?

संविधान संशोधन विधेयकः आवश्यकता!

संविधान लागू होने के 75वें वर्ष पर संसद में दो दिन पूर्व से हो रही संविधान पर चर्चा के दौरान पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में एक वर्ष पूर्व (सितम्बर 2023 में) गठित कमेटी की रिपोर्ट की सिफारिशों को रूबरू कैबिनेट ने स्वीकार कर 129 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया है, जिसे जेपीसी को भेजा जायेगा। यद्यपि इस संबंध में वर्ष 1983 से ही भिन्न-भिन्न समयों में चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग एवं संविधान समीक्षा आयोग विचार कर चुके हैं। इस विषय का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है जिस मूल आधार इस विधेयक का हैं। महत्वपूर्ण बात यह है की वर्ष 1952 से 67 तक हुए आम चुनावों में हुए एक साथ चुनाव की स्थिति वर्ष 67 के बाद से विभिन्न कारणों से व राजनीतिक परिस्थितियों के चलते अलग-अलग हो गई हैं। महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य बात यहां यह है कि यह स्थिति कोई संविधान में संशोधन होने के कारण नहीं हुई है? परन्तु एक साथ चुनाव कराने में वापस आने के लिए जरूर प्रस्तावित संविधान संशोधन करना आवश्यक हो गया है। प्रश्न यह है की पूर्व स्थिति की पुनर्स्थापना के लिए किए जाने वाले प्रस्तावित संविधान संशोधन से क्या उच्चतम न्यायालय द्वारा "केशवानंद भारती" (वर्ष 1973) में प्रतिपादित सिद्धांत "संविधान के मूलभूत (बुनियादी) ढांचा" जिसे आगे भी कई अवसरों पर उच्चतम न्यायालय ने सही ठहराया है, पर आंच आयेगी? क्या यह संघीय ढांचे पर अतिक्रमण है"?

पुरानी व्यवस्था की पुनर्स्थापना ! नई नीति नहीं!

संविधान निर्माताओं ने जब 5 साल के अंतराल में एक साथ लोकसभा व विधानसभा के चुनाव कराने की बात कही थी, तब उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि देश में दल बदल के कारण "आयाराम-गयाराम" की राजनीति के गिरते स्तर, लालच, धन, बल के चलते शैनः शैनः एक स्थिति ऐसी बन जायेगी, जब संवैधानिक प्रावधिक अवधि का पालन करने के कारण प्रायः अधिकतर राज्यों की विधानसभाओं व केंद्र के लोकसभा चुनाव अलग-अलग होने लगेगें। अतः वर्ष 1967 तक चुनाव एक साथ होते रहे हैं, जब वे संघीय ढ़ाचे पर अतिक्रमण नहीं थे, तब आज कैसे? जबकि किसी भी सरकार ने संविधान संशोधन द्वारा चुनावी अवधि की व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं किया है। याद कीजिए! संविधान निर्माताओं ने प्रारंभ में "एससी एसटी" "आरक्षण" के लिए मात्र 10 वर्ष का प्रावधान किया था, और उक्त उद्देश्य की प्राप्ति न होने के कारण इसे हर आगे 10 साल के लिए बढ़ाने का प्रावधान किया गया, जिसकी कल्पना तो उन्होंने कर ली थी। परन्तु यहां संविधान निर्माताओं ने शायद राजनेताओं के गिरते नैतिकता व गलत आचरण की कल्पना नहीं की थी, जो दुर्भाग्यवश आज व्यवस्था का अभिन्न अंग बन गई है। इस कारण ही एक साथ चुनाव कराने का चक्र पांच साल की अवधि का क्रम टूटा है। तब फिर उसको सुधारने के लिए वही पुरानी चार चुनावों तक (52 से 67) चली व्यवस्था को पुनः स्थापित करने के लिए यदि आवश्यक संविधान संशोधन किया जाता है, तो वह संविधान की संघीय ढांचे के साथ छेड़-छाड़ या चोट कैसे! यह समझ से परे है।

विपक्ष के विरोध के आधार।

15 विपक्षी पार्टियां का विरोध का आधार है। "यह असंवैधानिक है"। "संविधान की आत्मा पर चोट है"। यह संसदीय शासन प्रणाली में निहित विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाब देही के मूल सिंद्धात को बिगाड़ देगा। साथ ही यह संविधान की बुनियादी संरचना का उल्लंघन करता प्रतीत होता है। "विधानसभा की स्वायत्तता पर खतरा है"। क्षेत्रीय

पार्टियां खत्म हो जायेगी। शासन विपक्ष युक्त देश चाहता है। आरएसएस का एजेड़ा लागू करने की कोशिश व ध्यान भटकाना, इन सबका सीधा जवाब है कि प्रारंभिक 20 वर्षो तक जब एक साथ चुनाव हो रहे थे, क्या देश में लोकतंत्र व संविधान के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन हो रहा था? संघीय ढ़ाचा को चोट अनवरत बिना किसी विरोध के पहुंच रही थी? तब देश के किसी भी शख्स ने एक साथ हो रहे चुनाव के विरोध में एक शब्द भी नहीं कहा। इसका जवाब शायद किसी के पास नहीं है।

आधारहीन विरोध!

एक बात और जो इस कदम के विरूद्ध में कही जा रही है, देश के एक साथ विधानसभा-लोकसभा को वोट देने पर देश में साक्षरता का स्तर कम होने के कारण लोग विवेक से सही निर्णय नहीं ले पाते हैं। इसका कुछ फायदा केन्द्र में बैठी सरकार की पार्टी को होता है। विशेषकर क्षेत्रीय दलों को नुकसान होता है। इस संबंध में अभी हाल के हुए ओडिशा विधानसभा चुनाव का उल्लेख करने वाले ओडिशा के पिछले परिणाम को भूल जाते हैं। जब एक साथ चुनाव कराने में? उम्मीद के विपरीत परिणाम आये थे। अभी हाल में ही हुए महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव के साथ नादेड़ लोकसभा का उपचुनाव कराया था, जहां भी लोकसभा व विधानसभा में विपरीत परिणाम मिले थे। वस्तुतः यह जनता के विवेक पर ही प्रश्न-चिन्ह लगाने समान है?

"चुनाव" ही लोकतंत्र का सबसे बड़ा "उत्सव" है।

अगर हम देश में होने वाले चुनावों पर वर्तमान में नजर डालें, तो पाते हैं कि हर वर्ष किन्हीं राज्यों में चुनाव होते ही रहते हैं। वर्ष 1951 से 60 -25 चुनाव, 61 से 70-46, 71 से 80-71, 81 से 90 - 59, 91 से 2000 -59, 2001 से 2010-62, 2011 से 2020 - 63, 2021 से 2024 में 30 चुनाव सम्पन्न हुए है। यद्यपि उक्त आकड़े सरकार के दावे को पूरी तरह से सही नहीं ठहराते है। विधेयक के पक्ष में यह कथन पूरी तरह से सही नहीं है कि इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं, बल्कि देश के खजाने पर भी भारी बोझ पड़ता है। हाल ही में हुए 17वीं लोकसभा के चुनाव में एक अनुमान के अनुसार, 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च आया और लगभग तीन महीने तक देश चुनावी मोड में रहा। वैसे ओ.पी. रावत पूर्व चुनाव आयुक्त के अनुसार भारत का चुनाव विश्व भर में सबसे सस्ता चुनाव है। यदि पैसे का अपव्यय मुख्य आधार है, तब फिर कानून राजनीतिक पार्टियों द्वारा किए गए खर्चों की सीमा क्यों नहीं बांधी जाती है? जो उम्मीदवारों द्वारा किए गए खर्चों से कई गुना ज्यादा होती है। आचार संहिता लागू होने पर सिर्फनई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती है। वह भी जरूर, यदि जनहित में अति आवश्यक हो तो चुनाव आयोग की अनुमति से की जा सकती है। आचार संहिता में भी आवश्यक संशोधन करके सरकार के दैनिक कार्यों में लगे अनावश्यक अंकुश को कम किया जा सकता है। इसलिए इस आधार पर एक साथ चुनाव की वकालत तथ्यात्मक नहीं है। तथापि "चुनाव" का 'ड़र' ही जनप्रतिनिधियों को जनता-जर्नादन के साथ जीवंत सर्म्पक व उनके निकट लाता है।

सरकार परसेप्शन बनाने में असफल।

यद्यपि आज की राजनीति में "एक्शन की बजाय परसेप्शन" का महत्व ज्यादा है, जिसे बनाने में प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी माहिर है। उनके मुकाबले सिर्फकेजरीवाल ही ठहर पाते हैं। इसके लिए एक्शन करते हुए दिखना जरूर पड़ता है। परंतु इस मुद्दे को लेकर मोदी चूक गये लगते है। क्योंकि "एक देश-एक चुनाव" को लेकर प्रथम अवसर मिलने पर ही एक्सन कर परसेप्शन क्यों नहीं बनाया गया। पिछले एक साल की अवधि में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों को ही ले लीजिये! 7 फेसों में लोकसभा चुनाव की हुए चुनावी प्रक्रिया की अवधि कम की जा सकती थी। उड़ीसा विधानसभा के साथ ही महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, झारखंड व कुछ और राज्यों के चुनाव लोकसभा के साथ एक साथ कराया जा सकते थे, यदि चुनाव आयोग इनकी अवधि को 6 महीने आगे पीछे घटा-बढ़ा कर लेता, जो उसके अधिकार क्षेत्र में है। वर्ष 2022 में गुजरात के साथ हिमाचल के भी चुनाव कराये जा सकते थे, जो पहले होते थे। तब शायद जनता के मन यह परसेप्शन जरूर जाता कि सरकार वास्तव में इस विषय पर गंभीर है और वह बिना संवैधानिक संशोधन किये इस दिशा में जो कदम उठा सकती है, उठा रही है। एक तथ्य यह भी है कि इसके लिए दोनों सदनों में आवश्यक संख्या बल से एनडीए फिलहाल कोसों दूर है। पंचायती राज लागू होने के बावजूद पंचायतें, नगरपालिकाओं को इस संशोधन की परिधि में न लाकर इस मुद्दे की थोड़ी हवा जरूर निकाल दी है। कोविंद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बीच में विधानसभा भंग होने पर उसका चुनाव 5 साल के लिए न किये जाकर शेष अवधि के प्रावधान के लिए किया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1842 अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी।1927 महान स्वतंत्रता सेनानियों राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फांसी दी।1931 जोसफ ए लियोंस आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने। 1932 ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कोर ने विदेश में प्रसारण शुरू किया।1934 प्रतिभा पाटिल का जन्म, जो बाद में चलकर भारत की 12वीं राष्ट्रपति बनीं।1941 एडोल्फ हिटलर ने जर्मन सेना की कमान पूर्ण रूप से संभाली। 1950 चीन के हमले के कारण तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने तिब्बत छोड़ा।1961 गोवा को पुर्तगाल की गुलामी से आजादी मिली।1983 ओरिजनल फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी, द जुल्स रिमेट ट्रॉफी, रियो द जेनेरियो स्थित ब्राजील के फुटबॉल फेडरेशन के मुख्यालय से चोरी।1984 चीन के प्रधानमंत्री जाओ जियांग और ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मार्ग्रेट थैचर ने 1997 में हांगकांग चीन को वापस सौंपने के लिए चीन-ब्रिटेन संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किया।2007 टाइम पत्रिका ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 'पर्सन ऑफ द ईयर' के खिताब से नवाजा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रीति प्रतीति

प्रीति प्रतीति बढ़े दिन रात सिया वर राम सहाय तुम्हारे। मातु असीस धरो सिर माथ रहो तुम दोनउ प्राण पियारे। मान कुटुंब बढाय रहो कुल दीपक हो घर के उजियारे। उन्नति कै पथ नित्य मिलें अरु कांति बढ़े फिर सांझ सकारे ।। - **रजनी रामदेव**

जीते जी सबको

जीते जी सबको मरना है दर्दे - ज़ीस्त अभी सहना है दरिया के साहिल पर रहकर प्यासे होंट लिए रहना है कुदरत की मर्ज़ी के आगे नहीं किसी का वश चलना है साहिब कर लें जो मनमानी लब सबको सी कर रहना है बुलडोज़र चलता है घर पर नहीं मगर कुछ भी कहना है हालत बद से बदतर लेकिन हुआ विकास यही रटना है ज़ात-धरम ओ मंदिर -मस्जिदइसके नाम पे अब कटना है सोग मनायें कब-तक 'ऐनुल'क्या नफ़रत में ही जलना है - **'ऐनुल' बरौलवी**

खास पाती | बहुत याद आती है माँ कभी रसोइ

बहुत याद आती है माँ कभी रसोई में काम करते वक्त तो कभी बहुत ज्यादा थकान हो जाए तब इन यादों के सफर में ! सोचती हूँ कभी-कभी... एक दिन मेरी बेटी को भी याद आऊंगी मैं इसी तरह से हर तकलीफ, हर थकान में ठंडी छाँव की तरह फिर उसकी बेटी को वो और फिर उसकी बेटी को वो इसी तरह पिढ़ी दर पिढ़ी चलता रहेगा दुनिया के सबसे खुबसूरत एहसास का सिलसिला और इसी तरह पिढ़ीयां यूँ ही गुजरती जाएंगी मगर ठहरा रहेगा माँ और माँ की ममता का एहसास ? - **रूबी प्रसाद**

आसमान पर टिके सपने कभी अपने

आसमान पर टिके सपने कभी अपने नही होते है जो दूसरों के दुख समेटते अपने दुख पर नही रोते है प्रेम के धागे को जो पकड़े रहते वो रिश्तों को कभी नही खोते है अपना क्या लेकर आये है हम फिर भी मोह को नही छोड़ते है जिंदगी है तो ना जाने कब तक है उम्र की हिसाब हम नही जोड़ते है - **प्रीति श्रीवास्तव**

जिंदगी लय ताल बनकर रह

-जिंदगी लय ताल बनकर रह गयी। बंदगी मन चाल बनके कह गयी। सोच अबकितना बदलता जा रहा। आदतें रस जाल जैसी लह गयी। भावना उनका समुंदर बन गया। ज्वार -भाटे की तरह लह बह गयी। सादगी तन भूल भौरें ने कहा। फूल चुन कलियाँ अकेली रह गयी। सोचता मन राज कैसी ए वफ़ा। माँग माली देख कलियाँ कह गयी। रात तेरी मीत मनसे अलविदा, राजसी मन आज कैसे गह गयी। चाह उनकी साज जबसे बन गये। नित तराना राग बन कर बह गयी। - **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

सोशल मीडिया में बहुत-से असामाजिक

सोशल मीडिया में बहुत-से असामाजिक तत्व भी सक्रिय हैं, जो अपने शातिर दिमाग से लोगों के अकाउंट हैक करके नुकसान पहुंचा रहे हैं। कोई बदमाश पैसे मांगता है तो कोई कुछ करता है। सावधानी बहुत जरूरी है। यह कोई जरूरी नहीं कि रामलाल की आईडी है तो वे ही चैट कर रहे हैं। उनकी आईडी हैक करके कोई बदमाश भी बात कर सकता है। कर ही रहे हैं। सुपरिचितों को ही मित्र बनाएं और उनके नाम से कोई पैसा मांगे तो उनसे फोन पर जरूर बात करें। मैं तो भैया किसी से कुछ नहीं मांगता। अगर कोई मेरी आईडी से पैसे मांगे तो उसे ठेंगा दिखाइए, सबक सिखाइए। फाड़कर रख दीजिए। - **राजकुमार धर द्विवेदी**

सर्दियों का मौसम जानम प्यार का मौसम

सर्दियों का मौसम जानम प्यार का मौसम खो जायें एक दूसरे जैसे.. खो जाती है दरिया समन्दर में... यूँ लपेट लूँ मैं तुझे अपनी बाँहों में जैसे कोई शॉल लपेटा हो तुमने ठंड में... यूँ रख दूँ मैं अपने लब तेर लबों पर कि.. जैसे आग लग गयी हो पानी में... जाना जो चाहो तुम पल भर भी दूर मुझसे बाँहों का हार बना कर लग जाऊँ मैं तेरे सीने से जैसे... बसती हो धड़कन उर में... हो सर्द रात या हो सुनहरी धूप मैं रहूँ तेरे साथ सर्दी की सुबह बन के जैसे... सर्दी में... खो जाती है शाम रात के आगोश में... - **डॉ. अर्चना खंडेलवाल**

सर्वस्व लुटा स्व को पाने की चाहत

सर्वस्व लुटा स्व को पाने की चाहत में- हर पथ गुनाहों देवता बन गया है तू, दिन चला, रात चला साथ लेकर- सब में खुद का ही ख्वाब देकर, हर हाल खुद को पाने के लिए- अपने ख्वाब का सौदागर बन गया है तू, सर्वस्व लुटा स्व को पाने की चाहत में- हर पथ गुनाहों का देवता बन गया है तू, - **ललित उपाध्याय**

प्रेरक प्रसंग

एक युवा हो रहे किशोर ने एक धनी व्यक्ति का ठाठ-बाट देखा। उसने सोचा धनवान बनना चाहिए। कई दिन तक उसी की तरह कमाई में लगने का प्रयास किया भी और कुछ पैसे कमा भी लिए। इसी बीच उसकी भेंट एक विद्वान से हुई। उसने विद्वान की विद्वता-वाकपटुता से प्रभावित होकर कमाई करना छोड़ दिया और पढ़ने में लग गया। अभी थोड़ा-बहुत सीख ही पाया था कि उसकी भेंट एक संगीतज्ञ से हो गई। उसे संगीत में अधिक आकर्षण लगा। उस दिन से पढ़ाई बंद कर उसने संगीत सीखना आरंभ कर दिया। काफी उम्र बीतने पर भी न वह पैसे वाला बना, न विद्वान, न संगीतज्ञ, न समाजसेवी या नेता। एक दिन अपने दुःख का कारण उसने एक महात्मा को बताया। उनने कहा - "बेटा! सारी दुनिया में आकर्षण भरा पड़ा है। एक निश्चय करो और फिर जीते जी उसी पर अमल करो, तुम्हारी उन्नति अवश्य होगी। कई जगह गड्ढे खोदोगे तो न पानी मिलेगा, न कुआं खोद पाओगे।" युवक संकेत समझ गया और एकनिष्ठ भाव से लग गया।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:12, सूर्यास्तः 05:24
चन्द्रोदयः 20:19, चन्द्रास्तः 09:51

अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः हेमन्त, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : वैधृति, प्रथम करण : विष्टि (10:06 तक), द्वितीय करणः बव (21:58 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : कर्क, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल 18:30 से 20:07, विजय मुहूर्त 13:56 से 14:37, गोधूलि मुहूर्त 17:17 से 17:45, सायाह्न सन्ध्या 17:20 से 18:43, निशिता मुहूर्त 23:46 से 24:42, राहुकाल 13:30 से 15:00, राहुवास दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड 08:24 से 09:41, दुर्मुहूर्त 11:53 से 12:34, होमाहुति मंगल, दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पृथ्वी, भद्रावास मृत्यु (10:06 तक), चन्द्रवास उत्तर, शिववास क्रीड़ा में (10:06 से कैलाश पर)

QUIZ TIME

1) भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 में अंतर्राष्ट्रीय जूरी पैनल का अध्यक्ष किसे चुना गया है?

2) रोजगार गारंटी योजना शुरू करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?

3) मृतकों की जनगणना करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?

4) इंटरनेट पर सर्वर से सूचना पाने के कम्प्यूटर प्रोसेस को क्या कहते हैं?

5) दूसरे रोहिणी नैय्यर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शेखर कपूर (2) महाराष्ट्र (3) कर्नाटक (4) वेबक्रॉलिंग (5) ज्ञानेश्वर मुले

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपका व्यवहार अटपटा रहेगा सीधे शब्दों में बात नही करेंगे।

वृष : आपके लिये आज का दिन धन लाभ वाला है। वाणी एवं व्यक्तित्त्व में प्रखरता रहेगी बिगड़े कार्यो को भी व्यवहारिकता से बना लेंगे।

मिथुन : आज आप मानसिक रूप से अन्य दिनों की तुलना में शांति अनुभव करेंगे जल्दी से किसी की गलती का बुरा नही मानेंगे नाही विरोध प्रकट करेंगे ।

कर्क : आज के दिन आपके स्वभाव एव व्यवहार में दिखावा अधिक रहेगा कोई भी कार्य सामाजिक हो या आध्यात्मिक अथवा घरेलू सभी मे आडंबर युक्त दिनचर्या रहेगी।

सिंह : आपके लिये आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। जल्दबाजी में कार्य करने पर टूट फुट अथवा अन्य प्रकार से आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।

कन्या : आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा लेकिन मानसिक रूप से कुछ ना कुछ समस्या लगी ही रहेगी।

तुला : आपके लिये आज का दिन कार्य सिद्धि दायक रहेगा। आज दौड़ धूप से बचने का प्रयास करेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आपको धर्म लाभ मिलेगा। मन मे आध्यात्मिक भावनाएं जागृत होंगी।

धनु : आज आपकी सेहत में कुछ ना कुछ विकार बनेगा दिन के आरंभ में इसकी अनदेखी करने पर मध्यान के आस पास बढ़ने की संभावना है।

मकर : आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा। दिन के आरंभ से ही लाभ की संभावना बनेगी लेकिन धन मध्यान तक परिश्रम करने के बाद ही संध्या के आस पास हाथ लगेगा।

कुंभः आज के दिन आपकी सोच के विपरीत घटनाएं घटेंगी लेकिन संतोषी वृति आज कई समस्याओं का समाधान स्वयं ही कर देगी।

मीनः आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। प्रत्येक कार्य को सोच विचार कर ही करेंगे ज्यादा झंझट वाले कार्यो एवं विवादों में पड़ने से बचेंगे ।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 269 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	बा	खा	ना
प	त	बा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

■ न्यूज गैलरी

वरिष्ठ पत्रकार जगदीश वाढेर का निधन

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पत्रकार व रायपुर प्रेस क्लब के मानद सदस्य चौबे कालोनी निवासी जगदीश वाढेर (उम्र 58 वर्ष) का बुधवार 18 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। उन्होने देशबंधु व अमृत संदेश समाचार पत्र में काफी लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी थी। अंतिम संस्कार 19 दिसंबर, गुरुवार को दोपहर 2 बजे मरवाड़ी शमशानघाट में किया जाएगा।

मरीन ड्राइव में 'खुशहाल एक साल' इवेंट में रायपुरवासियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सफ्ल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरे हो गए हैं । जनसंपर्क विभाग द्वारा खुशहाल एक साल इवेंट के ज़रिए छत्तीसगढ़ सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों और योजनाओं को राजधानी रायपुर के लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा है । मनोरंजन , गेम्स , हंसी मज़ाक के माहौल में लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही और इस बीच सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों और योजनाओं संबंधी प्रश्न भी रोचक ढंग से पूछे जा रहे हैं । सही जवाब देने पर उन्हें आकर्षक गिफ्ट वाउचर्स , उपहार भी दिए जा रहे हैं । योजनाओं की सही जानकारी और उस पर से सही जवाब देने पर मिलने वाले उपहार से लोगों के उत्साह में चार चांद लग रहा है । रविवार 15 दिसंबर मैग्नेटो मॉल से शुरू हुए खुशहाल एक साल इवेंट के सिलसिले की कड़ी में मंगलवार 17 दिसंबर को दूसरा कार्यक्रम तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में किया गया । शाम की गुलाबी ठंड में मरीन ड्राइव पे वॉक करने , फूड और गेम जोन में आनेवाले सैकड़ों लोगों ने इवेंट शुरू होने पर रुक कर इसका भरपूर आंनद लिया । कोई खड़े खड़े , कोई तालाब किनारे बैठकर , तो कोई कुर्सी में बैठकर इवेंट का लुत्फउठाता रहा । बच्चे , बड़े , बुज़ुर्ग , युवा सबने खुशहाल एक साल इवेंट में भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना , नियद नेल्ला नार योजना , औद्योगिक विकास नीति , बस्तर पर्यटन कॉरिडोर , बढ़ती विमान सेवाएं , अधोसंरचनात्मक विकास के कार्यों को दिल से सराहा ।

शिक्षकों के सिर से अन्य कार्यों के बोझ को कम करना होगा : साहू

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले मे शिक्ष व्यवस्था सुधार कार्य मे लगातार जूटे जिपं सभापति विप्लव साहू ने खैरागढ़ विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में व्हाइड ग्रीन बोर्ड सहित किताबों का सेट भेंट किया है । ग्राम ग्राम गाड़ाघाट, प्रकाशपुर, टोलागांव, काँचरी, दबका के हायर सेकेंडरी और मिडिल स्कूल में उक्त सामाग्रियों को अपने जिपं निधि से प्रदान करते साहू ने छात्रों से इसका अधिकाधिक उपयोग करने कहा । साहू ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन कार्य में होने वाली सहूलियत के लिए के यह स्वीकृत दी गई। विप्लव साहू ने कहा कि प्राणियों में मनुष्यों ने ही सभ्यता का सफर तय किया है उसमें शिक्षा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण रही है। सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी के साथ तीव्रतम परिवर्तनीय युग में विद्यार्थियों को इंजीनियर की तरह आने वाले बीस वर्ष का आंकलन करके अध्ययन करना चाहिए। सरकार को शिक्षा बजट को बढ़ाना चाहिए और शिक्षकों के सिर से अन्य कामों के बोझ को कम करना चाहिए। इन सामग्रियों के स्कूलों में प्रदान किये जाने के दौरान गाड़ाघाट सरपंच रेखा जनक पाल, काँचरी सरपंच हेमकल्यानी तोड़े, पंच चंद्रकुमार, , राकेश तिवारी, घनश्याम साहू, राकेश बंजारे, डॉ भोला साहू, अनिल साहू, भुनेश्वर वर्मा आदि साथियों के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहें। सबंधित विद्यालयों के प्राचार्य मधु नेताम, मानसमणि साहू, महेंद्र कुमार चौरे, उमेन्द्र पटेल, धर्मेंद्र साहू, %योति अग्रवाल आदि शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने भी सभापति विप्लव साहू शिक्षा में योगदान के लिए आभार जताया।

बाबा गुरू घासीदास के मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक : सीएम

सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण और समाज को रियायती दर पर जमीन देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बाबा गुरुघासीदास जी एक महान संत थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है। श्री साय आज सतनामी कल्याण समिति कोरबा के द्वारा तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लगभग 90 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और सतनामी समाज को रियायती दर पर जमीन आबंटन करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को गुरु पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से हम सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, एकजुट रहने और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए विकास की राह में आगे बढ़ने की बात कही। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, समाज के अध्यक्ष श्री यू आर महिलांगे सहित अन्य समाज के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज बाबा गुरुघासी दास की जयंती में जगह-जगह कार्यक्रम में शामिल होने का पुण्य अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सबको साथ लेकर आगे चलते हैं। उनका नारा ÷सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास÷ है जिसे छत्तीसगढ़ की सरकार ने भी अपनाया है और इसी दिशा में सभी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं।

चांदी का मुकुट पहनाकर किया अभिनन्दन

समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय और अन्य अतिथियों ने आरती और जैतखाम की पूजा कर ध्वजारोहण में शामिल हुए। सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का गर्मजोशी से गजमाला पहनाकर स्वागत और चाँदी का मुकुट पहनाकर अभिनन्दन किया। बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र सहित गुलाब के फूल भेंट किए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सालिक निर्मल दिवाकर के पुस्तक ''माँ की चाहत'' का विमोचन भी किया।

राज्यपाल से सौजन्य भेंट

ब्रिगेडियर अमन आनंद

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ और ओडिशा सैनिक उप क्षेत्र कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद ने सौजन्य भेंट की।

मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस रमेश सिन्हा

राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस रमेश सिन्हा ने सौजन्य मुलाकात की।

सरकार हार के डर से स्थानीय निकायों का चुनाव टालना चाहती है : बैज

■ सरकार की अकर्मण्यता से स्थानीय निकायों में संवैधानिक संकट की स्थिति, पंचायतों के लिए आरक्षण कार्य स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण प्रक्रिया की घोषित समय सारिणी को अचानक स्थगित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार हार के डर से स्थानीय निकायों का चुनाव टालना चाहती है। धान खरीदी में इस सरकार की सांसें फूलने लगी है, टोकन, बारदानो की कमी, तौल में गड़बड़ी, परिवहन और मिलिंग के अभाव में धान खरीदी बाधित होने से पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ़ आक्रोश है, जिससे यह सरकार डरी हुई है और हार से बचने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव को अकारण टालना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया जिसे आज 17 दिसंबर से संपादित किया जाना था, अचानक स्थगित कर दिया है। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी साय सरकार अब हार के डर से स्थानीय निकायों के चुनाव को टालना चाहती है। जल जीवन मिशन और स्मार्ट सिटी में अपात्र ठेकेदारों को टेंडर दिए जाने, फर्जी दस्तावेजों से अपने चाहते ठेकेदारों को काम देने और खुले तौर पर भ्रष्टाचार की शिकायत भाजपा के ही विधायक लगा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग की अंधेरगर्दी सर्वविदित है, जहां बिना टेंडर के, बिना स्वीकृति के, बिना वर्क आर्डर के, ज्यादा रेट से काम करवाए गए और बाद में उसी ठेकेदार को टेंडर दे दिया गया। 1 साल के भीतर ही यह सरकार बेहद अलोकप्रिय हो चुकी है, और इसी कारण भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव से भाग रही है।

ऐतिहासिक पहल का आयोजन ग्राम खिलोरा बना बीमा ग्राम

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम खिलोरा ने वर्ष 2023-24 में पहला 'बीमा ग्राम' बनने का गौरव प्राप्त किया, जिसे LIC के सहयोग से सफ्लतापूर्वक संपन्न किया गया। इस उपलब्धि के पीछे विमल तिवारी और मती संगीता तिवारी के जबरदस्त प्रयासों का अहम योगदान रहा। उनके अथक परिश्रम और समर्पण ने ग्राम खिलोरा को इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचाया।

इस अवसर पर LIC द्वारा ग्राम विकास के लिए 50,000 की धनराशि प्रदान की गई। इस धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायत खिलोरा द्वारा स्कूल शेड में पावर ब्लॉक लगाने के लिए किया जा रहा है। यह कार्य न केवल स्कूल के बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि पूरे गांव के लिए भी लाभकारी साबित होगा।

कार्यक्रम में चित्ररेखा सुरेन्द्र ध्रुव, सरपंच, ग्राम खिलोरा, गौकरण साहू, उपसरपंच, ग्राम खिलोरा, लीलाधर तिवारी, जनपद सदस्य, अभनपुर, संतोषी रामेश्वर बंजारे, सरपंच, ग्राम सोनपैरी, पुरुषोत्तम लाल ध्रुव, सरपंच, ग्राम खुड़मुड़ी आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में LIC के प्रदीप साह, राहुल कहार, सुनील सतनामी, गोपाल सरकार, विकास आदि अधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

यह कार्यक्रम गांव के विकास की दिशा में एक नई पहल और ग्रामीण समुदाय के सशक्तिकरण का प्रतीक है। बीमा ग्राम योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी, बल्कि गांवों के समग्र विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

जिला स्तरीय प्रतिभा खोज निंबध प्रतियोगिता 22 को

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगर के साहित्यकार पदुमलाल पुन्ना बख्शी की स्मृति मे जिला स्तरीय प्रतिभा खोज निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर को बख्शी स्कूल में किया गया है ।

प्रदेश के लाखों किसान, व्यापारी होंगे लाभान्वित : पारवानी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर की मांग पर प्रशासन ने मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान की जिसके लिए चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के समस्त व्यापारियों और किसानों की ओर से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि मंडी शुल्क और कृषक कल्याण शुल्क में छूट को लेकर चेंबर द्वारा पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी एवं कृषि मंत्री माननीय रामविचार जी को ज्ञापन सौंपा गया था।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि किराना, दलहन एवं अनाज पर विगत कई वर्षों से मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान की जाती रही है इससे प्रदेश के व्यवसायी पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धी दरों पर व्यापार कर पाते हैं। विगत वर्ष भी छूट प्रदान की गई थी जो वर्तमान में मार्च 2023 को समाप्त हो गई थी। श्री पारवानी ने मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में दिनांक 13 मार्च 2024 से 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ की समस्त मंडियों में मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में पूर्णता छूट प्रदान करने हेतु प्रदेश के समस्त व्यापारी और किसानों की ओर से प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं कृषिमंत्री माननीय श्री राम विचार नेताम जी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

पद्मविभूषण तीजन बाई के इलाज में नहीं होनी चाहिए कोई कमी: मंत्री जायसवाल

■ स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल विधायकों के साथ तीजन बाई से मिलने पहुंचे गनियारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, पंडवानी की लोक गायिका पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई की हालत जानने आज उनके निवास गांव गनियारी (विकासखंड पाटन, जिला दुर्ग) पहुंचे। उन्होंने पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई को प्रदान किया। श्री जायसवाल ने परिवार में नौकरी की माँग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बाते कही।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण श्रीमती तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। तीजन बाई के इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने श्रीमती तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, श्री ललित चंद्राकर और श्री गजेंद्र यादव,संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर, सीएमएचओ और स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

चुनौतियों का समाधान ... जीवन के वास्तविक आनंद और सुंदरता को पाने के लिए पाँचों इंद्रियों से परे जाने की आवश्यकता

आधुनिक समय की आवश्यकता है ध्यान : गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

रायपुर/नवप्रदेश। वर्तमान समय में विश्व जिन समस्याओं से जूझ रहा है, उनमें सबसे बड़ी समस्या मानसिक स्वास्थ्य की है। आज एक ओर लोगों में आक्रामकता और हिंसा बढ़ रही है तो दूसरी ओर वे अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति से पीड़ित हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्ल्यूएचओ के अनुसार, आज 1 अरब से अधिक लोग विभिन्न मानसिक रोगों से ग्रस्त हैं। यह एक स्वस्थ समाज की निशानी नहीं है। किसी भी समाज के विकास और समृद्धि के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना बहुत आवश्यक है और ऐसा केवल ध्यान के माध्यम से ही किया जा सकता है।



ध्यान जीवन की गहरी समझ लाता है। हमारा जीवन प्रकृति का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है किंतु हम इस उपहार को सदैव आवरण में लपेट कर रखे रहते हैं, कभी खोलते ही नहीं। जरा कल्पना करें कि कोई आपको उपहार दे और आप उसे खोलें भी नहीं, तो आप उसकी सुंदरता का आनंद कैसे उठाएंगे?

हम कभी शरीर रूपी आवरण को निहारते रहते हैं, कभी उसमें दोष निकालते हैं या फिर उसकी प्रशंसा करते हैं लेकिन हम उसके भीतर के आत्मारूपी कोष की खोज नहीं करते। हममें से प्रत्येक व्यक्ति आनंद और अनुग्रह का स्रोत है। इसका अनुभव करने के लिए, जीवन के वास्तविक आनंद और सुंदरता को पाने के लिए आपको पाँचों इंद्रियों से परे जाने की आवश्यकता है।

आपका निर्णय समय-समय पर बदलता रह सकता है। आप किसी को देखते हैं और उसके विषय में एक राय बनाते हैं लेकिन थोड़ी देर बाद आपको ऐसा लग सकता है कि आपका विचार गलत था। हमारा मस्तिष्क अक्सर ऐसे ही कई पूर्वाग्रहों से भरा रहता है। इन पूर्वाग्रहों से ऊपर उठने और अपनी छठी इंद्रिय तक पहुंचने के लिए आपको ध्यान करने की आवश्यकता है। केवल ध्यान ही आपको बुद्धि के पूर्वाग्रहों से पार जाने में मदद कर सकता है।

जीवन वास्तव में छठी इंद्रिय, अंतर्ज्ञान या सहजबोध की अनुभूति से शुरू होता है

जीवन वास्तव में छठी इंद्रिय, अंतर्ज्ञान या सहजबोध की अनुभूति से शुरू होता है। सहज बोध की अनुभूति क्या है? आपकी बुद्धि कोई मार्ग चुनने के लिए तार्किक तर्क दे सकती है लेकिन आपकी अन्तःप्रज्ञा कहती है कि 'नहीं मुझे यह मार्ग नहीं चुनना चाहिए, मुझे दूसरा मार्ग चुनना चाहिए।' जब आप ऐसा करते हैं तो आप अपने निर्णय से संतुष्ट और प्रसन्न होते हैं। इसी तरह कई बार आपके निर्णय गलत हो सकते हैं, आपकी बुद्धि भूल कर सकती है लेकिन आपकी अन्तःप्रज्ञा या इन्ट्यूशन कभी गलत नहीं हो सकता। आपका निर्णय समय-समय पर बदलता रह सकता है।

रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 का हुआ सरलीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य उपचार्यगृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 में संशोधन करते हुए चिकित्सा संस्थानों को बड़ी राहत देते हुए नई अधिसूचना जारी की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस बदलाव को स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। इस अधिसूचना के तहत 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को छत्तीसगढ़ राज्य उपचार्यगृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु नियमों को लचीला बना दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार अब प्रदेश में सभी क्लिनिक को आवेदन के साथ निर्धारित मापदंडों का पालन करने हेतु शपथ पत्र देने पर स्वत लाइसेंस दे दिया जाएगा, जिसे वे ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें से 10 प्रतिशत संस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा और यदि कोई कमी पाई गई तो एक माह के भीतर उक्त कमियों को दूर करना होगा। 1 से 10 बिस्तर तक के अस्पतालों को आवेदन के साथ मापदंडों का पालन करने हेतु शपथपत्र देने पर लाइसेंस प्रदान कर दिया जाएगा तथा 3 महीने के अंदर उन्हें मापदंडों को पूरा करना होगा। 11 से 30 बिस्तर तक के अस्पतालों को नियमों के तहत आवेदन करना होगा तथा चिकित्सा अधिकारी के द्वारा उनका 3 महीने के अंदर उनका निरीक्षण कर लाइसेंस जारी किया जाएगा ।

जिला प्रशासन का मावा मोदोल योजना संवेदनशील क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए होगा वरदान साबित

■ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के युवा छात्र छात्राओं के भविष्य को गढ़ने सार्थक पहल

कांकेर/नवप्रदेश। ज़िला प्रशासन कांकेर द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवा छात्र छात्राओं के लिए अभिनव पहल ÷मावा मोदोल÷ से ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की तकदीर सुधरेगी इसकी कवायद शुरू हो चुकी है।

मावा मोदोल योजना का फोकस सीधे नक्शल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थीयों हेतु प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में प्रारंभ किया गया है जिसमें छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से चयन सूची जारी किया गया है। जिसमें प्रथम 200 छात्र-छात्राओं के लिए कक्षाऐं 17 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार से प्रारंभ कर दिया गया है।इस निःशुल्क कोचिंग में चयनित छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा पीएससी/रेल्वे/व्यापम व अन्य प्रतियोगी परीक्षा

की तैयारी की जावेगी। क्षेत्र के लोगों की पहले से ही मांग रहा है कि जिले में एक अच्छी कोचिंग की सूविधा प्रदान कर सकें, मांगो को ध्यान में रखकर तथा प्रतियोगी परीक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा मावा मोदोल के तहत निःशुल्क कोचिंग संस्थान की स्थापना की गई है।

निःशुल्क कोचिंग संस्थान में विषयवार विषय विशेषज्ञों की व्यवस्था की गई है कोचिंग संस्थान दो पालियों में संचालित किया जायेगा। प्रथम पाली प्रातः 8:00 बजे से 9 बजे तक भुगोल, 9 बजे से 10 बजे तक सामान्य अध्ययन छत्तीसगढ़, 10 से 11 राजनीति, 11 से 12 बजे तक मैथ्स एवं रिजनिंग की कक्षायें संचालित किया जा रहा है प्रथम पाली में भानुप्रतापपुर मुख्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु आरक्षित रखा गया है। द्वितीय पाली में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक संचालित किया जावेगा द्वितीय पाली में विकासखंड दुर्गकोंदल, अंतागढ, कोयलीबेडा, पखांजुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक बैच एक-एक घण्टे की विषयवार कक्षायें आयोजित किया जावेगा। फैकल्टी में भुगोल, राजनीति, गणित रिसनिंग, छग, सामान्य ज्ञान, के विषय विशेषज्ञों की सेवाये ली जा रही है। यह सभी फैकल्टी कोरबा, भिलाई, बिलासपुर के संस्थानों में सेवायें दे चुके है। जिला प्रशासन ने सभी चयनित छात्रों को जारी समय सारिणी अनुसार अध्यापन कक्ष में उपस्थित होने हेतु सूचना प्रसारित किया है।

न्यूज गैलरी

दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया सुशासन दिवस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय से लेकर कलेक्टर गेट तक साइकिल रैली भी निकाली गई। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सरकार के द्वारा रेड रिबन काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें सुशासन दिवस पर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं उपलब्धियों की चर्चा भी की गई। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं को छात्र-छात्रा के मध्य सांझा किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, संगोष्ठी में छात्रा-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्रंथपाल कार्यक्रम संयोजक एवं सदस्य सुश्री प्रभा मांझी, डॉ. दिनेश कुमार लहरी, डॉ. भारती रजक, के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता गण, कर्मचारीगण एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरू घासीदास की जयंती

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। डी.ए.वी.मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल हितावर तहसील कुआकोण्डा जिला दंतेवाड़ा में हर्षोल्लास के साथ गुरु घासीदास जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य बी.के.शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प गुरू घासीदास की छायाचित्र पर अर्पित करके किया गया। प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि प्रति वर्ष 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के रूप में मनाया जाता है यह दिन सतनामी समाज और छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गुरु घासीदास जी ने सतनामी समाज की स्थापना की थी, जो एक समाज सुधार आंदोलन था। सामाजिक न्याय और समानता के लिए काम किया था, और उनके आदर्शों को आज भी माना जाता है।

पुराने दिग्गजों को छोड़कर युवाओं पर व्यापारियों ने जताया भरोसा

कांचेका चुनाव में युवा शक्ति पैनल की एकतरफा जीत, सारे पदों पर युवा पैनल का कब्जा

■ कांचेका के नए अध्यक्ष बने अनूप तो दिनेश रजक महामंत्री

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव करीब 6 साल बाद संपन्न हुआ। लंबी कवायद के बाद अंततः17 दिसंबर को दो पैनलों के बीच मुकाबला था। सुबह से ही भारी गहमा गहमी के बीच मतदान संपन्न हुआ। देर शाम तक नतीजा आया।कांचेका चुनाव के जो नतीजा आया वो कांकेर व्यापारी संघ के लिए एक नई राजनीति का पदार्पण हुआ। चुनाव में दो पैनल के बीच सीधी टक्कर माना जा रहा था। लेकिन शाम को जो नतीजा आया वो चौंकाने वाला निकला युवा शक्ति पैनल ने अब तक के सारे रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए युवा पैनल के सारे प्रत्याशी विजय घोषित किया गया।दूसरे पैनल के एक भी प्रत्याशी जीत नहीं पाए। युवा पैनल के जीत के साथ ही कांचेका में एक नई सूरज का मानो उदय हुआ हो

कांचेका चुनाव ने तोड़े सारे रिकॉर्ड ....

कांकेर चेंबर ऑफकॉमर्स चुनाव में पिछले अब तक चुनाव में जिस प्रकार के नतीजे सामने आए है।उस नतीजे ने आने वाले समय के चुनाव की सारी पारदर्शिता को तोड़ दिया है।इस चुनाव नतीजे ने पूर्व में हुए कांकेर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

कांकेर चेंबर ऑफकॉमर्स चुनाव में युवा शक्ति पैनल को एकतरफा जीत मिली है जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनूप शर्मा महामंत्री प्रत्याशी दिनेश रजक समेत उपाध्यक्ष पद के तीनों प्रत्याशी और मंत्री पद के तीनों प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है बता दें आदर्श व्यापार पैनल की चेंबर चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है।इस जीत के बाद युवा शक्ति पैनल के कार्यकर्ताओं ने देर रात तक जश्न में डूबी रही।।

आदर्श व्यापार पैनल में शामिल और वर्तमान में चेंबर में पदाधिकारी रहे दिग्गज व्यापारीयो को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें पूर्व कांचेका अध्यक्ष महिपाल मेहरा गफ्फार मेमन अनुराग उपाध्याय जैसे नामचीन लोगों को हार का सामना करना पड़ा। इधर युवा शक्ति पैनल में शामिल लोगों के प्रति व्यापारियों ने जो भरोसा जताया उस पर एकतरफा जीत हासिल कर कांचेका चुनाव के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

कांचेका चुनाव में दिग्गजो की हार

आदर्श व्यापार पैनल में शामिल और वर्तमान में चेंबर में पदाधिकारी रहे दिग्गज व्यापारीयो को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें पूर्व कांचेका अध्यक्ष महिपाल मेहरा गफ्फार मेमन अनुराग उपाध्याय जैसे नामचीन लोगों को हार का सामना करना पड़ा। इधर युवा शक्ति पैनल में शामिल लोगों के प्रति व्यापारियों ने जो भरोसा जताया उस पर एकतरफा जीत हासिल कर कांचेका चुनाव के नए कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

पखांजूर पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों का काटा चालान

■ तेज़ आवाज़ वाले साइलेंसर को पुलिस ने किया ज़ब्त

■ 21500 रुपए का समन शुल्क वसूला गया

कांकेर/नवप्रदेश। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुध्द पखांजूर पुलिस ने बिना हेलमेट बिना लाइसेंस तीन सवारी पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 21500/ की राशि वसूल किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलेसेला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर डॉ.प्रशांत शुक्ला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजूर तथा थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के मार्गदर्शन में थाना पखांजूर क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने, मोडिफाई सायलेंसर लगाने तेज रफ्तार वाहन चलाने बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाले वाहन चालाकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया गया है।मोटर व्हीकल एक्ट के कुल 19 प्रकरण चालानी कार्यवाही कर समंन शुल्क राशि 21500/रु. रुपये वसूल की गई। उपरोक्त चालानी कार्यवाही करने में सउनि. समोद शर्मा, प्र.आ.ररुबेन टोप्पो आर.दिलीप सलाम आर.साजन सलाम का विशेष योगदान रहा।

मोटर व्हीकल एक्ट के कुल 19 प्रकरणों पर चालानी कार्यवाही

तेज रफ्तार वाहन चलाने बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाले वाहन चालाकों के खिलाफमोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया गया है। मोटर व्हीकल एक्ट के कुल 19 प्रकरण चालानी कार्यवाही कर समंन शुल्क राशि 21500/रु. रुपये वसूल की गई।

शहीद वीर नारायण की प्रतिमा का अनावरण

नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार क़े खिलाफअंग्रेजों से लड़ाई लड़ी

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर में बुधवार को शहीद वीर नारायण की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने सर्व आदिवासी समाज की उपस्थित में शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह गरीबों की प्राण रक्षा एवं आत्मसम्मान क़े लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिए जो हम सब क़े लिए प्रेरणादायक है।कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अन्याय और अत्याचार क़े खिलाफ अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। उन्होंने अंग्रेजों क़े विरुद्ध क्रांति का बिगुल फूंका दिए। अंग्रेजी सरकार ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर क़े जय स्तम्भ चौक में फांसी दे दी गई।

इस दौरान पार्षद भगवान सिंह कुंजाम,चंद्र कुमार कटझरे,नरेंद्र कुलदीप, रजिंद्र रंधावा,कमलेश गावडे, मनीष साहू, पंकज वाधवानी, मनीष योगी,रूपेंद्र मरकाम, जया धामेचा,चेतन मरकाम,राजकुमार ठाकुर,विष्णु कचलाम,मेहर सिंह वट्टी,राजेश तिवारी, अमर कचलाम,संजू नेताम तुषार ठाकुर,निकेश ठाकुर,मुकेश चंद्राकार,हितेश तिवारी, भगवती गजेंद्र,सीमा सेन गुप्ता,गोपाल राठी, गिरधारी नरेटी,राधेलाल नूरेटी,मोहन मंडावी समेत बड़ी संख्या में आदीवासी समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

महान संत बाबा घासीदास ने ऊंच-नीच मिटाकर मानव को एक रहने का संदेश दिया : मुख्यमंत्री

■ उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन भी हुए शामिल

कोरबा/नवप्रदेश। सतनामी कल्याण समिति कोरबा के द्वारा तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बाबा गुरुघासीदास जी एक महान संत थे। 18वीं शताब्दी में उन्होंने जाति-पाति, ऊंच-नीच और समाज में व्याप्त असमानताओं, कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्य किया। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। आज उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रहा है। हम सभी उनके सन्देश को अपनाते हुए मिलजुलकर रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य कर रही है। यहाँ प्रचुर मात्रा में बहुमूल्य खनिज, वन सम्पदा की बहुलता है साथ ही मेहनतकरने वाले लोग यहां रहते है। हम सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे। उन्होंने समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, एकजुट रहने और छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए विकास की राह में आगे बढ़ने की बात कहते हुए सभी को गुरु पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी और लगभग 90 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और सतनामी समाज को रियायती दर पर जमीन आबंटन करने की घोषणा की।

सतनाम प्रांगण ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित गुरु घासीदास समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज बाबा गुरुघासी दास की जयंती में जगह-जगह कार्यक्रम में शामिल होने का पुण्य अवसर मिल रहा है और यह भी सौभाग्य की बात है कि ऊर्जाधानी कोरबा से कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सबको साथ लेकर आगे चलते हैं। उनका नारा ÷सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास÷ है जिसे छत्तीसगढ़ की सरकार ने भी अपनाया है और इसी दिशा में सभी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी से लेकर अन्य स्थानों को विकसित करने का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया। समाज का आशीर्वाद हमेशा बनी रहे और समाज आगे बढ़ता रहे यही हमारी कामना है। उन्होंने कहा कि अभी एक साल पूरे हुए हैं और हम जनादेश परब मना रहे हैं। एक साल के कार्यकाल में जो भी वादा था उसे पूरा किया गया है।

प्रदेश सरकार के एक साल पूरे होने पर जिला प्रशासन ने गिनाई जिले की उपलब्धि

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार के एक साल पूरे होने पर जिला प्रशासन खैरागढ़ ने भी एक साल की उपलब्धि सामनें रखी है । खैरागढ़ जिले मे पिछले एक साल मे किए गए कार्यो का ब्योरा देते बताया गया कि इस साल जिले मे कुल 6277 कृषको की बढ़त के साथ 71557 किसान धान खरीदी के लिए पंजीयन किए गए है । अब तक हूई खरीदी मे 33810 किसानों लगभग 47 फीसदी ने धान बेचा है । इस साल जिले मे रिकार्ड 84412.63 हेक्टेयर मे धान की फसल ली गई हे । किसानों को अब तक 406 करोड़ रू से अधिक का भुगतान किया गया है । जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से एक साल मे 8159 जरूरतमंद हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड और दो नए राशन दुकान उपलब्ध कराए गए हे । वित्तीय वर्ष 24-25 में धान उपार्जन मे कुल कृषक संख्या के आधार पर जिला राज्य मे तीसरे और कुल धान के रकबा मे विक्रय अनुसार चौथे स्थान पर काबिज है । महतारी वंदन योजना के तहत जिले में कुल 1 लाख 17 हजार महिलाओं को विगत नौ माह मे कुल 98 करोड़ 72 लाख 41 हजार 950 रू का भुगतान खातों मे किया जा चुका है । साल भर मे ही जिले के 94 ग्रामों मे जलजीवन मिशन के तहत टंकी निर्माण कार्य और 143 ग्रामों मे पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है । 45 ग्रामों मे सौ फीसदी घरेलू नल कनेक् शन देकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति 40 ग्रामों मे हर घर जल प्रमाणीकरण कर योजना का संचालन पंचायतों द्वारा किया जा रहा है । 53 नलकूप खनन 26 मे हैंडपंप और 27 मे नलजल स्त्रोत स्थापित किए गए है । प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साल भर मे ही जिले मे 13569 हितग्राहियों के लक्ष्य मे 10282 लोगो को आवास की स्वीकृति दी गई है 29 हितग्राहियों का आवास पूर्ण कराया गया है । पीएम जनमन योजना तहत 850 आवासो की स्वीकृति में 139 पूर्ण किए जा चुके है । रामलला दर्शन योजना के तहत जिले मे एक साल मे 180 लोगो को अयोघ्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन कराए जा चुके है । एक वर्ष मे 608 स्वसहायता समूहो को 60 हजार रू प्रति समूह सीआईएफ 3 करोड़ 64 लाख 80 हजार रू, 292 समूहो को 15 हजार प्रति समूह के दर से 43 लाख 80 हजार चक्रिय निधि और वित्तीय वर्ष मे 1115 समूहो को 25 करोड़ 34 लाख के क्रेडिट लोन जारी किए गए है ।

प्रथम तीन का शेष

विकास की गंगा ऐसी बही : स्वास्थ्य मंत्री के ...

में ग्राम के अंतिम छोर तक विकास का दावा किया जा रहा ऐसे में यह तस्वीर खुद विकास को बयां कर रही कि विधानसभा के जनप्रतिनिधि ग्राम के अंतिम छोर तक अब भी नही पहुँच सके हैं जबकि विगत एक वर्ष पूर्व भी इस तरह का मामला एमसीबी जिले के ख?गवां जनपद पंचायत अंतर्गत आ चुका है फिर भी जिम्मेदार इस और कोई विशेष पहल नही कर पाये अब दुबारा यह खाट की तस्वीर विकास के दावों को आमजनों के बीच सोचने को मजबूर कर रही ।वही जानकारी खाट पर लेते व्यक्ति को गंभीर बीमारी ने घेर लिया हैं, जिससे पीड़ित व्यक्ति की हालत गंभीर हो चली थी। इस घटना का वीडियो अब सोसल मीडिया में वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि एमसीबी जिला सरगुजा संभाग के अंतर्गत आता है जो कि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री का गृह क्षेत्र है। साथ ही क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का निर्वाचन क्षेत्र भी हैं। बावजूद इसके उनके क्षेत्र में इस तरह की अप्रिय स्थिति विकास के दावों की पोल खोलती नजर आती है। क्योंकि ग्राम पंचायत सरभोका के आश्रित पण्डो बस्ती तक जाने के लिए पक्की सड़क नही बन सकी है। जिसकी वजह से यहां तक एंबुलेंस या अन्य चार पहिया वाहन नहीं पहुंच पाते हैं।

अमित के खिलाफविपक्ष का ...

के साथ ही कई दलों के प्रमुख नेता मौजूद थे। प्रदर्शन कर रहे नेता बाबा साहब की तस्वीर हाथ में लेकर भीमराव अंबेडकर की जय और मोदी सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मानसिकता का परिचय दिया है और बाबा साहब का संसद में अपमान किया है।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोथिया ने कहा, अमित शाह जी ने संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के लिए अपमानजनक बयान दिया। इससे आरएसएस-भाजपा की मनुवादी सोच उजागर होती है। बाबा साहब के संविधान में दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को बराबरी का हक मिला है। अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए।

जहां गड़बड़ी मिल रही ...

कहा कि जल जीवन मिशन के काम को कांग्रेस ने कैसे किया, ये सब जानते हैं। कांग्रेस के कारण अव्यवस्था पैदा हुई है। जहां गड़बड़ी मिल रही है, वहां कठोर कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस का हल्ला बोल रैली ...

शांति लाना है, लेकिन किसी निर्दोष आदिवासियों को मार कर नहीं। बीते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का दौरा था, हमारे आदिवासी बच्चों को गोली लगी, गुपचुप तरीके से प्रशासन ने उसे दबाने का प्रयास किया, ताकि यह दिखाया जा सके कि बस्तर नक्सलवाद खात्मे की ओर है।

जिम्मेदार कौन है ? - उन्होंने कहा कि वहां पर लगातार हत्याएं हो रही हैं। एक हफ्ते में पांच लोगों की हत्याएं हुई हैं, इसका जिम्मेदार कौन है ? इस घटना को सरकार ने छुपाने का प्रयास किया और झूठी रिपोर्ट पेश की। गृह मंत्री को तसल्ली देने का काम किया। आज वह सच्चाई सामने आई कि तीन से चार आदिवासियों को गोली लगी है, राज्य सरकार इसकी जिम्मेदार है।

डिप्टी कलेक्टर की कार...

पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। बताया गया है कि डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके पिछले कुछ सालों से बीजापुर में ही पदस्थ है। अभी वे भोपालपटनम जनपद पंचायत सीईओ के भी प्रभार में है।

अनवर ढेबर के करीबी...

दो सालों में इकबाल मेमन ने दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां खरीदी हैं।

शराब सिंडिकेट और संपत्ति निवेश की जांच जारी : ईडी की टीम द्वारा मैनपुर और गरियाबंद में चल रही यह कार्रवाई बड़े आर्थिक और व्यापारिक घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शराब सिंडिकेट के पैसों को संपत्ति में निवेश करने और वित्तीय गड़बडियों के

श्रीराम वारियर्स, बीबी ब्लास्टर राइजिंग और चैलेंजर ने जीते अपने पहले मैच

खैरागढ़/नवप्रदेश । शहर के फतेह मैदान मे आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट खैरागढ सुपर लीग के दूसरे दिन आयोजित चार मैचों श्रीराम वारियर्स, बीबी ब्लास्टर, राइजिंग चैंपियन और अल्ट्राट्रेक चैलेंजर ने अपने अपने मैच मे जीत दर्ज की । दूसरे दिन का पहला मैच श्रीराम वारियर्स और खैरागढ़ टाइटंस के बीच खेला गया । इस मैच में श्रीराम वारियर्स ने अंकित के ताबड़तोड़ 49 रनो की सहायता से निर्धारित 8 ओवरो मे 105 रन बनाए । जवाबी पारी खेलने उतरी खैरागढ़ टाइटंस निर्धारित लक्ष्य से 26 रन पीछे रह गई । टाइटंस की ओर से विक्की ने 37 रनो की धुआंधार पारी खेली । दूसरे मैच मे बीबी ब्लास्टर ने पहले बगेबाजी करते निर्धारित आठ ओवरो मे रूपेन्द्र के ताबड़तोड़ 54 रनो की मदद से 125 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया । जीत के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नावेल्टी लायंस निर्धारित ओवरो मे लक्ष्य हासिल नही कर पाई और 55 रनो के बड़े अंतर से हार गई । तीसरे मैच मे किंग आफ पिच ने पहले बगेबाजी करते विक्की के 36 रनो की धुंआधार पारी की बदौलत निर्धारित 8 ओवरो मे 70 रन बनाए । निर्धारित 71 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग चैंपियन ने ओमी के धुंआधार 56 रनो की पारी की बदौलत 6 विकेट से जीत दर्ज की । आखिरी मैच मे पहले बगेबाजी करने उतरी अल्ट्राटेक चैलेंजर ने निर्धारित ओवरो मे 80 रन बनाकर द इंजीनियर्स के सामने 81 रनो की चुनौती रखी ।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./बी-121/2024-25
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संकल्प डेनियल आ. संजय जाति सतनामी निवासी भथरी तहसील जरहागांव जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पुत्री आयुषी डेनियल आ. संकल्प डेनियल की जन्म दिनांक 24/11/2021 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत न.पा.प. मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/12/2024 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुंगेली

■ न्यूज गैलरी

तरेंगा में साहू समाज रंग मंच का हुआ लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा में जिला पंचायत 15 वे वित्त से निर्माण साहू समाज के रंग मंच का लोकार्पण एवं चक्रधारी समाज के बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्माननीय शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं विशेष अतिथि इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि के द्वारा किया गया इस कार्य से साहू समाज एवं चक्रधारी समाज

के लोगों ने शिवरतन शर्मा एवं कविता कुमलेश देवांगन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर, महामंत्री पवन वर्मा, सुनील यदु गांव के उपसरपंच दशरथ आडील , दिलीप चक्रधारी, मनोज चक्रधारी, राकेश चक्रधारी,संतोष चक्रधारी, डिगा साहू, टीका साहू, परमेश्वर साहू, छन्नू साहू, प्रेमलाल साहू, परमानंद साहू, रामगुलाल साहू, सचिव रोहित प्रजापति, रोजगार सहायक,जलेश्वर यदु, भोला देवांगन सहित सभी समाज प्रमुख एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सतनाम संदेश देने निकली बाइक रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरु घासीदास बाबा की 268 वी जयंती पर्व के उपलक्ष में 1 दिसंबर से सुबह प्रभात फेरी मिनीमाता से रोजाना निकल रही है वही सतनाम संदेश देने मंगलवार को भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया,जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज के फलित भारती ने बताया कि नगर के सभी वार्ड में बाबा जी का सत्य जय जय

सतनाम कहकर सतनामी समाज के बच्चे नवयुक बुजुर्ग द्वारा प्रभात फेरी में मिनी माता भवन से रोजाना निकाली जा रही है वही 17 दिसंबर को बाइक रैली भी निकाली गई जिसमें समाज की माता बहने पुरुष बच्चे शामिल हुए।रैली की अगुवाई समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे ने की। बाइक रैली मिनीमाता प्रांगण से प्रारंभ कर सतनामी चौक होते हुए सदर बाजार रामसप्ताह, अस्पताल चौक, स्टेशन चौक माता देवालय होते हुए पटपर बस स्टैंड होते वापस मिनीमाता में बाइक रैली का समापन हुआ ।

गिरोधपुरी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने की पार्किंग व्यवस्था

भाटापारा/नवप्रदेश। गिरोधपुरी मेला में आने वाले भक्तों के लिए जिला यातायात पुलिस द्वारा मेला स्थल के समुचित यातायात पार्किंग व्यवस्था की गई है। यातायात डी एस पी अमृत कुजूर ने बताया कि मड़वा चौक से आने वाले समस्त वाहन मेन गेट के पहले क्वाश्र्व तिराहा के पास और हेलीपैड के पास पार्किंग करेंगे ।महकोनी जाने वाले हेलीपैड से होते हुए जैतखाम के पीछे से होकर जा सकते हैं।वही छाता पहाड़ जाने वाले छाता पहाड़ तिराहा, जोक नदी, अर्जुनी बैरियर होते हुए महाराजी, पुराना रेस्ट हाउस के पास ट्रैक्टर, बस और पिकअप वाहन पार्किंग करेंगे ।इसके अलावा छाता पहाड़ जाने के लिए चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल छाता पहाड़ के पास पार्किंग में वाहन पार्किंग कर दर्शन के लिए पैदल जाएंगे।श्री कुजूर ने बताया कि समस्त शासकीय वाहनों की पार्किंग पुलिस चौकी के पीछे पार्किंग स्थल में होगी वही उन्होंने समस्त वाहन चालको से अपील की है कि निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करना सुनिश्चित करें अनावश्यक रोड के ऊपर कोई भी वाहन को खड़ी नहीं करेंगे।

बीएम और चार बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

डेड हो चुके खातों से निकालते थे पैसा

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला बैंक में बंद हो चुके खातों से पैसों को निकाले जाने की घटना सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ में स्टेट बैंक आफ इंडिया में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने उन बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है जो डेड हो चुके बैंक खातों से पैसे निकाल लिया करते थे। पुलिस ने ब्रांच अफसर सहित चार बैंककर्मियों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा कबीरधाम में हुआ है, जिसके बाद अब अन्य बैंकों में भी जांच शुरू हो सकती है। कवर्धा एसपी धर्मेंद्र सिंह ने इस मामले में स्टेट बैंक आफ इंडिया के शीर्ष अधिकारियों से बातचीत की है। कवर्धा पुलिस की एसबीआई बैंक के अफसरों पर की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। इन अधिकारियों पर आरोप है कि उनके ब्रांच में मृतक लोगों के खाते जो वर्षों से बंद पड़े थे ,उन खातो को एक्टिवेट करा कर उस खाते से लाखों रुपए निकाल लिए।

इधर काफी दिनों बाद जब खातेदार के रिश्तेदार बैंक गए, तब उन्हें पता चला कि उनके परिजन के खातों से राशि निकाल ली गई है।

इस संबंध में पुलिस में शिकायत की तब पुलिस के तहकीकात से पता चला कि जो बैंक खाता सालों से बंद पड़े रहते हैं, तो उसकी राशि आरबीआई के पास चली जाती है। जिसके बाद बैंक के अधिकारी चालाकी से उसे खाते को पुनः एक्टिव कर कर उसमें की राशि आहरण कर लेते थे, पुलिस ने ऐसे कृत्य से जुड़े एसबीआई बैंक के तत्कालीन चार अधिकारियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया है।

बाबा गुरु घासीदास ने आदर्श जीवन की राह दिखाई : प्रो. चक्रवाल

■ केन्द्रीय विश्वविद्यालय में गुरु घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव आयोजित

बिलासपुर/ नवप्रदेश। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय केंद्रीय विश्वविद्यालय मे गुरू घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि युगदृष्टा बाबा गुरु घासीदास जी ने हम सभी को जीवन जीने का पाठ पढ़ाया। बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज के अंतिम व्यक्ति को जागरुक करने की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि जीवन में समर्पित भाव और पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना आवश्यक है।

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर अपने प्रयासों से समाज के हित में कार्य करता है तथा आज के शुभ अवसर पर इसी क्रम में अपने सामाजिक दायित्वों को समझते हुए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने रक्त संबंध सरोकार योजना का शुभारंभ किया है। इसके माध्यम से रक्तदान के प्रति युवा विद्यार्थियों को प्रेरित कर प्रत्येक माह रक्तदान किया जाएगा, जिससे समाज में जरुरतमंदों को रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुशांत शुक्ला, विधायक, बेलतरा विधानसभा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास से ही विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को अग्निवीर जैसी योजनाओं के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करे। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का अग्रणी केन्द्र है। श्री शुक्ला ने कहा कि नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करना आवश्यक है। साथ ही विश्वविद्यलया में राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं का विकास किये जाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट, गुजरात की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि यह विश्वविद्यालय महान संत गुरु घासीदास जी के नाम एवं उनके बताये सन्मार्ग पर चल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निर्देशित अनुभवजन्य शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय में निरंतर कार्य हो रहे हैं। हमारे संत समाज ने हमेशा मूल्य आधारित जीवन पद्धति के लिए प्रेरित किया है।

चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने चार बूथ अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी की

■ बसंतपुर शीतला मंदिर में हुई बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी चुनाव महापर्व अभियान के तहत अपने मिशन में युद्ध स्तर पर जुट चुकी है। शक्ति केंद्र क्रमांक 9 के चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने बताया कि प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न करने हेतु मंडलों में जितने भी बूथ है सभी के चुनाव संपन्न करने हेतु बूथ अध्यक्षों की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। इसी तारतम्य में चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने वार्ड क्रमांक 42 व 46 में चुनाव प्रक्रिया का पालन करते हुए फॉर्म ग़ के तहत प्रस्तावक एवं सहमति का पूर्ण रूप से पालन करते हुए बूथ क्रमांक 51 में आजूराम साहू की बूथ अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। इसी तरह से बूथ क्रमांक 54 में विजय देवांगन, बूथ क्रमांक 53 में शिव साहू एवं बूथ क्रमांक 55 में टिकेश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष बनाए गए।

बैठक शीतला मंदिर बसंतपुर में रखी गई थी। जिसमें प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव प्रवीण यादव, शिव कुमार, रामेश्वर यादव, टिलेश्वर ठाकूर, तीरथ साहू, धनेश कुमार यादव, अजनू साहू, खिलेन्द्र कुमार सेन, बिजय देवांगन, राजा साहू, नरेन्द्र यादव, संतोष यादव, सोमश कुमार साहू, मेमदास साहू, , लता देवांगन, संतोषी देवांगन, मोतिम मंडावी, अमरौतिन यादव, पार्वती साहू, सुनील कुमार उइके, उमेश मेश्राम, हेमू राम सेन, सुनील, मोहन सिंह, नरेश सारथी, मयंक, रामशरण गुप्त, सालिक यादव आदि बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मनोकामना पूर्ण ईशर गवरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं गवरा दाई महिला सेवा समिति जिला बलौदाबाजार भाटापारा के तत्वावधान में परमश्रद्धेय गोंडवाना गुरुदेव दुर्गेभगत गुरुमाता दुर्गे दुलेश्वरी के सानिध्य तथा आशीर्वाद से अगहन पूर्णिमा के विशेष पावन पर्व में जिला स्तरीय पूर्ण ईशर गवरा महोत्सव रावन भाटा मैदान भाटापारा में बड़े धूमधाम से मनाया गया।

गोडियन समाज द्वारा लुप्त होते धर्म संस्कृति रीति नीति परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा शक्ति जागरण के रूप में पूर्ण रात जागरण कर ईशर गवरा के पूर्ण विवाह संपूर्ण रीति रिवाज के मनाया गया। तथा समाज में फैले भय और भ्रम को मिटाते हुए शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा समाज स्वावलंबी बनाने प्रेरित किया गया। समाज में फैले नशा पान को दूर कर अपने समाज को शिक्षित बनने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोंडवाना गुरू माता दुर्गे दुलेश्वरी सिदार, अध्यक्षता अनुसूईया नेताम, विशिष्ट अतिथि के रूप में इन्द्र साव विधायक , गणेश ध्रुव सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग, सतीश अग्रवाल कांग्रेस नेता,बंशीलाल नेताम अध्यक्ष मावली महासभा, रमेश कुमार मंडावी सीईओ जनपद पंचायत बिछिया मध्य प्रदेश, श्रीमती वंदना मंडावी सदस्य महिला आयोग, विशेष अतिथि के रूप में कृपा राम जगत प्रवक्ता मावली महासभा, नरेश नेताम चक अध्यक्ष लेवई, दौलत कुंजाम चक अध्यक्ष टोनाटार, संतराम नेताम चक अध्यक्ष मोपका,गों ध सं सं समिति छ ग गों संघ एवं गवरा दाई महिला सेवा समिति से सिया मंडावी संरक्षक,लच्छन मरकाम संयोजक, चन्द्रभान नेताम अध्यक्ष,आर के कुंजाम प्रांतिय महासचिव, गौकरण सिंह कुंजाम कोषाध्यक्ष, सोनऊ ध्रुवे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आर के कुंजाम, एवं मोहन मंडावी ने किया।

भाजपा सरकार ने सभी वर्गो का विश्वास जीता

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि अब की बार नगरी निकाय अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष तरीके से किए जाएंगे जिस पर हर्ष जताते हुए एवं जनता की जीत कहते हुए पार्षद सभापति एवं पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के छात्र संघ सचिव वंश गोपाल सिन्हा ने कहा कि जब सरकार को जनता पर भरोसा नहीं होता है तब वह अप्रत्यक्ष करती है जैसे कांग्रेस से कराया फिर भी अधिकतर भाजपा के अध्यक्ष बने और जब जनता पर भरोसा हो जाता है कि वह वर्तमान सरकार के कार्यों को पसंद कर रही है इसलिए चुनाव प्रत्यक्ष होता हैं जैसे भाजपा कराते आ रही है और वर्तमान में होने? वाले चुनाव में जनता को अपने अध्यक्ष चुनने का अधिकार वापस दिया भाजपा द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव कराया जाना यह दर्शाता है कि भाजपा के सरकार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विष्णु देव साय जी के साथ नगरी निकाय चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री नगरी प्रशासन मंत्री अरूण साव जी ने शहरी क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हो रहे हैं चाहे हम बात करें प्रधानमंत्री आवास योजना की या महतारी वंदन योजना की भाजपा सरकार ने सभी वर्गो का विश्वास जीता है।

साजा क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिए 64 लाख की स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा साजा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिलें साजा विकासखण्ड के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 64 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। अरुण साव उपमुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री बेमेतरा एवं ईश्वर साहू विधायक साजा द्वारा अनुशंसित जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड साजा के ग्राम व ग्राम पंचायत खुरूसबोड़ में मेन रोड़ से तालाब तक सीसी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत रानो के आश्रित ग्राम मुड़िया में जितेश के घर से धनउ के घर तक सीसी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये,. निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपये, ग्राम कारेसरा के पूर्व मा. शाला प्रांगण में सास्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम हाड़ाहुली में सीसी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम जानो में मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम बिरनपुर में शक्ति मंदिर के पास आहाता निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपये, आदि स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

बह रही विकास की गंगा ... आने वाले समय में मंगरलोड क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं

भाजपा के डबल इंजन की सरकार में हो रहा विकास: मोहन मंडावी

■ आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को विजयी दिलाना है

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी वार्ड क्रमांक 8 में सांसद निधि से नवनिर्मित टीना शेड निर्माण लोकार्पण में पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मंडावी मुख्यअतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष विजय यदु की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा,जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा,वार्ड क्रमांक 8 पार्षद दुर्गा साहू, पार्षद झमित सिन्हा,महामंत्री रामायण सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आसंदी से पूर्व सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास हो रहा है,आने वाले समय में मंगरलोड क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं हैं। धमतरी से नगरी बांसकोट कोंडागांव जगदलपुर तक रेल लाइन के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया गया और भविष्य में भी इस संबंध में प्रयासरत रहूंगा रेल मंत्री द्वारा सर्वे की स्वीकृति दी गई जिसके तहत रेलवे मंत्रालय द्वारा सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में सप्त ऋषियों का आश्रम है इसका भी समुचित विकास कर नगरी सिहावा क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप स्थापित किया जाना चाहिए। विशेष अतिथि राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आप लोगों ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत के सभी बुथों में भारतीय जनता पार्टी को भरपूर समर्थन प्रदान किया आगामी नगर पंचायत चुनाव में भी आप लोग भाजपा को समर्थन देकर विजयी बनावें। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है नगर पंचायत क्षेत्र में भी भाजपा की सरकार बनाना है।नगर पंचायत मंगरलोड में भाजपा की सरकार बना कर यहां के विकास को गति देना है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष विजय यदु,नेता प्रतिपक्ष दुर्गा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू साहू,नरेश सिन्हा,विमल ध्रुव,ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी सिन्हा, जनपद सदस्य हीरामन ध्रुव,सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, डीहू राम साहू, दिलीप सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष टीकम

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 07.01.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक हैं तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 07.01.2025 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 06.01.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 07.01.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
अ. श्री अमरजीत रेखी, पिता- स्व. देवेन्दर सिंह, 15वी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (ऋणी) ब. श्रीमती असमीत कौर पति- अमरजीत रेखी, 15वी पॉकेट, मरोदा सेक्टर, सिविक सेंटर, भिलाई-490006 (सह-ऋणी)	फ्लैट नं. 01, ब्लॉक-ए, भूतल, खसरा नं. 44/5, न्यू पलाश टावर, ग्राम- रिसाली, प.ह.नं. 19/22, आरआईसी- दुर्ग-1, तहसील व जिला-दुर्ग, क्षेत्रफल-664.32 में स्थित आवासीय अपार्टमेंट सहित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर- चारदीवारी, दक्षिण- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी, पूर्व- फ्लैट नं. 2,3, ब्लॉक-ए, पश्चिम- फ्लैट नं.6 ब्लॉक-बी	19.05.2021 / 02.09.2021 / ₹ 28,12,741.90 16.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 15,50,000/- / ₹ 1,55,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. 01 Bhilai GE Road Branch Mo. 6291883523
1. श्री पी. योगेश्वर राव पुत्र पोट्टी जुगुलु, 348 डी, रेलवे कॉलोनी जोन 02, बीएमवाई चरोदा भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़-490025 (उधारकर्ता)। 2. श्रीमती पी कृष्णावेनी पत्नी श्री पी योगेश्वर राव, पुत्र पोट्टी जुगुलु, 348 डी, रेलवे कॉलोनी जोन 02, बीएमवाई चरोदा भिलाई, जिला- दुर्ग छत्तीसगढ़-490025 (सह-उधारकर्ता) 3. श्री बी गंगा राव, [illegible]	खसरा नं. 80/5-6-7-8, पी.सी. नं. 19/23, चौथी मंजिल पोटिया कला, वार्ड नं. 53, पोटिया चौक, रिंग रोड, तहसील व जिला- दुर्ग, छ.ग. क्षेत्रफल- 705 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान फ्लैट नं. ए-405 का ईएमटी। चौहद्दी: उत्तर- खुला आसमान, दक्षिण- कॉरीडोर, पूर्व- फ्लैट नं. 0404, पश्चिम- फ्लैट नं. 0406	01.02.2022 / 25.04.2022 / ₹ 25,20,928.31/- 01.12.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 11,99,000/- / ₹ 1,19,900/- / ₹ 10,000/-	Property No. 02 Mohandi Branch Mo. 6738061111
1. मेसर्स माहेश्वरी टेक्नोकास्ट लिमिटेड, डायरेक्टर- 1. श्री प्रशांत मंत्री पिता- श्री सुरेश मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई, 2. श्रीमती निर्मला मंत्री, पति- श्री सुरेश मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई. 1. श्रीमती कविता मंत्री पति- श्री प्रशांत मंत्री, बी-1, मंत्री निकेतन, गली-3, सुंदर नगर, भिलाई.	1. खसरा नं. 1076/2, 1076/3, पीसी नंबर 39/16, तंदुला ग्राम के पूर्व की ओर- सेहामारा, जिला- दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल-2.965 एकड़, में स्थित फ्री होल्ड खुली भूमि के समस्त भाग व अंश। उत्तर- [illegible] की भूमि, दक्षिण- राजकुमार की भूमि, पूर्व- तुलसी की भूमि, पश्चिम- [illegible] की भूमि। 2. सीएसपीएल-शिकहर, गली नंबर 1-ए के बगल, स्मृति नगर, जुनवानी, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) फ्लैट नंबर 134, 6वीं मंजिल। सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 1460 वर्गफीट में स्थित पेंट हाउस (बहुमंजिला आवासीय भवन) के समस्त भाग व अंश। उत्तर- सड़क, दक्षिण- लॉबी और फ्लैट नंबर 157, पूर्व- फ्लैट नंबर 153, पश्चिम- फ्लैट नंबर 155.	01.03.2023 / 02.05.2023 / ₹ 6,99,85,256.04 21.12.2023 पर भविष्य का ब्याज एवं लागत,खर्च आदि	Property - 1: ₹ 64,00,000/- / ₹ 6,40,000/- / ₹ 10,000/-; Property - 2: ₹ 30,00,000/- / ₹ 3,00,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. 03 Bhilai Main Branch Mo. 7718873373
श्री राहुल होरेजा पिता- अनूप कुमार होरेजा, एमआईजी-5, शंकर निवास, [illegible] कालोनी, कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 (ऋणी) एवं श्रीमती काजल होरेजा पति- अनूप होरेजा, एमआईजी-5, शंकर निवास, [illegible] कालोनी, कटोरा तालाब, रायपुर छ.ग. 492001 (सह-ऋणी)	खसरा नं. 1211/22, 1320/21, 1216/15, 1217/19, 1218/31, 1211/23, 1323/22, 1216/26, 1217/20, 1218/32 का भाग, प.ह.नं. 63, छठवीं मंजिल, 1 ब्लॉक, ग्रीन कालोनी, शंकर नगर, महर्षि वाल्मिकी वार्ड नं. 28, आरआईसी- रायपुर-1, तहसील/जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित फ्लैट नं. 602, संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व- कालोनी सड़क, पश्चिम- कालोनी सड़क, उत्तर- फ्लैट 1,601, दक्षिण- खुली जगह।	30.08.2023 / 01.11.2023 / ₹ 1,02,65,357.79 15.02.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 21,10,000/- / ₹ 2,11,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Raipur-II Branch (Mo. 7904062571)
1. मेसर्स श्री बालाजी मशीनरी मार्फत- संदीप गर्ग, दुकान नं. 22 की प्रथम तल, पार्किंग नं. 01, रावा भाटा, ट्रांसपोर्ट नगर, भनपुरी, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001, 2. श्री संदीप गर्ग पुत्र- रमेश कुमार अग्रवाल, मकान नं. 12, ग्रीन आर्किड, अवनि विहार, [illegible], रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, 3. श्रीमती [illegible] गर्ग पति- संदीप गर्ग, मोती नगर, [illegible] रोड, संतोषी नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 (जमानतदार)	खसरा नं. 397/2 का भाग, प.ह.नं. 100, ट्रांसपोर्ट नगर, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड, वार्ड नं.-13, रावाभाटा, रायपुर-492001, क्षेत्रफल- 538 वर्ग फीट में स्थित भूमि प्लॉट नं. एफए-22, ब्लॉक नं. 26 सहित व्यावसायिक दुकान। चौहद्दी: उत्तर- सड़क/पार्किंग, दक्षिण- प्लॉट नं.एफए-21, पूर्व- सड़क/पार्किंग, पश्चिम- प्लॉट नं. डब्ल्यू1-60.	02.01.2020 / 13.10.2020 / ₹ 94,62,465.83 26.04.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 13,40,000/- / ₹ 1,34,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 05 Raipur Phool Chowk Branch (Mo. 9130249796)

EMD Deposit Details: EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB Alliance Private Limited (baanknet) portal directly or by generating the Challan therein to deposit the EMD through RTGS/NEFT in the account details as mentioned in the said challan on or before 06/01/2025.

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.baanknet.com. के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 06.01.2025, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com अथवा Website: https://baanknet.com पर संपर्क करें

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवाद' दिनांक 19.12.2024 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 18.12.2024 स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

आसमान हल्के बादलों से घिरा, आज से तापमान बढ़ने की संभावना

हवा का रुख बदलने से वातावरण में नमीं, मिलेगी ठंड से राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। दो दिनों की कड़ाके की ठंड के बाद आज तापमान में थोड़ी गिरावट आई है जिससे ठंड थोड़ी कम लग रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में आसमान में बादल घिर आने से नमी बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ 60 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। साथ ही एक चिह्नित निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है, इसके उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश की ओर आने की सम्भावना है । इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से प्रदेश हवा की दिशा में परिवर्तन होने की सम्भावना है। साथ ही प्रदेश के वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने की सम्भावना है। परिणामस्वरूप अगले दो दिनों तक न्युनतम तापमान में वृद्धि होने की सम्भावना है।

19 दिसम्बर से 20 दिसम्बर को बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में, रायपुर संभाग के जिले, उड़ीसा से लगे बिलासपुर संभाग के जिले (सारंगढ़, रायगढ़, सक्ती, जांजगीर, कोरबा और उससे लगे सरगुजा संभाग के जिलों में) हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। 21 दिसम्बर को रायगढ़ और उससे लगे जिलों बहुत हल्की वर्षा सम्भावित है । मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि बिलासपुर अंचल में तापमान में गिरावट आने से ठंड में कमी आई है।

बादल छाए रहेंगे, ठंडी हवाओं से बढ़ेगी ठंड

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर की रात और 19 दिसंबर की सुबह तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में आकाश में जहां बादल छाने के साथ ही एक-दो स्थानों पर हल्की से बहुत हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ में शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। आगामी तीन दिनों के लिए अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बिलासपुर उत्तरी व मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ऐसे में यहां भी शीतलहर चलने व ठंड बढ़ने की संभावना है।

साल 2019 में पारा 6.5 डिग्री

शहरवासी साल 2019 दिसंबर की वो आखिरी रात कभी नहीं भूलेंगे। जब कड़ाके की सर्दी से पूरा शहर कांप उठा था। 29 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। 10 साल में इतनी सर्दी कभी नहीं पड़ी थी। वहीं साल 2022 और 2023 में भी पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं उतरा। इस साल इन दो वर्षों का रिकार्ड टूट गया।

स्कूली बच्चों की बढ़ी दिक्कतें

कड़कड़ाती ठंड के बीच स्कूली बच्चों को रोज स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। सोमवार की सुबह सर्द हवाओं के बीच बच्चों को ठंड में ठिठुरते स्कूल जाना पड़ा। शीतलहर की स्थिति की वजह से गर्म कपड़े में भी बच्चे ठंड में कांपते नजर आए।

■ न्यूज गैलरी

कर्मचारी नेताओं ने की कलेक्टर से मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बिलासपुर द्वारा कंपोजिट बिल्डिंग जो कि लगभग 60 वर्ष पुरानी है। भवन में विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित है जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी/ कर्मचारी कार्यरत है तथा शासकीय कार्यों से भवन में आगंतुकों का आना-जाना लगा रहता है। विदित हो कि भवन के ऊपरी तल पर एवं भूतल स्थित कार्यालय में सीपेज व पानी टपकने की एवं छठ का प्लास्टर गिरने की समस्या भवन में स्थित सभी शौचालयों से पानी निकासी की व्यवस्था सही न होने के कारण भवन में एवं परिसर में बदबू बना रहता है। भवन के सामने सुलभ शौचालय संचालित होने के कारण इसके ओवरफ्लो से गंदा पानी परिसर में आता है जिसके कारण परिसर में गंदगी एवं बदबू की समस्या बनी रहती है।भवन में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित न होने के कारण अधिकारी/ कर्मचारी एवं शासकीय कार्यों से आने जानी वाले के साथ ही दिव्यांगों को भी अपने व्हीलचेयर एवं मोटराइज्ड टायर साइकिल को समाज कल्याण विभाग तक लाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की।

सीवी रमन विश्वविद्यालय के वार्षिक खेलकूद उत्सव

खेल के मैदान से युवा जीवन जीने का जज्बा भी सीखें: आईजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। खेल के मैदान से जीतने का जज्बा ही नहीं, जीवन में जीने का जज्बा भी मिलता है। यह मैदान जीवन में किस तरह सफल होना है यह भी सीखाता है। खेल में जीत हार महत्वपूर्ण नहीं है,मैदान में उतरकर खेलना महत्वपूर्ण है। इसलिए विद्यार्थियों को खेल में शामिल जरूर होना चाहिए। उक्त बातें डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद उत्सव के समापन अवसर पर बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने कही। उन्होनें खिलाड़ियों से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, और योग्यता का कोई विकल्प नहीं होता. इसलिए कठिन रास्ते से चलते हुए योग्यता से ही मंजिल को पाना होगा। विश्वविद्यालय में 11 दिसंबर से 17 दिसंबर तक वार्षिक खेलकूद उत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, तवा फेक, सहित एथलेटिक हुए। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि युवाओं के खेल उतना ही जरूरी है, जितना की शिक्षा जरूरी है। उन्होने कहा कि खेल से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामंजस्यता, सहयोग जैसे गुणों को विकास होता है। खेल एक तपस्या कि तरह है, जिससे जीवन श्रेष्ठ बनता है, युवा खेल में बड़ा कैरियर बना सकते हैं. इस अवसर पर उपस्थित विवि के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविजित रायजादा ने कहा कि चिकित्सक होने नाते यह कहना चाहता हूं, कि लंबे स्वस्थ और खुशी के साथ जीवन के लिए खेल बहुत आवश्यक है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।

इन्होंने जीते पुरस्कार

क्रिकेट- कला संकाय, बॉलीबॉल पु.-साइंस, बॉलीबॉल म.-शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, खोखो पु.- शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, खोखो म- साइंस, कबड्डी पु.- शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, कबड्डी म- साइंस, फुटबॉल- शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, टेबल टेनिस पु- शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, लॉन टेनिस पु- शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, कैरम पु.- इंजीनियरिंग, कैरम म.-फार्मेसी, शतरंज पु-प्रबंधन, शतरंज म- शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, एथिलेटिक- गोला फेंक पु-सिकंदर सिंह, गोला फेंक म.-अंजु ध्रुव, तवाफेक पु.-योगेश यादव, लंबी कूद पु.-योगश साठिया, लंबी कूद म.-सनम नेताम, दौड.100 मी. पु.-सिकंदर सिंह, दौड़ 100 मी. म.-सनम नेताम।

आत्मानंद इंग्लिश मीडियम महाविद्यालय में अभाविप की नई कार्यकारणी गठित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) बिलासपुर महानगर द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम महाविद्यालय बिलासपुर में नवीन कार्यकारणी सत्र 2024- 2025 की घोषणा 16 दिसंबर को महाविद्यालय में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिलासपुर विभाग संयोजक हिमांशु कौशिक, महानगर मंत्री जितेन्द्र साहू, दयालबंद भाग मंत्री प्रणव गौतम, बिलासपुर महानगर सह मंत्री अजय पांडे और मुख्य वक्ता के रूप में अतिंद्रा दीवान की गरिमामई उपस्थिति में कार्यकारणी घोषणा की गई । इस अवसर पर बिलासपुर विभाग संयोजक हिमांशु कौशिक ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो छात्रों के बीच छात्र-छात्राओं को हो रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं के लिए आवाज उठाता है जो कॉलेज कैंपस से लेकर के समाज के लिए भी कार्य करता है उन्होंने बताया कि आप परिषद से जुड़कर के समाज और छात्र हित के लिए कार्य कर सकते हैं । महाविद्यालय परिसर में कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए जिसमें महाविद्यालय अध्यक्ष के रूप में संस्कार निर्मकल और मंत्री नैतिक नामदेव को चुना गया।

सड़क दुर्घटनाएं नहीं रोक सकता कोर्ट, आम लोग बनें जिम्मेदार

■ **सड़क दुर्घटनाओं पर लिया संज्ञान, एनएच प्रोजेक्ट डायरेक्टर से हलफनामे पर मांगा जवाब**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं के मामले में स्व संज्ञान लेकर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आज कहा कि कोर्ट एक्सिडेन्ट्स नहीं रोक सकता है, मगर नागरिकों को भी अब जवाबदार बनना होगा। आम लोगों को चाहिए कि वह सड़क पर लापरवाही न करें चीफ जस्टिस ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब माँगा है। अगली सुनवाई 30 जनवरी को होगी। चीफ जस्टिस ने कवर्धा सड़क हादसे के बाद दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की। उन्होंने अदालत में शासन की ओर से मोजूद अधिवक्ताओं से कहा कि आज सुबह भी काफी सारी सड़क दुर्घटनाओं की ख़बरें हैं यह सब किस तरह रुकेगा यह समझ नहीं आ रहा है, मवेशियों का तो कोई इलाज नहीं हो पा रहा है जस्टिस सिन्हा ने एनएचएआई के वकील से कहा कि आप सिर्फ टोल ले लेते हैं इससे क्या होगा यूपी में आगरा एक्सप्रेस पर जाकर एखें देश में किसी भी प्रदेश में ऐसी अव्यवस्था नहीं हैं जो सावधानी बरतना है वह सब आपको करना है।

आम सिटिजन भी लापरवाह हो गये हैं, ड्रायवर कार के शीशे चढ़कर सीधे चलता है उसे सडक पर ट्रेफिक रूल्स का ध्यान नहीं है। रात में सबसे अधिक परेशानी होती है जहाँ आवश्यक है वहां बिजली नहीं है, कुछ दिखाई नहीं देता और हादसे हो जाते हैं कोर्ट मानता है कि, इसमें सिर्फ प्रशासन ही जवाबदार नहीं है, लोग भी काफी लापरवाह हो गए हैं, उन्हें भी अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी।

पीआइएल सुनना ही हमारा काम नहीं

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सिर्फ पीआइएल सुनना ही हमारा काम नहीं है यह आम जनता के हित के लिए होता है इसलिए इसे अहमियत देनी पड़ती है। श्री सिन्हा ने कहा कि जितना वक्त अभी हमें लगा उतने समय में कोर्ट में दो क्रिमिनल पिटीशंस सुनी जा सकती हैं हमें उस आदमी को भी देखना है जो, 20 साल से जेल में बंद हैं।

व्यक्तिगत शपथपत्र

कोर्ट ने सुनवाई के बाद प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएच 130 से व्यक्तिगत शपथपत्र पर यह जवाब देने कहा है कि इस हाइवे पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आप क्या कदम उठा रहे हैं।

लायंस क्लब वसुंधरा ने की बीओडी मीटिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज शहर के एक होटल में सामान्य सभा एवं क्लब की बीओडी मीटिंग रखी जिसमें अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी जी ने आने वाली सेवा गतिविधियों में क्लब प्रोजेक्ट बालिका सम्मान के बारे में जानकारी दी एवं गवर्नर विजिट पर प्रकाश डाला तथा सभी को उचित निर्देश दिए की प्रोटोकॉल के अनुसार हमें क्लब के नियमों का पालन करना है सचिव अर्चना तिवारी ने आगामी सेवा गतिविधियों की जानकारी देते हुए गवर्नर विजिट की पूरी प्लानिंग क्लब के मेंबरों के सामने रखें।

बाबा घासीदास के बताए मार्ग पर चलने की जरुरत: पाण्डेय

■ **कांग्रेसजनों ने बाबा गुरुघासीदास की जयंती मनाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा 18 दिसम्बर को कांग्रेस भवन में सन्त शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास की जयंती मनाई गई, उनकी छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनके लोकहितकारी विचारों पर कांग्रेसजनों ने विचार रखा, उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की बात की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि हम सभी छत्तीसगढ़ वासियों का सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जन्म लिया है,जिस धरती में, माता शबरी, बाल्मीकि जी, ऋषि श्रृंगिजी, कपिल मुनि वल्लभाचार्य, बाबा गुरु घासीदास, माता कौशल्या ने जन्म लिया है। बाबा गुरुघासीदास ने तत्कालीन सामाजिक कुरूतियों, आर्थिक शोषण, जांत-पांत, छुआ-छूत को दूर करने के लिए सतनाम पन्थ की स्थापना की और मन खे मन खे एक समान के सन्देश दिया, उनके अनुयायी पंथी नृत्य और गायन के माध्यम से उनके संदेशो को जन जन तक प्रेषित करते है। बाबा गुरु घासीदास ने सात सिद्धान्त दिए, जिसमे सतनाम पर विश्वास करना,जीव हत्या नही करना,माँस भक्षण न करना,चोरी-जुआ से दूर रहना, नशा सेवन न करना, जाति-पाती के प्रपंच से दूर रहना, व्यभिचार से बचना है। संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि बाबा गुरुघासीदास का अवतरण 18 दिसम्बर 1756 को पिता महंगू दास और माता अमरौतिन के घर गिरौधपुरिधाम हुआ।

रासेयो का मूल आधार समाज के प्रति समर्पण और सेवा: जस्टिस प्रसाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। सी.एम.दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर गोद ग्राम नेवसा में 11 दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित है महाविद्यालय विगत कई वर्षो से एनएसएस इकाई के माध्यम से ग्राम नेवसा में समाज सेवा के कार्य लगातार सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है । गत कई शिविर का आयोजन पूर्व में भी किया जा चुका है। इसी तारतम्य में गोद ग्राम नेवसा के सात दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्याय मूर्ति रमाशंकर प्रसाद एवं अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य प्रो. ए.डी.एन. बाजपेई एवं जिला विधिक प्राधिकरण के राकेश सिंह सोरी तथा शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय सिंह का गोद ग्राम नेवसा में आगमन हुआ। न्याय मूर्ति प्रसाद ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासन सेवा भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल आधार रहा है। गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए गांव - गांव में स्वच्छता और जागरूकता अभियान जरूरी है। क्योंकि अनेक गांव के समूह से ही राज्य और राष्ट्र का निर्माण होता है अतः ग्रामीण समस्याओं का निदान जरूरी है और इस क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्य सराहनीय रहा है। उन्होंने विधिक साक्षरता , लैगिंग समानता , नशा बंदी , डिजिटल साक्षरता के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

सीएमडी कालेज के एनएसएस ने ग्राम नेवसा में चलाया जागरुकता अभियान

मानवाधिकार सहायता संस्थान के भारत सम्मान में गौरव सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव शुक्ला का मानवाधिकार सहायता सस्थान भारत सम्मान समारोह सम्मानित किया गया। गौरव शुक्ला ने बताया कि सामाजिक सेवा में फाउंडेशन का विस्तार हो रहा है लगातार फाउंडेशन काम कर रहा है पिछले 36 महीने से सेवा दे रहा है 5000 पेड़ लगा चुके है रक्तदान शिविर हेल्थ केम्प निशुल्क एजुकेशन महिला सशक्तिकरण चेतना साइबर नशे के खिलाफ बिलासपुर पुलिस के साथ लगातार काम जारी है । फाउंडेशन आगे छत्तीसगढ़ में सभी जगह विस्तार किया जाएगा। इसके साथ भोपाल इंदौर भी शामिल हैं आगे फाउंडेशन नशा मुक्ति केंद्र खोलने जा रहा है। इस दौरान गौरव शुक्ला डॉक्टर रमेश वैष्णव राधव साहू टिकेश्वर शाव सगीता तिवारी अभय दुबे सत्येन्द्र प्रजापति सुनील साहू धर्मेश बंजारे मौजूद थे।

सोसायटी प्रीमियर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में, सोसाइटी प्रीमियर लीग सीजन-5, दूसरे दिन खेले गए 5 मैच

मुस्लिम, सोनी, वस्त्रकार व मनिहार समाज ने अपने-अपने मैच जीते

बिलासपुर/नवप्रदेश। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आयोजित सोसायटी प्रीमियर लीग रात्रि कालीन फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन -5 के दूसरे दिन 10 समाजों के खिलाड़ी मैदान में उतरे। मुस्लिम समाज ,सोनी समाज, वस्त्रकार तथा मनिहार समाज ने अपने-अपने मैच जीतते हुए अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। आज पांच मैच खेले गए। पहला मैच मुस्लिम समाज तथा साहू समाज के बीच खेला गया। पहला मैच मुस्लिम समाज 19 रन से जीता । दूसरे रोमांचक मैच में सोनी समाज की टीम ने यादव समाज को दो विकेट से हराया। तीसरे मैच में मनिहार समाज की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए यदुवंशी समाज को पराजित किया। चौथे मैच में वस्त्रकार समाज ने मेमन जमात को हराया । पहला मैच में मुस्लिम समाज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में 5 विकेट खोकर 79 रन बनाए। साहू समाज के खिलाड़ी केवल 61 रन में सात ओवर के एक गेंद पहले ही ऑल आउट हो गई और और मुस्लिम समाज की टीम ने अपना पहला मैच 19 रन से जीत लिया है और अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरा मैच यादव समाज तथा सोनी समाज के बीच खेला गया। यादव समाज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में 5 विकेट खोकर 70 रन बनाए। सोनी समाज के खिलाड़ी ने 4 विकेट खोकर आखिरी गेंद में छक्का लगाकर 71 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और मैंच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। तीसरा मैच यदुवंशी समाज तथा मनिहार समाज के बीच रोमांचक मैच खेला गया। यदुवंशी समाज ने टास जीता पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवर में 108 रन बनाए।

जानू, बंटी, नंदू व अल्फरान मैन ऑफ द मैच

पहले मैच में मुस्लिम समाज के सर्वाधिक 44 रन बनाने वाले जानू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे मैच में बंटी लाल मैन ऑफ़ द मैच रहे। इन्होंने अपनी टीम को 35 रन का योगदान दिया। तीसरे मैच में मनिहार समाज के अल्फरान कुरैशी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया इन्होंने अपने टीम के लिए 35 रन बनाएं। वस्त्रकार समाज के नंदू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्हें भी सर्वाधिक रन बटोरे।

न्यूज गैलरी

मितानिन सम्मेलन एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी प्रसाद के मार्गदर्शन में लखनपुर विकासखंड के ग्राम बिनकरा उप स्वास्थ्य केंद्र में मितानिन सम्मेलन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। विकासखंड ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं मितानिन प्रशिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु शाल श्रीफल डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मितानिन प्रशिक्षिकाओं सहित शिविर में आए लगभग 58 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवा का वितरण किया गया। इस दौरान बीएमओ डॉक्टर ओ0पी0 प्रसाद ,बीपीएम साधना लकड़ा, सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

तहसील कार्यालय में पानी की परेशानी पक्षकार, परेशान

लखनपुर/नवप्रदेश। इन दिनों तहसील कार्यालय लखनपुर में शुद्ध पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है।आलम ये है कि शौचालय तक में पानी का अभाव बना हुआ है तहसील क्षेत्र के पक्षकारों सहित कार्यालय कर्मचारियों को भी परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है पीने के पानी का इंतजाम किसी तरह कर लिया जाता है परन्तु शौचालय आदि के लिए यत्र तत्र भटकना पड़ता है। तहसील में आने वाले पक्षकारों तथा पदस्थ कर्मियों नोटरी स्टाम्प वेंडरों ने बताया कि कार्यालय में बोरवेल लम्बे समय से खराब पड़ा हुआ है। अधिकारीयों द्वारा तनिक भी तव्वजो नहीं दिया जा रहा है जिससे तहसील कार्यालय में पानी की परेशानी बनी हुई है। पक्षकार तथा तहसील कर्मियों ने कार्यालय में पानी बहाल कराने को लेकर विभागीय अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया है।

सांसद चिंतामणि महाराज स्वयं आयेंगे पहली फ्लाइट से

आज से शुरू होगी रायपुर-बिलासपुर-अंबिकापुर विमान सेवा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कल यानी 19 दिसंबर गुरूवार से रायपुर-बिलासपुर हवाई यात्रा शुरू होगी। इस संबंध में सांसद चिंतामणि महाराज वे स्वयं पहली फ्लाइट से रायपुर से अंबिकापुर पहुंचेंगे और सुविधाओं का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से आत्मीय भेंट कर सरगुजा के माँ महामाया एयरपोर्ट दरिमा से हवाई यात्रा शुरू किए जाने के संदर्भ में चर्चा की गई एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन सचिव वी. वुअलनाम से भी इस मामले पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान ज्ञात हुआ कि इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन हवाई अड्डा कोड, जिसे स्थान पहचानकर्ता के रूप में भी जाना जाता है, प्राप्त ना होने के कारण ही विमान संचालन में विलंब हो रहा है। सांसद श्री चिंतामणि ने उक्त विषयों को ध्यान में लाते हुए तत्काल इन्हें दूर करने का अनुरोध किया है।

साथ ही इसके संबंध में अतिरिक्त व्यय होने पर अपने वेतन से राशि देने एवं अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं को पूरा करने की बात कही। सांसद चिंतामणि ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा से प्रथम यात्रा 19 दिसंबर को प्रारंभ होगी, जो रायपुर से अंबिकापुर तक होगी। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी प्रथम यात्री के रूप में यात्रा करेंगे और समस्त सुविधाओं कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सहित प्रशासकीय जन, व्यवस्थापकों को साधुवाद एवं क्षेत्र की जनमानस को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

लुण्ड्रा स्थित माँ महामाया फुड प्रोडक्ट बहेराडीह की जांच

राइस मिल सील, चावल के स्टॉक में अंतर मिलने पर कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशानुसार संयुक्त दल राजस्व जिला विपणन अधिकारी, खाद्य, विद्युत, मण्डी एवं उद्योग विभाग द्वारा लुण्ड्रा स्थित माँ महामाया फुड प्रोडक्ट बहेराडीह मिल की जांच की गई।

जाँच में मिल के संचालक अंकुर हाड़ा भी मौजूद रहे। उक्त जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी ने बताया कि मौके पर मिल का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें धान का स्टाक 13274 बोरी (मात्रा लगभग 5309. 60 क्विंटल) एवं चावल का स्टाक 2254.87 क्विंटल उपलब्ध पाया गया। संचालक द्वारा स्टाक रजिस्ट्रर मांगने पर प्रस्तुत नहीं किया गया तथा संचालक द्वारा कस्टम मिलिंग 2023-24 का सीएमआर चावल 8410 क्विंटल जमा किया जाना शेष है। उक्त जांच में संचालक के बयान अनुसार स्टाक में 1728 क्विंटल चावल का अंतर पाया गया है। धान और चावल वास्तविक में आंकलन करने पर 5812.30 क्विंटल एवं एफसीआई अमदला में 870 क्विं चावल जमा हेतु संचालक राईस मिल द्वारा भेजा गया है। चावल का स्टाक में अंतर पाये जाने एवं राईस मिल संचालक द्वारा सीएमआर चावल एफसीआई में जमा नहीं किये जाने के कारण मौके पर उपस्थित पंचगण के समक्ष धान का स्टाक 13274 बोरी (मात्रा लगभग 5309.60 क्विंटल) एवं चावल का स्टॉक 2254.87 क्विंटल जप्त कर मिल संचालक सुपुदर्गी में दिया गया एवं मिल को मौके पर सील किया गया।

युवक को अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर पैरावट में फेंका

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में इन दिनों आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ने लगा है। इसी कड़ी में बीती रात अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने एक मोटरसाइकिल सवार का रास्ता रोक बेरहमी से मारपीट कर जख्मी हालत में पैरावट में फेंक कर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। घायल अवस्था में युवक को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां युवक का उपचार जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक सिमरत राम पिता मुन्नू राम उरांव उम्र लगभग 35 वर्ष साकिन ग्राम कोसगा बगदेवा पारा 15 दिसंबर दिन रविवार की रात लगभग 8ः30 बजे अपने साढ़ु के घर लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 01 झिनपुरी पारा में आया हुआ था। साढु द्वारा घर का दरवाजा नहीं खोलने कारण बाइक सवार युवक सिमरत राम अपने गृह ग्राम की ओर लौट रहा था। पुराना नगर पंचायत कार्यालय के समीप 4 से 5 नकाबपोशो ने रास्ता रोका और बाइक सवार युवक के साथ मारपीट किया। घायल अवस्था में उसे पैरावट में फेंक बाइक लेकर फरार हो गए। घायल युवक किसी तरह चलते हुए थोड़ी दूर आगे बढ़ा रात 3 बजे स्थानीय लोगों ने उसकी मदद करते हुए घर तक पहुंचाया। युवक के चेहरे और हाथ पैर में गहरे चोट के निशान हैं।

सूचना पर लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर युवक का दस्ताना और जमीन पर खून के निशान मिले है। फिलहाल घायल युवक बात करने की स्थिति में नहीं है युवक के होश आने के बाद ही घटना के संबंध तफसील से जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कबड्डी स्पर्धा में नवापारा की टीम बनी विजेता

जांजगीर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रिगनी में एक दिवसीय कबड्?डी प्रतियोगिता का आयोजना किया गया। कबड्डी का मैच मैट में खेला गया। इसको लेकर खिलाड़ियों के साथ ही आम लोगों में भी उत्साह रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में चार पुरस्कार रखा गया था। अतिथियों ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वह विजेता खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खेल के क्षेत्र में मेहनत करें और देश और प्रदेश का नाम रोशन करें। आज के युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। खेल ही वह माध्यम है, जो उन्हें नशे से दूर ले जाकर एक अच्छा नागरिक बनाने में कामयाब कर सकता है। प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नवापारा की टीम प्रथम पुरस्कार 4000 रुपए, शील्ड द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपए रिगनी को मिला। तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए और शील्ड सलखन को मिला। चतुर्थ 1000 रुपए और शील्ड कासा को मिला। इस अवसर पर विजय कश्यप, रविन्दर भानु, राजेन्द्र कश्यप सोनू भैना, घनश्याम कश्यप, गौतम चौहान, साहिल जांगडे, राजा भैना राकेश भैना, विक्की जांगड़े, आयुष कश्यप, सत्यपाल भारद्वाज, राहुल कश्यप, खिलावन कश्यप, श्याम भैना, प्रकाश कश्यप, धनंजय कश्यप, पल्लू कश्यप, गुड्डा कश्यप, रामप्रकाश कश्यप, आकाश कश्यप, अविनाश कश्यप उपस्थित थे।

घर घुस मारपीट व तोड़ फोड़, आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। प्रार्थी चंद्रकांत पांडेय पिता पदुम पांडेय उम्र 19 साल ग्राम सकर्रा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा प्रार्थी के घर अंदर घुस कर गाली गलौच एवं मारपीट करते जान से मारने की धमकी देते मोटर साइकिल को जला दिया एवं हाथ में रॉड रख कर सिलाई मशीन को तोड़फोड़ किया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया, जिस पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उसके निवास स्थान टीम भेजा गई जहा आरोपी घर में मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया।

ठंड से बचने 300 जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले में पढ़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने हमेशा की तरह सहानुभूति भाव से जरूरत मंदों को कम्बल वितरण किए।

दरअसल विधायक अग्रवाल विगत 20 सालों से लखनपुर उदयपुर सहित आसपास क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से बचने उनके घर पहुंच साल स्वेटर कंबल जैसे गर्म कपड़ों का वितरण करते रहे हैं । अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर विकास खंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मुड़गांव पंडोपारा फुलचुही में विशेष आरक्षित जनजाति के 300 जरूरतमंदों को साल कम्बल जैसे गर्म कपड़े बांटे।गर्म कपडा वितरण के दौरान ग्रामवासियों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया तथा कुछ मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा भी किये। जिसे विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने प्राथमिकता देते हुए तत्काल निराकरण कराने के आश्वासन दिया।

कंबल वितरण करने के दौरान विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल नीरज अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल ,बूथ अध्यक्ष रामजतन यादव ,सहदुल खान, राम विशाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे काबिले गौर है कि विधायक राजेश अग्रवाल पिछले 20 वर्षों से अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर लखनपुर सहित आसपास गांवो के जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हैं।

प्रदेश में सुचारू रूप से की जा रही धान खरीदी : नरेंद्र

सक्ती/नवप्रदेश। किसान हितैषी प्रदेश सरकार द्वारा उपार्जन केंद्रों में किसानों के उपज की सुगम और पारदर्शी खरीददारी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली, बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता और त्वरित तौलाई जैसी सुविधाएं किसानों को अपने उत्पाद बेचने में अधिक सहजता, सुविधा और पारदर्शिता प्रदान कर रही हैं। धान उपार्जन केंद्र खैरा में फसल विक्रय करने के लिए पहुँचे किसान नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि धान खरीदी केंद्र खैरा में किसानों से सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी की जा रही है द्य उन्होंने कहा की धान खरीदी कार्य के लिए लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्य तथा धान खरीदी की व्यवस्थाओं से मै बहुत सन्तुष्ट हूँ द्य किसान श्री नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि वे 66.50 क्विंटल धान विक्रय करने के लिए धान उपार्जन केंद्र खैरा में पहुंचे। किसान श्री नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि उपार्जन केंद्र में मिल रही व्यवस्था बहुत बढ़िया है, केंद्र में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं से उनकी फसल बिना किसी परेशानी के तौलाई हो गई। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए मोबाइल के जरिए टोकन प्राप्त करने की व्यवस्था से किसानों को अब लंबी कतारों से बचने में भी

अवैध खनन

जिले के 31 में से 30 रेत घाट में पिछले डेढ़ साल से खनन पर प्रतिबंध

ऑनलाइन होगी रेत घाटों की नीलामी, अभी सिर्फ एक खदान, अवैध खनन जोरों पर

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के 31 में से 30 रेत घाट में पिछले डेढ़ साल से खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसकी नीलामी नहीं हो सकी है। लंबे समय से इन घाटों के लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं। इसकी प्रकिया अब भी अधूरी है। इसका फायदा उठाकर रेत तस्कर सक्रिय हो गए हैं। नदियों के किनारे जगह-जगह अवैध उत्खनन हो रहा है। अब राज्य शासन रेत घाट की नीलामी प्रक्रिया में विस्तार करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर रहा है। इसके बाद जिले की छोटी बड़ी खदानों की नीलामी की जाएगी। इससे रेत की कमी व कालाबाजारी, अवैध खनन पर रोक लगेगी। जिले सहित पूरे प्रदेश में खनिज खदानों की तरह रेत घाट की ऑनलाइन नीलामी करने की योजना राज्य शासन बना रहा है। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार हो चुका है और जल्द ही सॉफ्टवेयर कंपनी से राज्य शासन के साथ अनुबंध कर प्रक्रिया शुरू करेगा। बताया जा रहा है कि इस सॉफ्टवेयर में बोली लगाने वाले ऑनलाइन ही आवेदन व सिक्युरिटी मनी पटाएंगे। ऑनलाइन माध्यम से ही सिक्युरिटी मनी वापस होगी। इस प्रक्रिया से प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन के बंद होने के साथ ही एक व्यक्ति को जिले में 1 तो प्रदेश में केवल 5 घाट ही दिए जाने के नियम का सख्ती से पालन करने का दावा किया जा रहा है। दरअसल अभी जिले सहित प्रदेश में रेत घाट की नीलामी प्रक्रिया में काफी समय लगता है। रेत तस्कर सिंडीकेट बनाकर घाटों में अपनी लोगों को लाभ पहुंचाते हैं। पिछले डेढ़ साल से रेत की दाम में गिरावट देखने को नहीं मिल रही थी।

जनवरी से लेकर बारिश से पहले तक जिले में रेत की कमी हो गई। तस्कर रेत घाट की अनुमति नहीं होने का हवाला देकर 3 हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर बेचा। कोचियों ने खनिज विभाग की कार्रवाई कर डर दिखाकर लोगों से तीन गुना दाम लिये। इससे पहले उसरौट घाट की नीलामी हो गई। लेकिन दाम में खास अंतर नहीं दिखा। बारिश के बाद जब फिर से खनन शुरू हुई तो अवैध खनन जोरों से शुरू हुई।

गेट का ताला तोड़ 45 बोरी धान ले उड़े चोर

लखनपुर/नवप्रदेश। इन दिनों थाना क्षेत्र में मारपीट चोरी जैसे आपराधिक गतिविधियों के बढ़ने से क्षेत्रवासी अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इसी फेहरिस्त में ग्राम केवरा में धान चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर मकान के गेट का ताला तोड़ बरामदे में रखे 40 बोरी धान चोरी कर फरार हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीण रामाशीष सिंह अपने घर के बरामदे में 65 बोरी धान रखा हुआ था 16-17 दिसंबर के दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने घर के गेट का ताला तोड़ बरामदे में रखे लगभग 45 बोरी धान को पार कर दिया। प्रभावित ने थाना उपस्थित आकर चोरी हुए धान चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराई है।

■ न्यूज गैलरी

बाबा गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर मद्य निषेध के लिए किया जागरूक

कवर्धा। बाबा गुरूघासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2024 को जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सर्व विभाग प्रमुख को इस संबंध में पत्र जारी कर इस अवसर पर जन सामान्य को मद्यपान के विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अभिलाषा पंडा ने बताया कि रेडियों एवं दूरदर्शन से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही की । यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी दी। नशामुक्ति साहित्यों का वितरण। सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार। नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार। विद्यार्थियों में नशापान के विरुद्ध जागरूकता लाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान के दुष्परिणामों पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजित किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्थानीय संस्कृतिक एवं परम्पराओं के अनुरूप अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

उमरगांव धान खरीदी केन्द्र में सुशासन दिवस मनाया गया

नगरी। छत्तीसगढ़ राज्य मे विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष सफल कार्यकाल पूरा होने पर पूरे छत्तीसगढ़ मे सुशासन दिवस मनाया जा रहा है,इसी कड़ी मे आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सांकरा के अंतर्गत धान खरीदी उपार्जन केन्द्र उमरगांव मे सुशासन दिवस मनाया गया।इस अवसर पर किसानों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ मुख्यातिथि रविदुबे विधान सभा प्रभारी एवम कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे गिरवर भंडारी सहित विशेष अतिथि के रूप मे उपास्थित तोषण साहू, लीलंबर शेष, देवेंद्र सेन,लखन पुजारी, जनक साहू, तुलसी साहू, लालसिंग साहू, कवल यादव सहित उपस्थित अतिथियो ने मां सरस्वती जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर किया गया । इस अवसर पर रवि दुबे ने केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर किसान अहेर सिंह कुंजाम उमरगांव,प्रभु राम पोडीडीही विजय साहू सारंगपुरी, गोविंद सिंह मौहाबाहरा, रामसाय छिंन्दीटोला,धरम सिंह भिरागांव को तिलक लगाकर व गमछा,श्रीफल भेट कर सम्मान किया।इस अवसर पर जीवन लाल साहू प्रबंधक, सोहन पटेल फड़ प्रभारी , यतींद्र बिसेन कंप्यूटर आपरेटर, टिकेश कुमार मरकाम, सावेश मरकाम, विष्णु शेष सहित किसान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

कवर्धा विधानसभा में विकास कार्यों की रफ्तार

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल क्षेत्रों सहित मैदानी

इलाकों में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशों पर आज शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 24 लाख 21 हजार रुपये की लागत से 03 ग्रामों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य खासतौर पर सुदूर वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत खारा के माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष, ग्राम पंचायत लोहारीडीही में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष तथा ग्राम पंचायत खारा में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा। इन सभी अतिरिक्त कक्षों का निर्माण 8 लाख 7 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर श्री मंगलू सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए यह कदम अहम साबित होगा। इन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। विष्णुदेव साय सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। श्री कपूरचंद ठाकरे ने कहा कि यह कदम राज्य सरकार के शिक्षा का अधिकार और समावेशी विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगा कि दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में कोई कमी न आए। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंगलू सिंह, कपूरचंद ठाकरे, मनीराम यादव, राजकुमार मरावी, गजानंद यादव, पुनाराम, बिदेश मेरावी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

चार सूत्रीय मांग: प्लेसमेंट सहित नियमित कर्मचारियों की हड़ताल का व्यापक असर

शहर में सफाई व्यवस्था, पालिका में राजस्व वसूली, कार्यालयीन कामकाज ठप्प

खैरागढ़ । नगरपालिका मे प्लेसमेंट कर्मियों की हड़ताल से शहर मे सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है । प्लेसमेंट कर्मी अपनी चार सूत्रीय मांगों कोलेकर पखवाड़े भर से हड़ताल पर चल रहे है । प्लेसमेंट कर्मियों की हड़ताल से पालिका के कार्यालयीन कामकाज पूरी तरह ठप्प हो गए है । तो दूसरी ओर इसका व्यापक असर शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ रहा है । व्यावसायिक इलाकों ,मुख्यमार्गो सहित जरूरी इलाको में सफाई नही होने से कचरे पड़े है । समय पर सफाई नही होने से वार्डो मे भी सफाई व्यवस्था चरमरा गई है । पेयजल और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के चलते प्लेसमेंट कर्मियों ने शहरवासियों को राहत देने इसकी व्यवस्था बनाई है । पालिका कार्यालय मे कम्प्यूटर आपरेटर, राजस्व वसूली, जलकर वसूली सहित अन्य कार्य ठप्प पड़े है । प्लेसमेंट

हड़ताल के कारण नहीं हो रहा कामकाज

कर्मियों के साथ साथ पालिका के नियमित कर्मी भी लगातार हड़ताल पर चल रहे है। इसका व्यापक असर पालिका के कार्यालयीन कामकाज पर दिखने लगा है। राशनकार्ड, पेंशन सहित अन्य योजनाओं के आवेदन लेकर पहुँच रहे शहर के लोगो के काम हड़ताल के चलते ठप्प है। लोग आवेदन लेकर आने के बाद मजबूरन बिना कार्य के वापस लौट रहे । जलकर वसूली सहित अन्य वसूली समय पर नही होने से पालिका का बजट भी इस माह गडबड़ा गया है । व्यवस्था बनानें कोई जिम्मेदार अधिकारी नही होने से भी पालिका मे कोई कार्य नही हो पा रहा है।

30 साल से प्लेसमेंट में कार्यरत कर्मी की मौत

पालिका मे पिछले 30 साल से प्लेसमेंट कर्मी के रूप मे कार्यरत संतोष पटेल की सोमवार रात को हृदयगति रूकने से मौत हो गई । उक्त कर्मी भी प्लेसमेंट कर्मियों की हड़ताल मे शामिल था । सोमवार को हड़ताल से वापस लौटने के बाद रात मे सीने मे दर्द की शिकायत के बाद उसकी मौत हो गई । पटेल पालिका मे नल और पाइपलाइन सुधार का कार्य करते थे । लंबे समय से वे पालिका मे प्लंबर के रूप मे कार्यरत थे । मंगलवार को पालिका के सामने हड़ताल मे डटे प्लेसमेंट सहित नियमित कर्मचारियों ने दिवंगत पटेल को श्रद्धांजलि दी । प्लेसमेंट कर्मी संघ अध्यक्ष अंकुर सिंह ने कहा कि 30 साल से सेवा देने वाले संतोष पटेल की मौत के बाद भी सरकार की नितियों के चलते उसके परिजनो को कोई सहायता नही मिल पाएगी । जानकारी के बाद पालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, पार्षद मोनिका रजक सहित अन्य पार्षदों ने भी हड़ताल स्थल पहुँच दिवंगत पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

संविदा कर्मियों का नियमितिकरण और पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित अन्य मांगों को उठाया

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ने एकजुट होकर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

■ 13 जनवरी को महा धरना की दी चेतावनी

■ नया रायपुर में विद्युत कंपनी मुख्यालय निर्माण हेतु जारी निविदा का किया विरोध, बताया साजिश और कमीशनखोरी

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ने कल 13 दिसंबर को शाम छत्तीसगढ़ पॉवर कम्पनी मुख्यालय रायपुर के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन को ज्ञापन सौंप एक माह के भीतर मांगों पर निर्णय लेते हुए आदेश जारी करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि नीयत समय पर मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी 13 जनवरी को मुख्यालय के दोनों द्वार के समक्ष महा धरना दिया जाएगा जिसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार होगा। महासंघ ने पिछले 2016 और 2018 में नियुक्त संविदा कर्मियों को तत्काल नियमित करने, राज्य सरकार की भांति पॉवर कम्पनी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने, पिछले 9 महीनों से बंद पदोन्नति चालू करने, चतुर्थ उच्च वेतनमान देने, ठेका श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने सहित 22 मांगे शामिल हैं। सभा को सर्व श्री राधेश्याम जायसवाल, अरुण देवांगन, एल पी कटकवार, बी एस राजपूत, हरीश चौहान, सन्तोष शर्मा, प्रमोद कुर्रे, परमेश्वर कन्नौजे, लालजी साहू ,धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेश साहू, पूर्णिमा साहू और संविदा कर्मचारी संघ से हरिचरण साहू, कमलेश भारद्वाज, सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन महामंत्री नवरतन बरेठ तथा आभार संजय तिवारी ने किया । वक्ताओं ने पॉवर कम्पनी में चल रही भर्राशाही को उजागर करते हुए कहा कि जहां जनरेशन डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां के पास अपने प्लांट और लाईन संधारण के लिए फण्ड नहीं है वहीं नया रायपुर में 217 करोड़ का प्रशासनिक भवन बनाने आनन फानन मे टेंडर जारी कर दिया। जबकि जनरेशन के प्रबंध निदेशक 4 माह के एक्सटेंशन और मुख्य अभियंता सिविल अगले माह रिटायर होने वाले हैं। इस व्यय का अनुमोदन नियामक आयोग से भी प्राप्त नहीं किया है जो कि गम्भीर अनियमितता और साजिश की ओर इशारा करता है।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में हालत यह है कि तृतीय श्रेणी के 45त्न और चतुर्थ श्रेणी के 75त्न पद रिक्त है वहीं प्रथम श्रेणी के मात्र 5त्न और द्वितीय श्रेणी के 10त्न पद रिक्त है । मात्र 2400 संविदा कर्मियों को नियमित किया जाना है जबकि 3800 पद रिक्त है । कर्मचारी पदोन्नति के अभाव में स्टेगनेट होकर वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित है। ऑफिस में बैठने वाले इंजीनियरों को कंपनी ने 3प्रतिशत तकनीकी भत्ता दे दिया लेकिन वास्तविक रूप से तकनीकी काम करने वाले कर्मचारियों को इससे वंचित रखा है जो कि पावर कंपनीज की कर्मचारी विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। महासंघ इसका प्रबल और प्रखर विरोध करता है। धमतरी जिले से कल 13 दिसंबर 24 के द्वारसभा कार्यक्रम में लालजी, रमाकांत, लालाराम, रामधर, नंद कुमार, खम्मन, तेजेन्द्र, सुबोधकांत, पीयूष सिन्हा, नेहंश,गोवर्धन, रविकांत आदि संविदा कर्मियों सहित लगभग 50 सदस्य सम्मिलित हुए। उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष लालजी साहू ने दी।

आईपीएल की तर्ज पर सुपर लीग में दस टीमें हिस्सा ले रही

फतेह मैदान में रात्रिकालीन क्रिकेट का रंगारंग आगाज

महाशक्ति सेना ने एकतरफा जीत के साथ लीग में खोला खाता

खैरागढ़ । शहर के फतेह मैदान मे दुधिया रोशनी मे खेले जाने वाले खैरागढ़ सुपर लीग के दूसरे साल का रंगारंग शुभारंभ सोमवार रात को हुआ। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस सुपर लीग मे दस टीमें हिस्सा ले रही है । लीग का शुभांरभ खैरागढ़ डीएफओ आलोक तिवारी के मुख्य आतिथ्य, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल और उपवनमंडलाधिकारी मोना माहेश्वरी की उपस्थिति मे हूआ । आकर्षक आतिशबाजी के साथ टीम मालिको की उपस्थिति मे टीमों की जर्सी का लोकार्पण कर लीग की शुरूआत की गई । इस दौरान डीएफओ आलोक तिवारी ने इस बेहतर आयोजन के लिए आयोजित समिति को बधाई देते कहा कि शहर मे इस तरह की स्पर्धा खिलाड़ियों के बीच बेहतर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के साथ खेल के प्रति उत्साह जगाती है । अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि शहर मे इस तरह के रात्रिकालीन आयोजन से खिलाड़ियों के साथ लोगो को भी शानदार लीग देखने को मिलेगा । उन्होने आयोजन की प्रशंसा करते बेहतर आयोजन के लिए बधाई देते खिलाड़ियों को बेहतर खेल दिखाने प्रेरित किया । सुपरलीग के दूसरे साल आयोजित इस स्पर्धा का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर लाइव किया जा रहा है। सुपर लीग का उदघाटन नगरपालिका इलेवन और जिला पत्रकार संघ के बीच सदभावना मैच के साथ हूआ । इस मैच मे पहले बल्लेबाजी करते पत्रकार संघ ने 27 रन बनाए । आखिरी ओवर तक चले इस रोमांचक मैच मे आखिरकार नगरपालिका ने एक गेंद शेष रहते 2 विकेट से जीत दर्ज की । सुपर लीग का पहला आफिशियल मैच निहाल सुपर किंग और महाशक्ति सेना के बीच खेला गया । निहाल सुपर किंग ने अनीश सिंह के 17 बालों पर धुआंधार 40 रनों की मदद से निर्धारित आठ ओवरो मे चार विकेट पर 78 रन बनाए । जवाबी पारी खेलने उतरी महाशक्ति सेना ने नवीन के 20 गेंदो मे शानदार 59 रनों की मदद से पांचवें ओवर मे ही नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करते अपनी जीत का खाता खोला । नवीन को मेनआफद मैच घोषित किया गया ।

भगवान गोवर्धन गिरिराज के दर्शन मात्र से सात जन्मों के पाप हो जाते हैं समाप्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। देख दुनिया के रंग दिल

को बहलाया नहीं जाता, जिंदगी चंद दिन की है इसे इतराया नहीं जाता, जो भुला है उनको राह बताना मुनासिब है, पकड़ कर हाथ मंजिल तक पहुंचाया नहीं जाता। मुक्तिदायिनी श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्री कृष्ण भगवान के बाल लीला, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग सुनाया गया । व्यासपीठ से नारायण जी महराज कह रहे भगवान गोवर्धन गिरिराज जी के दर्शन मात्र से सात जन्मों के पाप समाप्त हो जाते हैं संपूर्ण भारत में प्रत्यक्ष रूप से गोवर्धन गिरिराज ही है , चारों धाम के मध्य में गोवर्धन नाथ जी रहते है और जो भक्त भगवान गिरिराज का पैदल परिक्रमा कर लेते है उनको चारों धाम के दर्शन का पुण्य फल प्राप्त हो जाता है इसलिए जब जब आप ब्रजमंडल जाएं चार जगह दर्शन करना न भूलें, सबसे पहले ब्रज रज मस्तक पर लगाए, दूसरा यमुना जी में डुबकी अवश्य लगाएं, गोकुल के नन्द भवन में 84 खंभे पर आलिंगन जरूर करें क्योंकि स्वयं विश्वकर्मा जी ने बनाए थे और मेरे प्रभु का स्पर्श है और भगवान गोवर्धन नाथ की परिक्रमा भी करना चाहिए , तब आपका बृज मण्डल जाना सार्थक होगा।

मनकुपिया परिवार द्वारा अपने पितरों के

मोक्षार्थ आयोजित कथा में व्यासपीठ से नारायण जी महराज ने कृष्ण के बाल लीला का दर्शन कराते हुए बताया कि ब्रज के बलराम घाट में जाकर प्रभु ने मिट्टी का ढेला अपने मुख में डाल दिया , यशोदा मईया को जब पता चला तो डाटने लगी कन्हैया इंकार करते रहे हमने मिट्टी नहीं खाई ये सब झूठ बोल रहे मईया, अगर आपको भरोसा नहीं तो हम अपना मुख खोल देते हैं, और जैसे ही भगवान कृष्ण ने अपना मुख खोला तो मुख के अंदर ही हजारों नक्षत्र तारागण उसी में सूर्य उसी में चंद्रमा उसी में शिव उसी में विष्णु उसी में चैदह भुवन , ग्यारह रुद्र , अपार आदित्य आठ वसु उसी में नारद , उसी में ब्रज उसी में दक्ष और उसी में मां यशोदा स्वयं दिखने लगी। मां यशोदा ने हाथ जोड़ लिया तन पुलकित हो गया मुख से वाणी नहीं निकल रहे आंख बंद करके यशोदा मईया ने शीश झुका दिए कि जगत के पिता को मै अपना बेटा समझ बैठी हूं।

छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शहर के युवा कलाकार

भाटापारा/नवप्रदेश। राजधानी में आयोजित छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान 2024 का आयोजन रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई एवं स्वसहायता समुह बी.एम. वाय. उरला के द्वारा वृन्दावन हाल सिविल लाइन में आयोजित किया गया। संस्था की अध्यक्ष शांता छत्तीसगढ़िया ने बताया कि यह सम्मान समारोह का द्वितीय वर्ष है जिसमें मुख्य अतिथि अंजु देवांगन मेलबर्न आस्ट्रेलिया से पहुंची थी।छत्तीसगढ़ के विभिन्न विषय क्षेत्रों में सेवा दे

रहे रत्नों को यह सम्मान छत्तीसगढ़ के पारम्परिक गहनें रूपीया और प्रमाण पत्र देकर किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में लोककला और गायन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले युवा भरथरी कलाकार प्रांजल सिंह राजपूत को भी छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। प्रांजल सिंह राजपूत मुख्यतः मेहता नगर भाटापारा के निवासी है। ये सम्भवतः छत्तीसगढ़ में पहले पुरुष युवा कलाकार है जो लोकगाथा भरथरी गायन करते है।कार्यक्रम में अतिथियों के समक्ष प्रांजल ने भरथरी गायन कर सभी का मन मोह लिया, उपस्थित जनसमूह ने प्रांजल के उज्जवल भविष्य हेतु बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

मोबाइल अकादमी कोर्स में बेमेतरा प्रथम, राज्य स्तर पर सम्मानित

बेमेतरा। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित मोबाइल अकादमी कोर्स में बेमेतरा जिलें ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए 12 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेमेतरा जिले को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जिला डाटा प्रबंधक श्री मयंक जैन ने जिले की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो ग्रहण किया। महत्वपूर्ण योगदान - जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव की देखरेख में यह

सफलता मितानिन समन्वयक श्रीमती ललिता मेरावी, जिला सहायक डेटा प्रबंधक विजय साहू, विकासखंड डाटा प्रबंधकों और समन्वयकों की टीम के सामूहिक प्रयास से संभव हुई। मोबाइल अकादमी कोर्स का महत्व - मोबाइल अकादमी कोर्स, मितानिनों के कौशल को निखारने और उनके कार्य की गुणवत्ता में सुधार के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कोर्स के माध्यम से मितानिनों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 14 ऑडियो पाठ सुनने और 11 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। सफलतापूर्वक 22 अंक अर्जित करने पर मितानिनों को प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। यह कोर्स मुफ्त हैं और मोबाइल फोन पर डॉ. अनीता की आवाज़ के माध्यम से आयोजित होता हैं। किलकारी मोबाइल सेवा का योगदान - इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे ने बताया कि किलकारी मोबाइल सेवा ने डिजिटल माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना सरल बनाया है।

असफल साबित | भाजपा सरकार के 1 वर्ष प्रदेश की जनता के साथ विकास के नाम पर हुआ खिलवाड़

साय सरकार ने 1 वर्ष में जनता से धोखा दिया : भागवत साहू

■ शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष की प्रेसवार्ता

राजनांदगाव/दैनिक नव प्रदेश। शहर जिला कांग्रेस व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में आज आयोजित प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अध्यक्ष भागवत साहू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गारंटी जहां फेल हुई है। वहीं राज्य भी अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनहित के हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है। डबल इंजन की सरकारों ने जनता से विश्वास घात ही किया है।

साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की

भाजपा सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न मना रही है जो कि प्रदेश की जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ मात्र है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप, चोरी, डकैती, लूट, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी, अवैध कारोबार एवं बलात्कार प्रौसी अपराधिक गतिविधियां बढ़ी है। जनहित के मुद्दों पर प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार के एक वर्ष के असफल कार्यकाल से बेहाल छत्तीसगढ़ की स्थिति को आम जनता तक पहुंचाने के उद्?देश्य से 13 से 17 दिसंबर तक चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत की है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है, आए दिन हत्या, लूट, डकैती, गैंगवार, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़ आ गयी है। कलेक्टर, एसपी कार्यालय तक जलाए जा रहे है। भयमुक्त वातावरण देने में यह सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। जनता का आक्रोश चरम पर है, भीड़ अधिकारियों को दौड़ाने लगी। मोदी की गारंटी हुई फेल, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का पादा था, उल्टे विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, संविदा कर्मचारी नौकरी से निकाले जा रहे है। एक लाख पदो पर नियमित सरकारी भर्ती का वादा जुमला निकला। शिक्षकों के 33000 पदों पर सीधी भर्ती को बाधित कर दिया गया है। भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता का वादा झूठा, इंस्पेक्टर भर्ती में बिना अंक सूची जारी किए भर्ती सूची जारी, पीएससी परीक्षा में इंटरव्यू में दिए गए अंकों को लेकर सवाल। किसानों के साथ यादा खिलाफी की गई, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। अधिकतम खरीदी 20 क्विंटल 40 किलो, फर्जी अनावरी रिपोर्ट जारी कर किसानों से तगी की जा रही है।

आडिटोरियम में श्रीकृष्ण लीला, महारास की बिखर रही मनोहारी छटा

राजनांदगांव। शहर के गौरव पथ स्थित आडिटोरियम में वृंदावन से पधारे रास लीला मंडली द्वारा श्री कृष्ण लीला महारास का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रोजाना दोपहर 3 : 30 बजे से आयोजित होने वाले श्री कृष्ण लीला महारास की शहर? मे तीन दिनों तक मनोहारी छटा बिखरी रहेगी है।?शहर के आडिटोरियम में आयोजित भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक लीला व महारास? को देखने के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसके आयोजन कर्ता शहर?

के युगल उपासना मंडल / कस्तूरबा मंडल व आराधना मंच द्वारा बताया गया कि श्री कृष्ण लीला के निर्देशन कर्ता वृंदावन के श्री रासबिहारी जी है। उनकी पूरी टीम द्वारा पूरे साज-सज्जा के साथ? भगवान श्री कृष्ण के मनोहारी लीलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

न्यूज़ गैलरी

जीएसटी में छूट पर होगी चर्चा, जीएसटी परिषद बैठक 21 को

नई दिल्ली। स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती पर जीएसटी परिषद की 21 दिसंबर को होने वाली बैठक में चर्चा हो सकती है। सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती पर जीएसटी परिषद की 21 दिसंबर को होने वाली बैठक में चर्चा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले जीएसटी पर मंत्रिसमूह (जीओएम) ने अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंप दी है।

सेंसेक्स 400 अंक टूटा, निफ्टी 24250 से नीचे

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली का दौर बुधवार को भी जारी रहा। सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर सेंसेक्स 428.09 (0.53%) अंक गिरकर 80,268.36 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 104.35 (0.43%) अंकों की गिरावट के साथ 24,231.65 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट का दौर जारी रहा। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 400 अंकों तक फिसल गया, वहीं निफ्टी 24, 250 के स्तर से नीचे आ गया। रुपया भी शुरुआती कारोबार में एक पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.92 पर पहुंच गया। सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर सेंसेक्स 428.09 (0.53%) अंक गिरकर 80,268.36 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 104.35 (0.43%) अंकों की गिरावट के साथ 24,231.65 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

होंडा और निसान मोटर्स का हो सकता है मर्जर

नई दिल्ली। होंडा मोटर कंपनी और निसान मोटर कंपनी का मर्जर हो सकता है। दोनों कार मेकर्स साथ आकर टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के साथ ग्लोबल मार्केट में कॉम्पिटिशन करने पर विचार कर रही है। होंडा के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट शिंजी आओयामा ने कहा कि होंडा और निसान दोनों कंपनियां मर्जर के अलावा कैपिटल टाइ-अप और होल्डिंग कंपनी बनाने सहित कई अन्य विकल्पों पर भी चर्चा कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मित्सुबिशी मोटर्स कॉर्प भी इस डील में साथ आ सकती है, क्योंकि इसका पहले से ही निसान के साथ कैपिटल टाइअप है।

अंबुजा सीमेंट्स में मर्ज होगी सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट

मुंबई। अडानी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट्स ने अपनी सब्सिडियरी कंपनियों सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज को खुद में मर्ज करने की घोषणा की है। स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के तहत सांघी इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डर्स को हर 100 शेयर के बदले अंबुजा सीमेंट्स के 12 शेयर मिलेंगे। पिछले साल कंपनी करीब 5,185 करोड़ रुपए में सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया था। दरअसल, अंबुजा सीमेंट्स इस वित्त वर्ष के अंत तक अपनी कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 100 मिलियन टन से ज्यादा करना चाहती है। हाल ही में अंबुजा सीमेंट्स ने ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड की 46.8% हिस्सेदारी अधिग्रहण करने की घोषणा की है। अडानी ग्रुप के सीमेंट बिजनेस सीईओ अजय कपूर ने कहा- इस मर्जर का उद्देश्य कंपनी को अधिक प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाना है, जिससे हमारे शेयर होल्डर्स की वैल्यू बढ़ेगी। बेहतर वर्किंग कैपिटल मैनेजमेंट और इंटरनल फंड हमारे बिजनेस ऑपरेशन्स को सपोर्ट करेगा। पेन्ना के पास आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में 4 इंटीग्रेटेड प्लांट हैं और महाराष्ट्र में एक ग्राइंडिंग यूनिट है। इसकी ऑपरेशनल कैपेसिटी 10 MTPA है।

डी-मार्ट के राधाकिशन दमानी सेल्फ मेड उद्यमियों की सूची में पहले नंबर पर

जोमैटो के सीईओ गोयल सेल्फ मेड उद्यमियों की सूची में दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली। हुरुन इंडिया के अनुसार, जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल अब भारत के दूसरे सबसे बड़े सेल्फ मेड उद्यमी हैं। गोयल के बाद उनके प्रतिद्वंद्वी स्विगी के श्रीहर्ष मजेटी और नंदन रेड्डी हैं। सूची में सबसे टॉप पर शेयर बाजार के एक दिग्गज का नाम है। हुरुन इंडिया के अनुसार, जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल अब भारत के दूसरे सबसे बड़े सेल्फ मेड उद्यमी हैं। उनकी कंपनी जोमैटो का मूल्यांकन 190% की तेज वृद्धि दर्ज करते हुए 2,51,900 करोड़ रुपये हो गया है। गोयल के बाद उनके प्रतिद्वंद्वी स्विगी के श्रीहर्ष मजेटी और नंदन रेड्डी हैं। हुरुन के अनुसार, इस साल की शुरुआत में सार्वजनिक हुई स्विगी ने पिछले साल की तुलना में अपने मूल्यांकन में 52% की वृद्धि दर्ज की, और अब यह 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट और हुरुन इंडिया की मिलेनिया 2024 की शीर्ष 200 सेल्फ मेड उद्यमियों की सूची में दलाल स्ट्रीट के दिग्गज और एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डी-मार्ट) के राधाकिशन दमानी इस वर्ष भी नंबर एक पर है। उनकी कंपनी का मूल्यांकन 3.4 लाख करोड़ रुपये है, इसमें पिछले साल की तुलना में मूल्य में 44% की वृद्धि हुई है। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक दीप काालरा और राजेश मागो 99,300 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। 96,100 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अभय सोई इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए जेपी मॉर्गन से रेडियंट लाइफ केयर की स्थापना के लिए धन प्राप्त किया। इसके जरिए दिल्ली में डॉ बीएल कपूर

मेमोरियल अस्पताल और मुंबई में नानावटी अस्पताल का कायाकल्प हुआ। 2019 में, केकेआर से समर्थित रेडियंट लाइफ केयर ने दक्षिण अफ्रीका स्थित लाइफ हेल्थकेयर से मैक्स हेल्थकेयर में 49.7% हिस्सेदारी हासिल की थी। पॉलिसीबाजार के संस्थापक यशीष दहिया और आलोक बंसल इस साल 78,600 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, उनके मूल्यांकन में पिछले साल से 128% की वृद्धि हुई है। हुरुन ने कहा कि इसी अवधि में उनके राजस्व में 36% की वृद्धि हुई है। सूची में अन्य लोगों में ड्रीम 11 के सह-संस्थापक भावित शेठ और हर्ष जैन, जेरोध के सह-संस्थापक निखिल और नितिन कामथ, रेजरपे के सह-संस्थापक हर्षिल माथुर और शशांक कुमार, और नाइका की फल्गुनी नायर का भी नाम शामिल हैं। हुरुन इंडिया के एमडी और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद के अनुसार रिपोर्ट भारत की अर्थव्यवस्था पर सेल्फ मेड उद्यमियों के असाधारण प्रभाव को दर्शाती है, उनके व्यापार का कुल मूल्य 431 बिलियन डॉलर है। उन्होंने कहा, ÷2020 के बाद स्थापित चार कंपनियों का सामूहिक मूल्य अब 69,400 करोड़ रुपये है। ये उद्यमी विकास को गति दे रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इन कंपनियों का कर्मचारी लाभ 49,000 करोड़ रुपये से बढ़कर इस साल 54,000 करोड़ रुपये हो गए हैं। इसका मतलब है कि ये कंपनियों मानव संसाधन पर खर्च कर रही हैं।÷ शीर्ष दस में शामिल गैर-यूनिकॉर्न कंपनियों में एवेन्यू सुपरमार्केट, जोमैटो, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट, मेकमायट्रिप, पॉलिसी बाजार और नाइका शामिल हैं।

भारतीय पेशेवरों को मिल सकता है लाभ

बाइडन प्रशासन ने जाते-जाते एच-1बी वीजा नियमों में ढील दी

नई दिल्ली। अमेरिका में बाइडन सरकार ने वीजा नियमों में ढील दी है। नए नियम 17 जनवरी 2025 से लागू होंगे। उसके बाद वीजा की सभी याचिकाओं के लिए गैर-आप्रवासी कर्मचारी को फॉर्म हू-129 का नया संस्करण भरना पड़ेगा। माना जा रहा है कि बदलाव से अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों को लाभ मिलेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने जाते-जाते एच-1बी वीजा के नियमों में ढील देने का फैसला किया है।

सरकार के इस फैसले से अमेरिकी कंपनियों के लिए विशेष कौशल वाले विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करना आसान हो जाएगा। बाइडन प्रशासन के इस निर्णय के बाद एफ-1 छात्र वीजा से एच-1बी वीजा में आसानी से बदलाव हो सकेगा। बाइडन सरकार के इस कदम से हजारों भारतीय तकनीकी पेशेवरों को लाभ मिलने की संभावना है। अमेरिका में इन दिनों सत्ता

हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही है। नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को दोबारा राष्ट्रपति पद संभालने वाले हैं। एच-1बी वीजा सबसे अधिक मांग वाला एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस वीजा पर निर्भर करती हैं। ऐसे में भारतीय आईटी पेशेवरों को बाइडन प्रशासन के इस फैसले से लाभ मिल सकता है। मंगलवार को होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की ओर से घोषित इस नियम का उद्देश्य विशेष पदों और गैर-लाभकारी व सरकारी अनुसंधान संगठनों के लिए नियमों को आधुनिक बनाकर नियोक्ताओं और श्रमिकों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है। इन संगठनों के लिए एच-1बी वीजा की सीमाओं में छूट दी गई है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन बदलावों से अमेरिकी नियोक्ताओं को अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार नियुक्ति करने और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिलेगी। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डीएचएस के अनुसार, यह नियम वैसे एफ-1 वीजाधारक छात्रों के लिए लचीलापन लाएगा, जो अपनी स्थिति को एच-1बी में बदलना चाहते हैं। इससे अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवाओं (यूएससीआईएस) को उन अधिकांश व्यक्तियों के आवेदनों पर अधिक तेजी से कार्रवाई करने में मदद मिलेगी, जिन्हें पहले एच1-बी वीजा के लिए मंजूरी मिल चुकी थी। होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव एलेजांद्रो एन मयोरकास ने कहा, अमेरिकी व्यवसाय उच्च कुशल प्रतिभाओं की भर्ती के लिए एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर निर्भर हैं, जिससे देश भर के समुदायों को लाभ मिल रहा है।

विकास इकोटेक लिमिटेड को टॉप 75 'इनोवेशन कंपनीज़' में से एक होने का सम्मान

नई दिल्ली। प्लास्टिक और रबर इंडस्ट्रीज के लिए स्पेशलिटी पॉलिमर और स्पेशलिटी एडिटिव्स और केमिकल्स के कारोबार में अग्रणी कंपनी विकास इकोटेक लिमिटेड (बीएसईः 530961, एनएसईः VIKASECO) ने इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) इंडस्ट्रियल इनोवेशन 2024 में टॉप 75 'इनोवेटिव कंपनियों' में से एक होने की घोषणा की है।

कंपनी को 12-13 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के द ललित होटल में आयोजित सीआईआई वार्षिक शिखर सम्मेलन 2024: सीआईआई इंडस्ट्रियल इनोवेशन अवार्ड्स 2024 समारोह में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह इसकी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अवॉर्ड विनर्स के प्रतिनिधियों को विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्तियों द्वारा सुविधा प्रदान की गई, जिन्होंने इनोवेशन और इंडस्ट्री के नेतृत्व में कंपनी के विकास महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह पुरस्कार विकास इकोटेक लिमिटेड के बेहतरीन परफॉर्मेंस, इनोवेशन के लिए उनकी कमिटमेंट और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और रिसर्च और डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की पुष्टि करता है। विशेष रूप से, यह नैनोकंपोजिट्स, वेस्ट मैनेजमेंट और इलेक्ट्रो मैग्नेटिक इंड्यूस्ड (ईएमआई) शील्डिंग पर आधारित इंटेलिजेंट कोटिंग्स के क्षेत्र में कंपनी को आगे बढ़ाने की मान्यता देता है और उजागर करता है।

यह सम्मान और पुरस्कार कंपनी की पहचान को ग्लोबल मार्केट में एक अग्रणी के रूप में मजबूत करता है। साथ ही, यह कंपनी को लगातार नई चीजें बनाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे बेहतर बिजनेस ऑपर्च्युनिटीज और इन्वेस्ट मिलते हैं और कंपनी का विकास जारी रहता है। कॉन्फेडरेशन ऑफइंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) भारत में एक प्राइमरी इंडस्ट्री एसोसिएशन है, जो पॉलिसी एडवोकेसी, बिजनेस प्रमोशन और ग्लोबल पार्टनरशिप की फैसिलिटी के माध्यम से इकोनॉमिक प्रोग्रेस को बढ़ावा देने और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।

सोने का बढ़ता आयात आर्थिक स्थिरता और व्यापार संतुलन के लिए खतरा

दिल्ली। भारत में सोने का बढ़ता आयात आर्थिक स्थिरता और व्यापार संतुलन के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। इस पर तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। भारत का सोने का आयात चिंताजनक रूप से बढ़ गया है। इससे व्यापार संतुलन और आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा पैदा हो गया है। सरकार को इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने मंगलवार को कहा, आयात बढ़ने के पीछे बढ़ती निवेश मांग, टैरिफ में कटौती और व्यापार समझौतों में खामियां जैसे कई कारक शामिल हैं। आयात में तेजी से व्यापार संतुलन बिगड़ने के साथ?रुपया कमजोर हो रहा है। चालू खाता घाटा भी बढ़ गया है। देश का सोना आयात नवंबर, 2024 में सालाना आधार पर चार गुना बढ़कर 14.86 अरब डॉलर पहुंच गया। घरेलू स्वर्ण आभूषण की खपत मूल्य के लिहाज से 2024-25 में सालाना आधार पर 14-18 फीसदी बढ़ेगी। 2023-24 में खपत 18 फीसदी बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा, सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। लेकिन उपभोक्ता भावनाओं में सुधार और त्योहारी मांग ने हाल के महीनों में खपत में वृद्धि को बढ़ावा दिया।

विशाल मेगा मार्ट के शेयरों की बाजार में दमदार एंट्री

नई दिल्ली। विशाल मेगा मार्ट के शेयरों की बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में मजबूत लिस्टिंग हुई। सेंसेक्स पर कंपनी के शेयर 41% प्रीमियम के साथ 110 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसके शेयर 33% प्रीमियम के साथ 104 रुपये पर खुला। विशाल मेगा मार्ट के शेयरों की बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में मजबूत लिस्टिंग हुई। सेंसेक्स पर कंपनी के शेयर 41% प्रीमियम के साथ 110 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसके शेयर 33% प्रीमियम के साथ 104 रुपये पर खुला। हालांकि, लिस्टिंग के बाद शेयरों में एक प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ भी पूरी तरह से ओएफएस (ऑफर फॉर सेल) था, लेकिन इसे निवेशकों से

अच्छा रिस्पॉन्स मिला। खासकर क्यूआईबी श्रेणी के निवेशकों ने इसमें खासी रुचि दिखाई और 85 गुना से अधिक बोली लगाई। हालांकि, ओएफएस से जुड़ी चिंताओं के कारण खुदरा निवेशकों की रुचि कम दिखी। कंपनी की भारत के बढ़ते मध्यम और निम्न-मध्यम आय वर्ग की जरूरतों को पूरा करने पर बहुत अधिक ध्यान है, जो रणनीतिक रूप से कम पहुंच वाले बाजारों में केंद्रित है। कंपनी अपने विविध व्यापारिक मिश्रण और मूल्य निर्धारण का लाभ उठाते हुए अपने व्यवसाय मॉडल क्षमता के साथ ग्राहकों को आकर्षित करने और बनाए रखने में सफल रही है। जानकारों ने बाजार की धारणा में सुधार और अन्य सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के शेयरों की 20-25% के प्रीमियम पर शेयरों के लिस्ट होने का अनुमान लगाया था। विशाल मेगा मार्ट एक फैशन-केंद्रित हाइपरमार्केट चेन है जिसकी पूरे भारत में मजबूत उपस्थिति है। जनरल मर्चेंडाइज सेक्शन में ट्रैवल उत्पादों के साथ-साथ होम और किचन अप्लायंसेस हैं, जबकि फूड और ग्रॉसरी सेक्शन में व्यक्तिगत और घरेलू देखभाल की आवश्यक वस्तुओं सहित खाद्य आइटम की एक श्रृंखला है। कंपनी का वर्तमान में बाजार पूंजीकरण 35,168.01 करोड़ रुपये है। वित्त24 में, कंपनी ने साल-दर-साल 17.41% की राजस्व वृद्धि हासिल की, जबकि कर के बाद इसका लाभ 43.78% बढ़ा।बुधवार को आईपीओ में फिनटेक कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ भी जबरदस्त तेजी के साथ लिस्ट हुआ।

खेल, मनोरंजन

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा टेस्ट ड्रॉ

पांचवें दिन तेज बारिश के बाद लिया गया फैसला

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जा रहा है। गाबा टेस्ट का आज पांचवां और आखिरी दिन है। भारतीय कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम की पहली पारी 260 रन पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था, लेकिन बारिश की वजह से अंपायर ने पांचवें दिन मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में भारत ने अपनी

दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए थे। हालांकि, इसके बाद बारिश ने आगे का खेल नहीं होने दिया और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 260 रन पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 185 रन की बढ़त हासिल थी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 89 रन बनाए थे और उनकी कुल बढ़त 274 रन की हुई थी। यह पूरा मैच बारिश से बाधित रहा।

खराब रोशनी की वजह से खेल फिर रुक गया है। गाबा के ऊपर काले बादल मंडरा रहे हैं। इसी के साथ पहले ही चायकाल ले लिया गया। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल 'चार-चार रन बनाकर क्रीज पर हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 89/7 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित की थी।

भारत की दूसरी पारी की शुरुआत हो चुकी है। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल क्रीज पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने गेंदबाजी की शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया के पास तीन ही तेज गेंदबाज हैं। स्टार्क और कमिंस के अलावा टीम के पास मिचेल मार्श हैं। हेजलवुड चोटिल होकर पहले ही इस टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। पहले ओवर में तीन रन बने।

कप्तान पैट कमिंस के आउट होते ही ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। कमिंस को बुमराह ने राहुल के हाथों कैच कराया। वह 10 गेंद में 22 रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 89 के स्कोर पर घोषित कर दी। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 185 रन की बढ़त हासिल थी। इस तरह उनकी कुल बढ़त 274 रन की हुई और भारत को 275 रन का लक्ष्य मिला है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। भारत ने बुधवार को नौ विकेट पर 252 रन से आगे खेलना शुरू किया और आज सुबह 260 रन पर सिमटी थी। आकाश दीप 31 रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद बारिश की वजह से करीब दो घंटे खेल बाधित रहा।

रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

दिल्ली। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।38 साल के अश्विन ने गाबा टेस्ट खत्म होते ही रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। उन्होंने कहा, इंटरनेशनल क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा।जब मैं पर्थ आया तो अश्विन ने मुझे रिटायरमेंट की बात बताई थी। मैंने उन्हें पिंक बॉल टेस्ट तक टीम में बने रहने के लिए मनाया था। अगर कोई खिलाड़ी फैसला लेता है तो उसका सम्मान किया जाना

चाहिए। वे कल भारत लौट जाएंगे।टेस्ट में 537 विकेट लिए अश्विन ने 2010 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट हासिल किए। अश्विन ने 37 फाइव विकेट हॉल हैं और 8 बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 156 वनडे विकेट भी हासिल किए। टी-20 में अश्विन ने 72 विकेट चटकाए।अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल 6 टेस्ट शतक लगाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम कुल 8 शतक रहे।सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने वाले भारतीय अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल हैं, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए अश्विन ने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। वे इंग्लैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट मिलाकर 53 मैचों में खेले और 150 विकेट लिए।

न्यूज़ गैलरी

चैपाटी में बवाल, पति-पत्नी और वो भिड़े

कोरबा/नवप्रदेश। देर शाम चैपाटी में जमकर बवाल मचा, एक महिला ने अपने पति को उसकी कथित प्रेमिका के साथ चैपाटी में देख लिया, इस दौरान व्यक्ति की प्रेमिका ने पत्नी से मारपीट कर जमकर हंगामा किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार अपनी कथित प्रेमिका के साथ कोरबा के ओपन थिएटर कार में चैपाटी पहुचे पति का सामना अचानक पत्नी से हो गया। इस दौरान दम्पत्ति में कहासुनी शुरू हो गई। प्रेमिका के चक्कर मे आपा खोए पति ने पत्नी से मारपीट कर दी। और प्रेमिका ने भी उसका साथ दिया।पीड़िता के जोर जोर से चिल्लाने पर चैपाटी के लोग हरकत में आए। इस दौरान प्रेमिका ने वीडियो बनाने पर एक अन्य युवती का मोबाइल छीनकर पटक दिया। जीससे उसका मोबाइल टूट गया। इस ड्रामा को देखने के लिए लोगों के भीड़ जुट गई काफी देर तक यह ड्रामा चलते रहा,अंत मे तमाशा खत्म होने के बाद पुलिस मौके स्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइस दिया गया।

कोरबा में पड़ोसी जिले का धान 170 कट्टी जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। पड़ोसी जिले से लाए जा रहे धान को टीम ने जप्त किया है। यह कार्यवाही बगदेवा चेक पोस्ट पर की गई है। चेक पोस्ट पर पहुंचे माल वाहन क्रमांक बह 10 इम 0475 को रोक कर पड़ताल की गई तो ग्राम गिधौरी जिला बिलासपुर निवासी प्रह्लाद कुमार कश्यप द्वारा 70 क्विंटल (120 कट्टी) धान अंतरजिला परिवहन करना पाया गया। अंतरजिला से धान कोरबा जिले के पोड़ी पाली लाए जाने पर जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पंचायत सचिव निलंबित

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत शरमा के सचिव दयाशंकर साहू को लाखों रुपए के गबन के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई ग्राम पंचायत शरमा के ग्रामीणों द्वारा गबन की शिकायत किए जाने के बाद की गई हैबता दें, बीते दिनों ग्रामीणों ने भूख हड़ताल और अनशन पर बैठकर सचिव दयाशंकर साहू पर गबन के आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी. जिसके बाद पंचायत अधिनियम के तहत सचिव पर यह कार्यवाही की गई है.

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर रायपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ हैं। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा हैं। दरअसल बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। यह हादसा देर रात गुरु कृपा ढाबा के पास हुआ। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हैं। वही अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

पदोन्नति के साथ चार अभियंताओं को नई जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने इंजीनियरों के प्रमोशन और ट्रांसफर ऑर्डर जारी किए हैं। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के अधिकारियों का प्रमोशन और ट्रांसफर हुआ है। इसमें जयंत सिन्हा को सहायक संचालक से उप संचालक बनाया गया है, और उन्हें दुर्ग के क्षेत्रीय कार्यालय से संचालनालय में पोस्टिंग दी गई है। जबकि बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ क्रांति अशोक कुमार को कार्यपालन अभियंता के पद से प्रमोट कर अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। इन्हें बिलासपुर के क्षेत्रीय कार्यालय से संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में पदस्थ किया गया है। जबकि विनिता वर्मा और दीपक कुमार खाण्डे को सहायक अभियंता से कार्यपालन अभियंता बनाया गया है। दोनों ही अधिकारी अपने पूर्ववर्ती जगहों में पदस्थ रहेंगे।

चाकू लेकर घूम रहे तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकुबाजो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। विवरण इस प्रकार है कि मुखबिर से सूचना मिला की अच्छी तालाब के पास भाटा गांव में कुछ लड़के लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं। अवैध रूप से चाकू रखे हुए हैं, की सूचना पर तत्काल कोई गंभीर अपराध की घटना घटित न हो की आशंका पर घटनास्थल पर रवाना हुआ आरोपियान पुलिस को देखकर भागने की कोशिश किए किन्तु पुलिस के तत्परता से तीनों आरोपी भागने में असफल रहे। तीनों लड़कों को पकड़ कर तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एक -एक नग लोहे का चाकू अवैध रूप से रखे मिला।

कौन बनेगा बीजेपी का अध्यक्ष, किसकी हैं चर्चा
पुरानी गलती दोहराएगी पार्टी या नए को मिलेगा मौका

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के लिए रेस शुरू हो गई है। जिले में 30 दिसंबर तक नए अध्यक्ष चुना जाना तय है और सर्व सम्मति बनाने का आदेश भी संगठन के नेताओं को पहुंच चुका है। गुटों में बंटी जिला भाजपा के नेता मंडल चुनाव में अधिक से अधिक अपने लोगों को अध्यक्ष व महामंत्री बनाने की कोशिश में लगे हैं। इसके अलावा संगठन चुनाव के लिए उम्र सीमा भी बड़ा फैक्टर साबित हो रही है। उम्र सीमा की वजह से कई दावेदार इस दौड़ से बाहर हो गए हैं। जो अब पर्दे के पीछे से अपने गुट के लोगों को ज्यादा से ज्यादा अध्यक्ष व महामंत्री बनाने में जोश आजमाइश कर रहे हैं।

इन नामों की चर्चा

अध्यक्ष पद की रेस में मृदुभाषी व सरल स्वभाव के धनी संतोष देवांगन का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। अगर मंत्री के खेमे की चली तो पाली के संजय भवनानी की ताजपोशी भी हो सकती है। पार्टी के सीनियर नेता गोपाल मोदी भी रेस में बने हुए हैं। गोपाल मोदी मुख्यमंत्री के करीबी भी माने जाते हैं साथ ही संगठन को चलाने के लिए आर्थिक संसाधन की जरूरत पड़ती है उसमें में गोपाल मोदी सभी दावेदारों में भारी पड़ रहे है। हालांकि पिछले पांच सालों तक विपरीत समय मे संगठन को चलाने का पूरा दारमोदार विकास महतो ने भी संभाल रखा था, इसलिये उनके पसंद को भी नकारा नहीं जा सकता। भाजपा के खेवनहार के लिए एक और नाम नीरज शर्मा की होने लगी है। बताते है पार्टी के अनेक पदों सेवा करते रहे है। वही जनसंघ (मीसा बंदी) परिवार से तालुक रखने की वजह से उनके नामो पर पार्टी विचार कर सकती है।

इनके अलावा अध्यक्ष पद की दौड़ में टिकेश्वर राठिया और रेणुका राठिया का नाम शामिल है। दोनों आदिवासी वर्ग से संबंधित दोनों नेता, जिनका नाम आदिवासी प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए सामने आया है। दीपका के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा को जिले में बड़े पद की कमान संभालने का मौका मिल सकता है।

बदलाव जरूरी, वर्तमान अध्यक्ष को दोबारा मौका मिलना मुश्किल, गुटबाजी की दिल्ली तक हो चुकी है शिकायत

बता दें कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कोरबा जिले में बीजेपी का प्रदर्शन प्रदेश में सबसे कमजोर रहा है। यहां पूरी ताकत लगाने के बाद भी कांग्रेस की ज्योत्सना महंत चुनाव जीत गईं। जिले की चार विधानसभा सीट में से बीजेपी केवल एक सीट ही जीत पाई। इसके पीछे जिला संगठन में गुटबाजी को बताया जा रहा है। ऐसे वर्तमान डॉक्टर राजीव सिंह को दोबारा जिले की कमान मिलने में संशय बना हुआ है। बता दें कोरबा जिला संगठन की गुटबाजी से चुनाव में मिली हार की शिकायत दिल्ली तक हुई है। अब जब नए संगठन चुनाव होने हैं तो बीजेपी अपनी पुरानी गलती दोहराएगी ऐसा नहीं लगता है। फिलहाल चुनाव में क्या नतीजें आते हैं इसके लिए इंतजार करना होगा।

अंतागढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र : कोपा ट्रेड में बदहाली

दो कंप्यूटर के भरोसे 45 विद्यार्थी अपनी बारी के लिए कर रहे इंतजार

अंतागढ़ /नवप्रदेश। अंतागढ़ के कलगांव स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का स्थापना 2007 में हुआ था इस संस्था की शुरूआत 5 ट्रेड के साथ हुई थी जिसमें प्रमुख रूप से कोपा फिटर इलेक्ट्रिशियन स्टेनो व डीजल मेकेनिक ट्रेड है । जिसमें क्षेत्र के युवक युवतियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित कर रोजगार स्वरोजगार के अवसर देना आईटीआई का मुख्य उद्देश्य था ...! शुरुआत में तो सब ठीक ठाक चला लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया संस्था के संसाधन कमजोर व खराब होते गए संस्था द्वारा समय समय मांग भी होती रही पर कोई इस और ध्यान नहीं दिया गया और जो है उसी से मेंटनेंस कर काम चलाया जा रहा है वर्तमान स्थिति की जिसमें कोपा ट्रेड में आसपास व दूर दराज से आए 45 बच्चे प्रशिक्षण ले रहे है और 45 बच्चों के लिए संस्था के पास मात्र 5 कंप्यूटर उपलब्ध है उसमें से भी चालू अवस्था में मात्र 2 कंप्यूटर जिससे कोपा में प्रशिक्षण ले रहे छात्रों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है आप खुद ही अंदाजा लगा सकते है कि दो कम्प्यूटर पर 45 छात्र छात्राएं किस प्रकार प्रशिक्षण ले रहे होंगे वहीं अगर गुणा भाग किया जाए तो एक कंप्यूटर में 22 से 23 छात्र छात्राएं प्रशिक्षण ले रही है ऐसी स्थिति प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर एक सवाल खड़ा करता है वही छात्रों ने बताया कि प्रैक्टिकल के लिए उन्हें लंबी पारी का इंतजार करना पड़ता है वही प्रशिक्षक का साफ कहना है स्थापना वर्ष 2007 के बाद से यहां कोई नई प्रशिक्षण सामग्री नहीं आई और समय समय पर संस्था प्रमुख द्वारा डायरेक्टर संचनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है पर अब तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई

संस्था के प्रशिक्षक समीर देवांगन का कहना है प्रैक्टिकल के वक्त हर एक छात्र छात्राएं के कंप्यूटर होना चाहिए। कि फिलहाल 45 छात्र छात्राएं है और दो यूनिट का व्यवसाय चलता है जिसमें 1 यूनिट के हिसाब से 24 कंप्यूटर होना चाहिए जिसे दो शिफ्टों में जलाया जा सकता लेकिन अभी संस्था में मात्रा दो कम्प्यूटर है जिसमें छात्र छात्रों को प्रैक्टिकल करने में बहुत लंबा इंतजार करना पड़ता है ।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में एक सप्ताह से कोयले में लगी है आग

कोरबा/नवप्रदेश। कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना साउथ ईस्ट कोल लिमिटेड (एसईसीएल) की कुसमुंडा परियोजना खदान के 29 नंबर कोल स्टॉक में पिछले एक सप्ताह से कोयले के ढेर में आग लगी हुई है। यहां मौजूद कोयले का चूरा और अच्छे कोयले के ढेर में लगी यह आग बुझाये नहीं बुझ पा रही है।

बताया जा रहा हैं की आग बुझाने के फेर में टैंकरों टैंकर पानी यहां खपाए जा रहे हैं और आग बुझाने के दौरान धुएं का उड़ता गुबार भी नजर आता है। कड़ाके की ठंड में जब ओस की बूंदे भी कोयले की परतों पर चढ़ रही हैं, तब भी यह आग बुझ नहीं पा रही है।

एसईसीएल के अधिकारियों ने बताया कि आग को बुझाने के लिए विशेषज्ञों की टीम लगाई गई है, लेकिन आग को पूरी तरह से बुझाने में समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि आग के कारण कोयले की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, लेकिन इसका असर खदान के उत्पादन पर नहीं पड़ेगा। आग के कारण आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग के कारण उनके घरों में धुआं और कोयले की गंध आ रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

तेज रफ्तार बाइक हाइवे पर पलटी, दो गंभीर

कोरबा/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे पर पाली से कटघोरा के बीच एक तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। इन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पाली में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शिवनंदन टेकाम पिता किताब सिंह टेकाम, निवासी ग्राम ढुकुपथरा और बृजलाल निवासी कपोट पल्सर बाइक क्रमांक सीजी-12 बीओ-5519 पर सवार होकर ग्राम कपोट जा रहे थे कि ग्राम चटुवाभौना के निकट अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और काफी दूर तक घिसटने के बाद रुकी। हादसे में दोनों ही सवारों को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटे आई है।इसकी सूचना हाईवे इमरजेंसी सेवा को दी गई।एंबुलेंस के माध्यम से पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने त्वरित चिकित्सा मुहैया कराई लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। दोनों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

बस्तर ओलिंपिक में जीतकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर आयोजित बस्तर ओलिंपिक के विकासखंड, जिला एवं संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। इस बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा जिले से कुल 345 विजेता खिलाड़ियों ने 11 खेलों में भाग लिया। ज्ञात हो कि संभागीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से पहले 8 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में एनआईएस प्रशिक्षकों और व्यायाम शिक्षकों द्वारा खेल की बारीकियां सिखाई गईं थीं। इस प्रकार कबड्डी (सीनियर वर्ग): महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान,एथलेटिक्सः में 5 स्वर्ण, 1 रजत, 7 कांस्य,बैडमिंटनः में 1 स्वर्ण। वेटलिफिटंगः में 2 स्वर्ण, 1 रजत, 7 कांस्य,वॉलीबॉलः में 1 रजत, 1 कांस्य।कराटे मेंः 2 कांस्य अतः कुल मिलाकर, दंतेवाड़ा जिले के खिलाड़ियों ने 43 पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया।इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिले की प्रतिभाशाली जूनियर एथलीट कु. सुशीला कुहरामी को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों के साथ डांस कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा ने विजेताओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर

सीईओ जयंत नाहटा ने कहा कि खेल जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में है। अगले एक-डेढ़ वर्षों में दंतेवाड़ा को खेल हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा स्पोर्ट्स सिटी निर्माणः जावंगा, गीदम में,उच्च गुणवत्ता वाली खेल संरचनाः सभी विकासखंडों में,एनआईएस प्रशिक्षकों की नियुक्तिः खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए।खिलाड़ियों की मांग पर 12वीं के बाद प्रशिक्षण हेतु खेल परिसर की स्थापना के निर्देश। दिए गए

इस मोके पर सहायक आयुक्त के.एस. मसराम,सहायक खेल अधिकारी प्रदीप सिंह उपस्थित थे।

सुन लो सरकार ... *अनुदेशकों ने लगाया अधीक्षक व अधीक्षिका पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप*

रेसिडेंशियल विद्यालय में कम वेतन में अधिक काम, तानाशाही से स्टाफ हलाकान

संजय लिखितकर

बीजापुर/नवप्रदेश । संभाग के चार जिलों में राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा संचालित बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय (पोटाकेबीन) में पदस्थ अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का हालत हंगामा फिल्म के कलाकार राजपाल यादव के समान है। अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं को मंदिर का घंटा बनाकर रखा है। हमेशा अधीक्षिका एवं अधीक्षक व अधिकारी भय बना रहता है। अनुदेशकों का कहना है कि अधीक्षक व अधीक्षिका अपने पद का रुतबा कायम कर इन अनुदेशकों का वेतन भी काट लेते हैं। कम वेतन में अधिक कार्य, ऊपर से मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान। ना ही शासन की सुविधा का लाभ ना अन्य लाभ? चौबीस घंटे सेवा के बाद भी सुध लेना ना शासन ने समझा ना ही प्रशासन ने।

तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 15 वर्ष पहले अति पिछड़े क्षेत्रों में सूदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों के गरीब आदिवासी बच्चे जो शिक्षा से वंचित या यों कहें कि शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा देने के लिए आवासीय विद्यालय में ब्रीज पाठ्यक्रम लागू किया, जिससे की पालकों में शिक्षा के अलख जगे। जिसका ग्रामीणों में सकारात्मक परिणाम मिला। जिसमें बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाओ का विशेष ध्यान रखा गया। तत्कालीन केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वितीय कार्यकाल में 2009 में प्रस्ताव पारित कर ब्रीज पाठ्यक्रम के स्थान पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन का गठन किया गया। जिसमें बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय पोटाकेबीन संचालित किया गया। अतिसंवेदनशील और अति पिछड़े सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व शाला त्यागी बच्चों को

शिक्षा प्रदान करने का उद्देश्य था। पोटाकेबीन में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का भर्ती किया गया। इन लोगों का कार्य सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर शिक्षा से वंचित व शाला त्यागी बच्चों को लाकर शिक्षा, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना।

संभाग में चार जिल सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर राजीव गांधी शिक्षा मिशन में कार्यरत अनुदेशकों की संख्या लगभग -900 है।लेकिन अनुदेशक और अनुदेशिकाओं का ध्यान ना तो शासन,ना ही प्रशासन रख रहा है। विगत पंद्रह वर्षों से शासन प्रशासन द्वारा इन्हें आश्वासन का झुनझुना थमा रहा है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस सरकार सभी ने मुंह फेर लिया। अनुदेशक और अनुदेशिकाओं दोनों नियमित शिक्षकों की भांति कार्य कर रहे हैं। नियमित शिक्षकों को 50- 60 हजार रुपए मासिक वेतन है। लेकिन अनुदेशक व अनुदेशिकाओं को मात्र 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। इन्हें प्रारंभ में 12 सौ रुपए मिलता था। तत्कालीन कलेक्टर अनुराग पांडे ने अनुशंसा कर ढाई हजार रुपए बढ़ाया जो एक माह मिला लेकिन बाद में पुनः10 हजार रुपए दिया जा रहा है। वहीं मुख्य रसोईया का 14 हजार और सहायक रसोईया का 12 हजार रुपए माह वेतन है। जबकि दोनों की नियुक्ति एक ही जगह है तो अनुदेशको उतना वेतन क्यों नहीं?नियमित शिक्षकों की भांति अनुदेशक शिक्षक डायरी, बच्चों की हाजिरी लेना, अंकसूची में हस्ताक्षर करना बीमार बच्चों को इलाज के अस्पताल ले जाना आदि कार्य करते हैं। साथ ही चौबीस घंटे सेवा देते हैं। अनुदेशकों द्वारा शिक्षित बच्चे आज शासकीय सेवाओं में है,आज अनुदेशको से पांच गुना वेतन पा रहे हैं। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी भी अनुदेशको द्वारा कराया जा रहा है इन प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण बच्चे डाक्टर और इंजीनियर कालेज में अध्ययनरत हैं।आखिर शासन प्रशासन इनके साथ भेदभाव क्यों कर रहा है? नियमित शिक्षकों में किसी कारणवश मौत हो जाती है तो उन्हें अनुकंपा नियुक्ति लेकिन कुछ अनुदेशक की मृत्यु होने के बाद आज भी उनका परिवार मुफलिसी का जीवन गुजार रहा है।

अनुदेशक संघ ने इस संबंध में बड़े बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री को अनेक बार ज्ञापन सौंपा लेकिन वह भी ढांक के तीन पात रहे। जितने भी मीटिंग या प्रशिक्षण होता है वहां अनुदेशक अपने स्वयं के व्यय पर जाते हैं। उन्हें किसी प्रकार का भत्ता नहीं मिलता। ना ही सत्तापक्ष और ना ही विपक्ष इन अनुदेशकों पर ध्यान दें रहा है। सब अनुदेशकों को आशा है कि विपक्ष द्वारा अनुदेशक की समस्या को विधानसभा सत्र में जोर शोर से उठाया जाएगा?

आईजी ने ली वरिष्ठ अफसरों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेष मिश्रा एवं नवपदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह द्वारा सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एक वर्ष से लंबित पुराने अपराधों का निकाल प्राथमिकता के आधार पर करते हुये जीरो करने कहा गया। सायबर संबंधी मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने, किसी भी प्रकार की माइक्रो फायनेंस कंपनी पर त्वरित कार्यवाही करने तथा सभी अपराधों के आरोपियों अपराध दर्ज होते ही यथाशीघ्र गिरफ्तार करने निर्देषित किया गया। महिलाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने, नशे के सामग्रियों को पकडऩे के दौरान उसके अंतिम सप्लाई चैन व आरोपियों की तस्दीक कर कार्यवाही करने, पिट एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के निर्देश देने के साथ ही घुमंतु/विक्षिप्त प्रवृत्ति के लोगों को न्यायालय के आदेशानुसार सुधार गृह में भेजने कहा गया। नवपदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह द्वारा संपूर्ण समय बेसिक पुलिसिंग पर फोकस करने विजिबल पुलिसिंग पर जोर देते हुये शाम को सभी अधिकारियों को फील्ड में उपस्थित रहने समस्त थाना प्रभारियों को थाने में स्वयं गणना लेने तथा रात्रि में गष्त पार्टी रवाना करने के पष्चात् थाना छोडऩे कहा गया। समस्त थाना प्रभारीगण को ड्यूटी के दौरान प्रत्येक समय मेनपेक सेट का उपयोग करने। सेट पर उपस्थित रहने निर्देशित किया गया। शासकीय मोबाईल नंबर को एक्टिव रखकर इसी का अधिकाधिक उपयोग करने कहा गया। प्रत्येक दिन संध्या के समय समस्त थाना प्रभारियों को अपने थानों के अधिक से अधिक बल के साथ डण्डा/केन के साथ क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देष दिये गये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654